राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 127
लखनऊ, मंगलवार 24 दिसंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



समस्याओं के समाधान की तय होगी जवाबदेही : केशव प्रसाद मौर्य 03

वैदिक शिक्षा का प्रचार कर रहा श्रद्धानंद गुरुकुल : धामी 12

## भारत के प्रयागराज में पहली बार आयुष महाकुम्भ दो जनवरी से

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** आयुष क्षेत्र में संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी विश्व में पहली बार प्रयागराज में 2 से 6 जनवरी को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में ग्लोबल आयुष महाकुम्भ का आयोजन करेगा। आयुष को अपने देशों में लागू करने के लिए पांच देशों से एएमयू भी किया गया है।

कार्यक्रम में आयुष मंत्री दया शंकर मिश्र, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नन्दी तथा महापौर गणेश केसरवानी उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी संस्था के सचिव श्रवण शुक्ला ने सोमवार को सिविल लाइन स्थित एक होटल में पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि इसमें 36 प्रकार के वर्गों में विभिन्न प्रकार की नेचुरोपैथिक, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों के वितरण केंद्र, फूड स्टॉल, शिल्पकला, गृह उद्योग, हस्तशिल्प एवं प्राकृतिक जड़ी बूटियों से बने उत्पाद प्राकृतिक चिकित्सा, योगा एवं अन्य सेवाओं सम्बंधित सेवा केंद्र तथा निःशुल्क ओपीडी का इंतजाम भी किया गया है।

**▸ पांच देशों से संजीवनी वेलफेयर सोसाइटी ने किया समझौता**

## अब 5वीं व 8वीं कक्षा में फेल होने पर विद्यार्थी अगली क्लास में नहीं जा सकेंगे

### केंद्र सरकार ने बच्चों को निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमों में संशोधन करते हुए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को किया खत्म

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमों में संशोधन करते हुए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है। इससे अब राज्यों को पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा में फेल होने पर भी अगली कक्षा में भेजने की बाध्यता से मुक्ति मिल गई है।

संशोधित नियम के तहत 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा में असफल हो जाने वाले विद्यार्थियों को दो महीने के दोबारा परीक्षा देनी होगी। यदि वे दोबारा भी सफल नहीं होते हैं तो उनको अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने सोमवार को कहा कि मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि पांचवीं और आठवीं कक्षा में सभी प्रयास करने के बाद यदि रोकने की आवश्यकता पड़े तो रोका जाए। इसमें यह भी प्रावधान किया गया है कि आठवीं कक्षा तक किसी भी बच्चे को स्कूल से निष्कासित नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हम यह भी चाहते हैं कि बच्चों का लर्निंग आउट कम बेहतर हो। इसको प्रयास में लाने के लिए पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान भी दिया जा सकेगा। नियमों में किये गये बदलावों से यह संभव हो सकेगा।

**केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार, निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (2009 का 35) की धारा 38 की उपधारा (2) के खंड (च क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2010 का और संशोधन करने के लिए नियम बनाती है। इन नियमों का संक्षिप्त नाम निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (संशोधन) नियम, 2024 है। ये सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू हो गए हैं।

**कक्षा आठ पूरी करने तक स्कूल से नहीं निकाला जाएगा बच्चा**

राज्य प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के अंत में कक्षा 5 और 8 में नियमित परीक्षाएं आयोजित कर सकते हैं और यदि कोई छात्र असफल होता है तो उन्हें अतिरिक्त निर्देश दिया जाएगा और दो महीने बाद परीक्षा में फिर से बैठने का मौका दिया जाएगा। हालांकि, आरटीई अधिनियम इस बात पर जोर देता है कि किसी भी बच्चे को कक्षा 8 पूरी करने तक स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। प्रधानाचार्यों को अनुत्तीर्ण बच्चों की सूची बनाए रखने, इन कक्षाओं में अनुत्तीर्ण बच्चों के लिए विशेष इनपुट के प्रावधानों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करनी होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फिल्ममेकर श्याम बेनेगल का 90 की उम्र में निधन

**मुंबई।** प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता श्याम बेनेगल का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया है। उन्होंने मुंबई सेंट्रल के वोकहार्ट अस्पताल में शाम 6.38 बजे आखिरी सांस ली। उनकी बेटी पिया बेनेगल ने बताया, वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। दो साल पहले उनकी दोनों किडनी खराब हो गई थीं। उसके बाद से उनका डायलिसिस के साथ इलाज चल रहा था। श्याम बेनेगल के नाम सबसे ज्यादा नेशनल अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड है। उन्हें 8 फिल्मों के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। श्याम बेनेगल की फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को बेहतरीन कलाकार दिए, जिनमें नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, अमरीश पुरी, अनंत नाग, शबाना आजमी, स्मिता पाटिल और सिनेमेटोग्राफर गोविंद निहलानी प्रमुख हैं।

### विदेश मंत्री आज से अमेरिका के छह दिवसीय दौरे पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार से अमेरिका के छह दिवसीय दौरे पर जाएंगे। डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यह भारत से अमेरिका की पहली उच्चस्तरीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इसके अनुसार विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 24-29 दिसंबर तक संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करेंगे। वह प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए समकक्षों से मुलाकात करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूत के एक सम्मेलन की भी अध्यक्षता करेंगे।

### बिहार के पूर्णिया में पिकअप ने 13 को रौंदा, पांच की मौत

**पटना।** बिहार में पूर्णिया जिले के धमदाहा में रविवार रात 10 से 11 बजे के बीच एक पिकअप ने 13 लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गयी जबकि दो ने आज अलसुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में एक छह साल का बच्चा भी है। यह घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धोकवा की है। सभी घायलों को पहले अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा में भर्ती करवाया गया, जहां से सभी को पूर्णिया रेफर कर दिया गया। आठ लोगों को पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मृतकों में ज्योतिष ठाकुर (60), संजीता देवी (50), मनीषा कुमारी (13), अखिलेश मुनि (13) और अमरदीप कुमार (06) हैं। घायलों ने कहा कि एक बाइक वाले से साइड देने को लेकर पिकअप के चालक से विवाद हुआ।

### इंडिया के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली अस्पताल में भर्ती

**ठाणे।** टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली की तबियत शनिवार देर रात अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें ठाणे के आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर उनकी देखभाल में जुटे हुए हैं और उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में उनके सभी आवश्यक परीक्षण किए जा रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर विनोद कांबली का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह सचिन तेंदुलकर से बात करते हुए नजर आए। वीडियो में उनकी तबियत ठीक नहीं लग रही थी। इस घटना के बाद कई पूर्व क्रिकेटरों ने कांबली की मदद के लिए हाथ बढ़ाया था। विनोद कांबली ने 1991 में वनडे और 1993 में टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

## किसानों की समृद्धि के लिए काम कर रही हमारी सरकार

### सीएम योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर अर्पित की श्रद्धाजंलि

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि देश की समृद्धि के लिये अन्नदाता किसान को समृद्ध हो जरुरी है और इसे ध्यान में रखते हुये डबल इंजन की सरकार लगातार काम कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा माने जाने वाले चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये श्री योगी ने कहा चौधरी साहब कहा करते थे कि किसान गरीब होगा तो भारत अमीर नहीं हो सकता।

भारत को समृद्ध बनाने के लिए अन्नदाता किसान को समृद्ध बनाना पड़ेगा। इसे ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। किसानों के लिए 2014 से जो प्रयास प्रारंभ हुआ, दुनिया उसे मॉडल के रूप में ले रही है। मुख्यमंत्री 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती किसान सम्मान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होने विधानसभा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के अंतर्गत 11कृषकों को ट्रैक्टर की चाबी दी और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



उन्होने कहा कि आजादी के बाद किसानों के मुद्दों को लेकर चौधरी चरण सिंह का कांग्रेस के साथ मतभेद हुआ था, लेकिन श्री मोदी ने पहली बार किसानों को भारत के राजनीतिक एजेंडे व सरकार की प्राथमिकताा बनाने का कार्य किया।स्वॉयल हेल्थ कॉर्ड, उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराने, खेती को तकनीक से जोड़ने, कृषक दुर्घटना बीमा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से किसानों की उन्नति के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

### सीएम योगी ने महाकुम्भ की तैयारियों का लिया जायजा



**प्रयागराज।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को महाकुम्भ से जुड़ी तैयारियों का जायजा लेने संगमनगरी पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम अरैल स्थित टेंट सिटी का जायजा लिया। इसके उपरान्त दशाश्वमेध घाट पहुंचे, इसके बाद उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय में अफसरों संग बैठक की। उन्होंने स्वरूपरानी अस्पताल के न्यू ओपीडी ब्लॉक और बर्न वार्ड का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर डीपीएस ग्राउंड में उतरा। यहां से सीधे वह अरैल घाट पर तैयार हो रहे टेंट सिटी पहुंचे और समय के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने उन्हें तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री गंगा तट पर स्थित दशाश्वमेध घाट पहुंचे। यहां पर उन्होंने पूरे विधि विधान से महादेव का पूजन कर आरती उतारी। पूजन करने के बाद योगी का काफिला मेला प्राधिकरण कार्यालय पहुंचा। जहां मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ बैठक करके महाकुम्भ के तैयारियों की जानकारी ली। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंद गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ सांसद प्रवीण पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, हर्षवर्धन बाजपेई, दीपक पटेल, महापौर गणेश केसरवानी आदि उपस्थित रहें। योगी ने अधिकारियों से मेले की तैयारियों के बारे में चर्चा की।

## बांग्लादेश ने भारत से की शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने भारत से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की है। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद अपदस्थ शेख हसीना ने भारत में शरण ली थी। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि हमें प्रत्यर्पण अनुरोध के संबंध में आज बांग्लादेश उच्चायोग से एक 'नोट वर्बल' प्राप्त हुआ है। इससे पहले बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत से वापसी के लिए विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा गया है। शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर बांग्लादेश की इस पहल से शेख हसीना के साथ ही भारत के लिए भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल भारत और बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण को लेकर एक स्पष्ट समझौता है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से आतंकवादियों एवं अलगाववादियों द्वारा बांग्लादेश में शरण लिए जाने के मद्देनजर यह भारत के लिए काफी फायदेमंद समझौता रहा है। इसी प्रकार बांग्लादेश से वारदात कर भारत में घुसपैठ करने वालों के लिए भी वहां की एक अदालत का वारंट काफी होता है। हांलाकि राजनीतिक तौर पर शरण लेने वालों के मामले में भारत प्रत्यर्पण से इंकार कर सकता है।

## बैंक के 42 लॉकर तोड़ने वाले का एनकाउंटर, तीन गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**▸ चोरी की नगदी, ज्वेलरी कट्टा, कारतूस, कार व कटर बरामद**

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक के 42 लॉकर तोड़ने वाले बदमाश और पुलिस की मुठभेड़ हुई। पुलिस ने एक आरोपी को पैर में गोली मार गिरफ्तार किया। उसके दो साथियों को भी पकड़ा गया है। दूसरी कार में सवार 4 बदमाश फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी की नगदी, ज्वेलरी, एक देसी कट्टा, कारतूस, एक कार और लॉकर काटने वाला कटर बरामद हुआ है। दूसरी कार से भागे 4 बदमाशों को पुलिस की टीमें तलाश कर रही हैं। बैंक चोरी में शामिल सभी 7 आरोपी बिहार के रहने वाले हैं।

पुलिस ने बताया सोमवार सुबह मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि बैंक के लॉकर काटने वाले बदमाश चिनहट इलाके में हैं। कार से अयोध्या की तरफ जा रहे हैं। इस पर क्राइम टीम पूर्वी और चिनहट पुलिस ने चेकिंग शुरू की। इस दौरान 2 कार में 7 संदिग्ध युवक नजर आए। कार रुकवाई तो वे पुलिस पर फायरिंग करने लगे। तीनों गाड़ी से उतरकर पुलिस पर फायरिंग करते हुए खेतों की तरफ भागने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल आरोपी को अस्पताल भिजवाया। उसके दो साथियों को हिरासत में लेकर चोरी किए गए माल के बारे में पूछताछ की।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि लखनऊ में ओवरसीज बैंक के चिनहट ब्रांच में चोरी के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। 24 घंटे के भीतर इसका खुलासा किया है। कुल 7 लोगों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था। इनमें से 3 गिरफ्तार हैं। 4 बदमाशों की तलाश है। सोमवार सुबह हुई मुठभेड़ के दौरान अरविंद कुमार (22) पुत्र चौधरी सिंह निवासी ग्राम सिटकुंडी, पोस्ट-दरियापुर, थाना मोफसिल, जिला मुंगेर को पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया। इसके अलावा बलराम कुमार (28) पुत्र बिंदेश्वरी बिंद निवासी ग्राम-पिलदौरी, थाना-सुलतानगंज, जिला- भागलपुर, बिहार और कैलाश बिंद (28) पुत्र पुनीत बिंद निवासी ग्राम-बउअरी, पोस्ट-खेराडोरा, थाना- हवेली सड़कपुर, जिला-मुंगेर, बिहार गिरफ्तार हैं।

## डेढ़ साल में 10 लाख युवाओं को दी गई पक्की सरकारी नौकरियां : पीएम मोदी

**▸ रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक-डेढ़ साल में लगभग 10 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

प्रधानमंत्री सोमवार को नवनियुक्त अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर नमन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि हमें इसी साल चौधरी साहब को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला। आज के दिन को हम किसान दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए युवा प्रतिभा को और निखारने की जरूरत बताते हुए कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। देश में सही मायने में विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें युवा प्रतिभा को और निखारना होगा। यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा व्यवस्था पर है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए देश अब उस दिशा में आगे बढ़ चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग सरकार की प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।



## खुफिया समन्वय के लिए अपनानी होगी आक्रामक रणनीति : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत विरोधी संगठनों और नेटवर्क का पता लगाने के लिए मित्र देशों के साथ एक खुफिया समन्वय रणनीति विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस रणनीति में आक्रामक उपाय भी शामिल होने चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित 37वां इंटेलिजेंस ब्यूरो शताब्दी बंदोबस्ती व्याख्यान में कहा कि आने वाले दिनों में हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि केवल जानकारी साझा करना पर्याप्त नहीं है हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हमें मित्र देशों से महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी प्राप्त हो।

## गुरदासपुर में थाने पर हमला करने वाले तीन आतंकवादी मुठभेड़ में ढेर

समृद्धि न्यूज

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में सोमवार को पंजाब पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस की सयुंक्त कार्रवाई में खालिस्तान समर्थक तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने दी। मारे गए तीनों आतंकियों पर गुरदासपुर की पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले में संलिप्तता का भी आरोप है।

प्रशांत कुमार ने पत्रकारों से कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने बहादुरी और शौर्य का कार्य किया हैं, जिनकी प्रशंसा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बारे में हमारी टीमें गहन जांच कर रही हैं कि ये लोग कहा रुके थे। किन लोगों से इनकी मुलाकात हुई है। आखिर ये आतंकी किस मकदस से पीलीभीत आए थे। कहीं इनका कोई नेटवर्क तो यहां पर नहीं है। ऐसे कई सवालों को लेकर टीमें जांच कर रही हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार ने बताया कि आतंकियों के पास से बरामद किए गए दस्तावेजों से उनकी पहचान पंजाब के गुरुदासपुर जिले के रहने वाले गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसनप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह के रूप में की गई है।




## न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम बने एनएचआरसी के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश वी. रामसुब्रमण्यम को सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। एनएचआरसी देश में मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन से जुड़ा शीर्ष निकाय है। राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को एक चयन समिति की सिफारिश पर एनएचआरसी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हैं। एनएचआरसी ने ट्वीट में बताया कि राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम (सेवानिवृत्त) को अध्यक्ष, और प्रियांक कानूनगो और डॉ. न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी (सेवानिवृत्त) को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है।

## एक देश-एक चुनाव पर बनी जेपीसी की पहली बैठक आठ जनवरी को

एजेंसी



बैठक में अधिकारी दो विधेयकों- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र (कानून) संशोधन विधेयक के बारे में जानकारी देंगे।

**नई दिल्ली।** एक देश-एक चुनाव पर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। जेपीसी के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने यह बैठक बुलाई है। बैठक में लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

संसदीय सूत्रों ने सोमवार को बताया कि इस बैठक में अधिकारी दो महत्वपूर्ण विधेयकों- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र (कानून) संशोधन विधेयक के बारे में जानकारी देंगे। इन विधेयकों का मकसद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के लिए जरूरी बदलाव करना है। उल्लेखनीय है कि बीते सप्ताह इन विधेयकों को लोकसभा में पेश किया गया था। इसके बाद शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन इन्हें संसदीय समिति के पास भेजा गया था। इसके लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित की गई थी। पहले समिति में सदस्यों की संख्या 31 थी लेकिन कई राजनीतिक दलों ने इसमें शामिल होने की इच्छा जताई तो इसकी संख्या बढ़ाकर 39 कर दी गई।


**फैसला** — इलाहाबाद हाईकोर्ट एक साथ सुनेगा सभी मामले, उच्चाधिकारियों से जवाब-तलब

## इंस्पेक्टर सहित यूपी के पुलिस कर्मियों पर विभागीय कार्यवाही पर रोक

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ, वाराणसी, सिद्धार्थनगर, जौनपुर एवं प्रयागराज में तैनात पुलिस इंस्पेक्टरों समेत अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ जारी विभागीय कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने विभागीय कार्रवाई कर रहे संबंधित पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए उनसे याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों पर जवाब मांगा है।

हाईकोर्ट ने इसी के साथ इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह, देव कुमार, मुकेश शर्मा, विजय प्रकाश, राजीव चौधरी, दीपक कुमार सिंह, व अन्य पुलिस कर्मियों के विरुद्ध प्रचलित उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 14 (1) के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी है। यह आदेश जस्टिस प्रकाश पाडिया, जस्टिस अजित कुमार, जस्टिस नीरज तिवारी एवं जस्टिस जेजे मुनीर की अलग-अलग एकल खंडपीठ ने पुलिस विभाग में कार्यरत दर्जनों अलग-अलग पुलिस कर्मियों की याचिकाओं पर पारित किया है। कोर्ट ने इस तरह की अन्य सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करने के लिए ऐसे सभी याचिकाओं का बंच बना दिया है। याची पुलिस इंस्पेक्टरों के सीनियर अधिवक्ता विजय गौतम एवं सहयोगी अधिवक्ता अतिप्रिया गौतम का कहना था कि पुलिस विभाग के अधिकारी जिस मामले में पुलिस कर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज है, उसी मामले में विभागीय कार्रवाई भी सम्पादित कर रहे हैं, जबकि पुलिस रेगुलेशन के तहत विभागीय कार्रवाई नहीं की जा सकती। मामले के अनुसार उप्र पुलिस विभाग के निरीक्षक, उपनिरीक्षक व आरक्षियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार व अन्य मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट विभिन्न थानों में दर्ज कराई गयी है। इन्हीं क्रिमिनल केसों के आरोपों के सम्बन्ध में उप्र पुलिस अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 14 (1) के तहत विभागीय कार्यवाही सम्पादित करते हुए पुलिस विभाग के सक्षम अधिकारियों द्वारा आरोप पत्र निर्गत किये गये हैं।



### महिलाओं के भरण-पोषण का केस तय करने में देरी न करें अदालतें

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीशों को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अपने न्यायिक विवेक का प्रयोग करना चाहिए। न्यायाधीशों को निराश्रित महिलाओं से सम्बंधित भरण-पोषण मामलों के शीघ्र निपटारे को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो अपने माता-पिता, ससुराल वालों या पतियों से सहायता के बिना रह जाती हैं।यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की पीठ ने आपराधिक पुनरीक्षण अर्जी पर दिया। सहारनपुर निवासी महिला ने पारिवारिक न्यायालय में अपने पति से भरण-पोषण के लिए वाद दायर किया था। 2019 में पारिवारिक अदालत ने पत्नी को पांच हजार और उसके नाबालिग बच्चे को तीन हजार रुपये भरण-पोषण देने का आदेश दिया था।

किसान सम्मान दिवसः खीरी में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाया चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन

# डीएम ने सम्मान देकर 32 किसानों का बढ़ाया मान, खिले चेहरे

- कृषकों को मिली तीन कस्टम हायरिंग सेंटर की सौगात
- जिलाधिकारी ने किया कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

खीरी में भूतपूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती किसान सम्मान दिवस के रूप में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाई गई। आईटीआई राजापुर में आडिटोरियम कम मल्टीपरपज हॉल में आयोजित किसान सम्मान समारोह का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दीप जलाकर एवं भारत रत्न पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले के 32 अन्नदाताओं को प्रशस्ति पत्र व शाल भेंट किया। इसके अलावा किसान अनुज वर्मा, हरजीत सिंह, दिलबाग सिंह को एक-एक कस्टम हायरिंग सेंटर की सौगात दी। प्राकृतिक खेती के लिए प्रथम अतुल रस्तोगी, द्वितीय मुरली धर वर्मा, श्री अन्न एवम प्राकृतिक खेती के लिए प्रथम हरप्रीत सिंह निघासन और श्री अन्न के अंतर्गत कोदो,सावा, रागी के उत्कृष्ट उत्पादन के लिए आलोक सुक्ला ऐठापुर, रामनरेश हसनापुर, विनोद कुमार खानपुर, कप्तान सिंह तेंदुआ, खन्ना सिंह मझगंवा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किया। इससे पूर्व डीएम ने आईटीआई कैंपस में कृषि, कृषि रक्षा, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, रेशम और उनसे संबंधित विभिन्न सेक्टरों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया। विभागीय अधिकारियों ने किसानों को योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने चौधरी चरण सिंह के कृतित्व, व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी साहब ने किसानों के जीवन में उत्थान और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनकी एक किसान नेता के रूप में देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में उनकी एक पहचान है। आज भी देश में सर्वमान्य किसान नेता की बात होती है तो उनका नाम आदर और सम्मान के साथ लिया जाता है। मा. मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में कृषकों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। सरकार किसानों की आय को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास कर रही है। किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने किसानों को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जन्मजयंती, किसान सम्मान दिवस की शुभकामनाएं दी और संगठित खेती और सहकारिता से जुड़कर तरक्की के रास्ते आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने फार्मर आईडी की उपयोगिता भी बताई। किसान इस वर्ष उत्पादन में बनाए अपने कीर्तिमानों को तोड़कर नई कीर्तिमान स्थापित करें। बड़े हर्ष की बात है कि वर्ष 2025 अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। जिले में जल जीवन मिशन के तहत 168 महिलाएं प्लंबर, फिटर और पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण लेकर न केवल हुनरमंद बनी बल्कि अपनी तरक्की के नए आयाम स्थापित करने जा रही।

**डीएम ने कृषि, उद्यान, गन्ना एवं पशुपालन सेक्टर के लिए 32 प्रगतिशील किसान को किया सम्मानितः** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा के साथ कृषि, उद्यान, गन्ना एवं पशुपालन सेक्टर के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रगतिशील किसानों को 07-07 हजार और द्वितीय स्थान प्रदान करने पर 05-05 हजार की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से उनके खातों में भेजी।

**इनकी रही मौजूदगीः** डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीएचओ मृत्युंजय कुमार, सीवीओ डॉ जगदीश, डीसीओ वेद प्रकाश, कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ बिसेन, डॉक्टर सुहेल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

## ....इन सेक्टर्स में प्रगतिशील किसानों को मिला सम्मान

**उद्यानः** केला खेती में किसान धर्मपाल मौर्य ने 990 कुंतल कर प्रथम, अखिलेश चौधरी 990 कुंतल के लिए द्वितीय स्थान, गेंदा उत्पादन में किसान अचल मिश्रा ने 195 कुंतल उत्पादन कर प्रथम स्थान, अभिषेक मौर्य ने 165 कुं.उत्पादन कर द्वितीय स्थान। शंकर मिर्च में किसान श्री कृष्ण ने 95 कुंतल उत्पादन कर प्रथम, श्री कृष्णा मौर्य ने 65 कुंतल उत्पादन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**गन्नाः** को.0238 पौधे के लिए 1829 कुंतल उत्पादन कर गुरमीत कौर ने प्रथम, को. 0118 पौध के लिए 1468 कुंतल उत्पादन कर रजनीश कुमार ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। सहफसली ट्रेंच विधि से को. 118 पौध से 1233 कुंतल उत्पादन कर द्वितीय, और गजराज सिंह ने भी 1203 कुंतल उत्पादन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**पशुपालनः** श्री कृष्ण वर्मा 10 मुर्रा भैंस से 205 लीटर उत्पादन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मीरा देवी ने 8 मुर्रा भैंस से 90 लीटर दुग्ध उत्पादन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुर्गी पालन में मलकीत सिंह ने 80 हजार अंडे प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं जीवन कुमार ने 75 हजार अंडे प्राप्त कर द्वितीय स्थान अर्जित किया।

**मत्स्य पालनः** विकास बाबू ने प्रथम और मनीष निषाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**रेशम पालनः** रघुवर ने प्रथम और अमित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

**कृषिः** धान की फसल में 70.20 कुं. प्रति हे. उत्पादन कर साहबदीन ने प्रथम, 70 कुं. प्रति हे. उत्पादन कर रक्षपाल सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तिल में 11.60 कुं. प्रति हे. उत्पादन कर शेर सिंह नेप्रथम, 11.30 कुं. प्रति हे. उत्पादन कर विविध प्रकाश सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सरसों की फसल में 20.80 कुं. प्रति हे. उत्पादन कर सुषमा सिंह ने प्रथम, 19 कुं. प्रति हे. उत्पादन कर बृजकिशोर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गेहूं की फसल में 68 कुं. प्रति हे. उत्पादन कर रामभेजी ने प्रथम, 67 कुं. प्रति हे. उत्पादन कर कमलेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## उत्सव मैरिज लॉन एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के सरस्वती मैरिज लॉन में प्रशासन के द्वारा शहर के सभी होटल, गेस्ट हाउस, लॉन वालों को रात्रि 10:00 बजे के बाद ध्वनि यंत्रों का प्रयोग व आतिशबाजी पर पूर्णतया प्रतिबंध करने के लिए दी गई नोटिस एवम विवाह कार्यक्रमों में रोड पर बजने वाले रोड बैंड डीजे आतिशबाजी से लगने वाली जाम के लिए गेस्ट हाउस मालिकों को जिम्मेदार ठहराया है। इसी के संबन्ध में उत्सव लॉन ऐसोसिएशन लखीमपुर खीरी की बैठक आहूत की गई सभी व्यापारियों को प्रशासन द्वारा नोटिस दी जा रही है जिसमें रोड पर आतिशबाजी व रोड डीजे से लगने वाले जाम की सभी जिम्मेदारी मैरिज हॉल वालों पर डाली गयी है। वर्ष भर में शादी विवाह के आयोजन 30 से 50 दिन रहते हैं और उसी समय सभी व्यापारियों को परेशान किया जाता हैं। बैठक में जिला अध्यक्ष

- समस्या समाधान हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिया आश्वासन

मनमोहन मौर्य ने सभी को अवगत कराया की हमें प्रशासन के साथ लगकर रोड डीजे बैंड और डीजे की परमिशन रात्रि 10:00 बजे तक लेनी चाहिए यह परमिशन प्रशासन द्वारा पहले दी जाती थी इस को यदि प्रशासन दोबारा शुरू करें तो सभी मांगलिक आयोजन रात्रि 11:00 बजे तक समाप्त हो सकते हैं। इसके लिए एक बैठक लान संचालक, बैंड, डीजे, आतिशबाजों को एकत्रित कर की गयी तथा प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन हेतु बताया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने उपस्थित होकर उक्त समस्याओं के उचित समाधान हेतु प्रशासन के साथ वार्ता करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह डीएम से बात करके 40 दिन की होने वाली सहलकों में होने वाली समस्याओं का निदान कराने का प्रयास करेंगे जिससे व्यापारियों को दिक्क़तो से निदान मिले वह अपना व्यापार चला सकें। सभा में मनमोहन मौर्य, योगेश, सुनील बरतरिया, कीर्ती वर्मा, महावीर प्रसाद राम बहादुर वर्मा, कमल शुक्ला मंजीत सिंह , विक्की अरोरा , सुनील, आशीष सोमेश, शांतनु, अशोक, निर्मल सिंह श्याम मोहन नन्कु शेखर रवि गुप्ता अशोक वर्मा चरणजीत सिंह, अमित वर्मा प्रशांत सिंह आदि उपस्तिथ रहे।

## गाली देने से मना करने पर लाठी-डंडों से की पिटाई

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव कन्जा में गाली देने से मना करने पर कुछ लोगों ने एक महिला की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। कन्जा निवासी राजरानी पत्नी रामसेवक ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि घटना 21 दिसंबर 2024 की सुबह 10:00 बजे की है मेरे दरवाजे पर द्रगपाल पुत्र मूलचंद द्रगपाल की पत्नी, और उसकी पुत्री बर्षा यह सभी लोग आये और गंदी-गंदी गालियां देने लगे जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उपरोक्त लोग उसकी लाठी डंडों से पिटाई करने लगे। मारपीट से उसके सिर में चोट आई है। जिसके बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने सभी आरोपियों पर संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइकसवार युवक की मौत

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** रविवार देर शाम बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रुप से जख्मी हो गया। सीएचसी में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम जार निवासी विकास वर्मा 45 पुत्र मथुरा प्रसाद गोला के मोहल्ला बादल सिटी में मकान बनवा रहा है। रविवार की देर शाम वह अपने निर्माणाधीन मकान से बाइक से गांव के लिए वापस जा रहा था। इसी दौरान गोला खुटार रोड पर ग्राम दतेली के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# किसान नेता पुलिस प्रशासन व मिल प्रबंधन के मध्य बनी 10 करोड़ के भुगतान पर सहमति

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय किसान दिवस पर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति प्रांगण में गन्ना भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर होने वाला धरना कोतवाल चंद्रशेखर सिंह के आग्रह पर स्थगित कर दिया। कोतवाली में हुई वार्ता में 24 दिसंबर को 10करोड़ का गन्ना भुगतान करने पर सहमति बनी है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रस्तावित धरने और जिले में लगी धारा 163 के मद्देनजर कोतवाल ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा को फोन कर धरना स्थगित कर कोतवाली में वार्ता करने का आग्रह किया, जिस पर पटेल श्री कृष्ण वर्मा शिवदयाल वर्मा, संतोष सिंह भदौरिया, अनिल कुमार, राजेश कुमार और सहकारी गन्ना विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार वर्मा के साथ कोतवाली पहुंचे। जहां चीनी मिल के कारखाना प्रबंधक आरके मिश्रा, केन जीएम पीएस चतुर्वेदी, जयेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सचिव बलवंत चौधरी के साथ वार्ता हुई। श्री कृष्ण वर्मा ने तत्काल 50 करोड़ का पिछले सत्र का बकाया भुगतान की मांग करते हुए कहा कि जनवरी से इस पेराई सत्र का 14 दिन में नियमित भुगतान किया जाए, इस पर चीनी मिल अधिकारी 24 दिसंबर को 10 करोड़ रुपए का भुगतान करने पर सहमति जताई।

# राजस्व वसूली के लिए गई बिजली टीम पर ग्रामीणों के हमले का आरोप

- ग्रामीण बोले- बिल देने को तैयार, केविल काटने का विरोध किया

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बिजली बिल वसूली के लिए ग्राम करनपुर में गई बिजली टीम ने बकाया बिल जमा न करने पर उपभोक्ताओं की बिजली लाइन उतारी। जिसे लेकर बखेड़ा खड़ा हो गया। विभागीय कर्मचारियों व बिजली उपभोक्ताओं के मध्य जमकर हाथापाई हुई। जिस पर सरकारी काम में बाधा का आरोप लगाते हुए गांव के चार नामजद सहित कई अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। विद्युत वितरण उपखंड प्रथम के टीजी 2 के विजय बहादुर, रामभरोसे और राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि विभाग द्वारा चलाई जा रही राजस्व वसूली को लेकर उनकी टीम शनिवार को ग्राम करनपुर में बकाया बिजली बिल वसूलने गए थे। बिल जमा न होने पर कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने का प्रयास किया। तभी उपभोक्ता मनोज पुत्र रामभजन, दयाशंकर पुत्र साधूराम, नीरज मिश्रा पुत्र रामप्रकाश मिश्रा एवं विजय कुमार पुत्र रामस्वरूप और अन्य लोगों ने ना ही बिल जमा किया और कनेक्शन भी नहीं काटने दिया। मना करने पर वह लोग गाली गलौज व हमलावर हो गए। बिजली विभाग की टीम ने उक्त लोगों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी अभिलेख फाड़ने आदि का आरोप लगाया है। उधर उपभोक्ताओं का कहना है कि वह बिल देने को तैयार थे, पर बिजली विभाग के कर्मचारी मनमानी कर रहे थे। जब बिजली विभाग द्वारा केविल नहीं दी जाती तो उतार कैसे रहे थे। कनेक्शन काट देते तो कोई बात नहीं थी। हालांकि मामले में पुलिस ने बिजली विभाग की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# भारतीय किसान यूनियन ने किसान दिवस पर किसानों की समस्याओं पर किया विमर्श

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




भारतीय किसान यूनियन के तत्वाधन में किसान दिवस पर पंचायत कर किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। ग्राम अल्लीपुर में भाकियू अराजनैतिक की पंचायत में किसान मसीहा/पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को याद किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसान ने जिले की विभिन्न योजनाओं वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, कृषक दुर्घटना बीमा, किसान फसल बीमा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही अनेक योजनाओं के बारे में ग्राम वासियों को अवगत कराया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह, जिला संगठन मंत्री संजीव सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शुक्ला, ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहम्मद उस्मान, बृज बिहारी प्रजापति सहित तमाम किसान नेता व किसान मौजूद रहे।

# सर्व शिक्षा अभियान पर छाए बदहाली के बादल

- नोटिस जारी होने के बाद भी शिक्षा विभाग का मजाक उड़ा रहे शिक्षक

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




विकासखंड बिजुआ क्षेत्र के कुछ स्कूलों में शिक्षकों पर लापरवाही इस कदर चढ़ी है की वह अपना कर्तव्य भूलकर असमय स्कूलों में पहुंच रहे हैं। साथ ही शीघ्र छुट्टी कर समय का पालन नहीं करते। ग्रामीणों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायत की जाती है तो जवाब रहता है कि नोटिस जारी की जाएगी। नोटिस जारी होने के बाद भी लापरवाह शिक्षकों पर कोई फर्क नहीं पड़ता उनका प्रतिदिन का वही समय रहता है। कुछ शिक्षकों का स्कूलों में देर से आना जल्दी जाना प्रतिदिन का चलन बन चुका है।

जहां एक ओर जिलाधिकारी स्वयं स्कूलों में पहुंचकर शिक्षक बनकर बच्चों को अच्छी शिक्षा के प्रति जागरूक कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर विकासखंड बिजुआ के संविलियन विद्यालय जौहरा गुजारा व प्राथमिक विद्यालय ताजपुर में शिक्षक इस कदर बेलगाम हो चुके हैं कि उन्हें विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को शिक्षा देने से कोई मतलब नहीं है। यह शिक्षक प्रतिदिन स्कूलों में निर्धारित समय से एक घंटा देर से पहुंचते हैं व निर्धारित समय से एक घंटे पूर्व ही विद्यालय बंद कर चले जाते हैं। इस संबंध में अभिभावकों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी से शिकायत की जाती है तो खंड शिक्षा अधिकारी नोटिस जारी करने की बात कहते हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि आखिर नोटिस जारी होने के बाद भी शिक्षक सुधरने का नाम क्यों नहीं ले रहे हैं?

# डीसीओ के निर्देश पर अनाधिकृत गन्ना खरीद सेंटरों पर छापेमारी

- बेलरायां क्षेत्र में कांटा लगाकर गन्ना खरीद रहे गन्ना माफियाओं में मच गया हड़कंप

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



गोपनीय सूचना पर बेलरायां चीनी मिल क्षेत्र के तेलियार, चमरौधा एवं नौवापुर सानी में कांटा लगाकर अवैध गन्ना खरीद करने वालों पर कार्यवाही हेतु जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह द्वारा तीन सदस्यीय सचल दस्ते का गठन करते हुए उक्त स्थानों पर छापा मारा गया जिसमें सचल दल के सदस्य डॉ राजीव, मिथलेश पांडे, धर्मेंद्र दुबे तथा बेलरायां चीनी मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक त्रिलोकी सिंह शामिल थे। जांच में चमरौधा गांव में दो कांटे लगे हुए पाए गए जो शानू पुत्र बसाहट ग्राम भाऊवापुर, दूसरे कांटे पर सन्तोष कुमार मौर्य पुत्र श्रीधर गांव लखनपुरवा जिसमे दो अवैध ट्राला मय गन्ना तथा 1.5 ट्रक चट्टा लगा हुआ गन्ना पाया गया जिसे जप्त करते हुए थाने ले जाया गया। साथ ही नौवापुर सानी गांव में राजेश कुमार मौर्य पुत्र श्रीराम गांव लखनपुरवा द्वारा अवैध कांटा संचालित किया जा रहा था किंतु जब तक पुलिस बल मौके पर पहुंची तब तक गन्ना गायब करा दिया गया। उक्त अवैध गन्ना खरीदने वालों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में थाना पढ़ुआ में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु तहरीर दी गई।

# पढ़ुआ पुलिस ने शांति भंग सहित फरार चल रहे आठ लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




पढ़ुआ थानाध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे वारंटी आशीष कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी चचरा, हकीमुद्दीन पुत्र कल्लू निवासी ग्राम लखनियापुर, इलियास अहमद पुत्र मो. सिद्दीक निवासी लखाही, सहजराम पुत्र परमेश्वर कश्यप निवासी लोनियनपुरवा थाना पढ़ुआ को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया, वहीं थाना पढ़ुआ के मल्लबेहड़ के संतोष दीक्षित पुत्र रामादल प्रसाद, अंकुर पुत्र रामदल प्रसाद, मनोज कुमार उर्फ मदन पुत्र लालता प्रसाद, सुमति चन्द्र पुत्र लालता प्रसाद निवासीगण ग्राम मल्लबेहड थाना पढ़ुआ को भी गिरफ्तार कर जेल भेज गया। पढ़ुआ थाना प्रभारी की ताबड़तोड़ कार्यवाही से क्षेत्र के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# दो दिवसीय नाईट प्रो बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मितौली कस्बे में दो दिवसीय नाईट प्रो बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामखेलावन उर्फ छोटे भईया ने टूर्नामेंट का फीता काटकर किया उद्घाटन। विजेता उपविजेता टीम किया पुरस्कृत। मुन्नन और फैसल कि जोड़ी फाइनल में विजेता हुई।

कस्बे में दो दिवसीय नाइट प्रो बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व ब्लॉक प्रमुख मितौली रामखेलावन उर्फ छोटे भईया ने किया। टूर्नामेंट में आठ टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच मुन्नन, फैसल व शोएब, रूमान की जोड़ी के बीच खेला गया। जिसमें 2-0 से मुन्नन, फैसल की जोड़ी ने जीत हासिल की। इसके अलावा प्रांशु व साहिल, अदनान व साहिल, अर्श व दिलशाद की जोड़ी ने लीग मैच में जीत हासिल की। जिसके बाद सेमीफाइनल में साहिल, अदनान व मुन्नन, फैसल की टीम ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में मुन्नन, फैसल की जोड़ी ने 2-0 से अदनान व साहिल को हराकर फाइनल में जीत हासिल की। सादिक अली मुंशी व आशिफ ने मुख्य अंपायर की भूमिका निभाई। और रोशन व हारून ने कमेंटरी का दायित्व संभाल। पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामखेलावन उर्फ छोटे भइया ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान दौरान जमाल अहमद, सिकन्दर सिद्दीकी, अजमी, कमाल खा, निसार अहमद, सादिक अली, हसीब अहमद, इलियास,मिंटू, जहीर, परवेज खा, शहीद, जाबिर, सुल्तान, परवेज सिद्दीकी, मो रफी अल्वी, अंसार खा, अतीक, रोशन, इस्लाम, मुन्नन, अर्श, दिलशाद, अफजल, हारून, नदीम कुरेशी, नदीम सलमानी, रियाज, शोएब, शहनवाज सहित काफी संख्या में लोग रहे मौजूद।

# समस्याओं के समाधान की तय होगी जवाबदेही

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में सुनी फरियादियों की समस्याएं

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और उन्होंने समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये।



जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुये कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए है कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन मे लगभग 3 दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत प्रतापगढ़, ललितपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, अम्बेडकरनगर व अलीगढ़ के जिला अधिकारी, गाजीपुर, पीलीभीत, ललितपुर व कौशाम्बी के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

## ईज ऑफ डूइंग क्राइम में अब नंबर वन बना उत्तर प्रदेश : अखिलेश यादव



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को राज्य सरकार की कानून-व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपी अब ईज ऑफ डूइंग क्राइम में नंबर-वन बन गया है। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने क्रमवार पोस्ट में लखनऊ और सहारनपुर में चोरी और लूट की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा उप्र अब 'ईज ऑफ डूइंग क्राइम' में हुआ नंबर एक। आज का एपिसोड लखनऊ का ओवरसीज बैंक जहाँ लॉकर काटकर बहुमूल्य सम्पदा चोरी हुई। इसी पोस्ट में अखिलेश यादव ने, उप्र की राजधानी के चिनहट इलाके में एक बैंक में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर हुई चोरी की तस्वीर साझा करते हुए कहा आज का एपिसोड...लखनऊ का ओवरसीज बैंक, जहाँ लॉकर काटकर बहुमूल्य सम्पदा चोरी हुई। कल सहारनपुर में बैंक लुटा था। यादव ने एक अलग पोस्ट में चोरी का

# बाबा साहब के नाम पर छलावापूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी : मायावती

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। संसद में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) 24 दिसंबर (मंगलवार) को देशव्यापी आंदोलन करने की घोषणा की है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इस शांतिपूर्ण आंदोलन को सफल बनाने सर्वसमाज के लोगों से अपील की है। बसपा प्रमुख ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री ने संसद में जिस तरह से बाबा साहब पर विरोधी टिप्पणी की है, उसे वापस लें। लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आयी है।

अमित शाह के बयान को वापस लेने की मांग को लेकर बसपा मंगलवार को देश भर में जिला मुख्यालयों पर शान्तिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की सर्वसमाज से अपील की है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि बाबा साहब का जिस तरह से अपमान हुआ है, उससे उनके करोड़ों अनुयाइयों को ठेस पहुंची है। इससे यह साबित होता है कि कांग्रेस और भाजपा आदि कोई भी उनका सच्चा हितैषी नहीं। सबकी नीयत, नीति में खोट है। ऐसे में बाबा साहब के नाम पर छलावापूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता का आज घड़ियाली आँसू बहा रहे हैं जबकि बाबा साहब के जीते जी और उनके देहान्त के बाद भी कांग्रेस का उनके और उनके अनुयाइयों के हित व कल्याण के प्रति रवैया हमेशा जातिवादी व तिरस्कार पूर्ण रहा है। इनको दलित-पिछड़ों की याद केवल इनके खराब दिनों में ही आती है।

### बाबा साहब को लेकर ज्ञान न दें मायावती : केशव प्रसाद मौर्य



लखनऊ। गृहमंत्री अमित शाह के डॉ बीआर अंबेडकर को लेकर बयान पर लगातार सियासत जारी है। इसे लेकर मायावती ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। वहीं इसपर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों को हमें ज्ञान देने की जरूरत नहीं है। केशव मौर्य ने कहा कि मैं मायावती से कहना चाहूंगा कि उन्हें अपनी पार्टी को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए और समाजवादी पार्टी खुद्द को समाप्त होने से बचाए और कांग्रेस को अपनी पार्टी के भारत मुक्त होने से बचाना चाहिए। बाबा साहब को लेकर ज्ञान न दे ये सब बाबा साहब के जन्म जात विरोधी हैं।

## खबरें एक नजर में

### रोटरी क्लब ने गरीबों को बांटे कम्बल और ट्राई साइकिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ऑफ निरालानगर की ओर से आज गरीबों को कम्बल और ट्राई साइकिल बांटी गई। लखनऊ के अध्यक्ष रोटेरियन विनोद चंनदिरमानी, रोटेरियन अशोक टंडन, नरेश अग्रवाल, वाइ के गोयल व अन्य सदस्यों ने तालकटोरा के गरीब परिवारों को कम्बल बांटे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब औफलखनऊ के सदस्यों ने अपने हाथों से कम्बल दिए। मुख्य रूप से भूतपूर्व मंडलाअध्यक्ष रोटेरियन चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, सचिव अशोक टंडन, भूतपूर्व अध्यक्ष वाई के गोयल, भूतपूर्व अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, अध्यक्ष नामित रोटेरियन गिरधर गोपाल यादव, कोषाध्यक्ष ऽ रोटेरियन विभोर अग्रवाल एवं भूतपूर्व अध्यक्ष प्रवीन मितल आदि हैं। कम्बल वितरण के साथ 85 वर्ष की वृद्ध महिला माधुरी तिवारी को व्हीलचेयर प्रदान की गई। रोटरी के भूतपूर्व मंडलाअध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा संचालित नौबसता में प्रेरणा सिलाई स्कूल की महिलाओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर आज अध्यक्ष रो0 विनोद चनदिरमानी ने पुरस्कृत किया।

### आप नेताओं ने अमित शाह की फोटो जलाई, पुलिस से हुई झड़प

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन चौराहे से विधानसभा की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका। आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पोस्टर जलाया। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने अमित शाह पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाया। हाथ में अमित शाह का पोस्टर लेकर मुर्दाबाद के नारे लगा रहे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई। विधानसभा की ओर बढ़ रहे कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस को काफी देर संघर्ष करना पड़ा। आम आदमी पार्टी की नेत्री इरम ने कहा कि उच्च सदन में गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब को लेकर दिया गया बयान शर्मनाक है। जब तक अमित शाह माफी नहीं मांग लेते विरोध जारी रहेगा। इरम ने कहा अफसोस है कि संविधान रचयिता के ऊपर अपमानजनक टिप्पणी की जा रही है।

### महानगर पुलिस ने दुष्कर्म करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मध्य क्षेत्र के थाना महानगर पुलिस ने आरोपी संदीप सागर उपरोक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने व अब शादी से इन्कार कर दिया,व जाने से मारने की धमकी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था, मुखबिर की सूचना पर आरोपी संदीप सागर निवासी रानीनगर थाना सम्पूर्णनगर जनपद लखीमपुर खीरी, महानगर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया, इस क्रम में डीसीपी दिशा-निर्देश पर पुलिस टीम लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है, जिसमें आज थाना महानगर प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है।

### एसजीपीजीआई के सरकारी क्वार्टर से चोरी गहने व टैबलेट चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एसजीपीजीआई (संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान) कैंपस में दो सरकारी आवास का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गए। घटना के समय यहां रहने वाले दोनों परिवार शहर से बाहर गए हुए थे। एक परिवार के वापस लौटने पर चोरी होने की जानकारी हुई, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर फोरेंसिक टीम को बुलवाकर साक्ष्य एकत्रित किए हैं। इंस्पेक्टर पीजीआई रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि कैंपस के टाइप थ्री में चोरों ने डॉक्टर अरविंद सिंह और विवेक जान को आवंटित क्वार्टर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात सहित एक टैबलेट चोरी कर लिया है। डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि वह परिवार संग पीजीआई कैंपस के टाइप -3/19 क्वार्टर में रहते हैं। वह रविवार को शाम करीब साढ़े तीन बजे प्रयागराज अपनी बीमार बहन को देखने गए गए थे। देर रात करीब ढाई बजे वापस घर लौटने पर देखा कि क्वार्टर के मुख्य ताला टूटा हुआ था।

### सिविल कोर्ट में दो गुटों में मारपीट, दो वकील घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ सिविल कोर्ट में दो पक्षों में मारपीट हो गई। दो वकील घायल बताए जा रहे हैं। वहीं फायरिंग की भी सूचना है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर गोली चलने की बात से इनकार किया है। पुलिस ने बताया, पीसी- 8 कोर्ट के सामने मारपीट हुई है। थाना बिजनौर में 2015 में दर्ज 302 के मुकदमे से संबंधित वादी पक्ष अंकित यादव और संदीप यादव कोर्ट में पेशी पर आए थे, जहां पर कुछ लोगों ने अंकित यादव के साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों को पकड़ लिया है। पूछताछ के लिए वजीरगंज थाने ले गई। पुलिस ने बताया, कोर्ट कैंपस में फायरिंग करने और असलहा लाने की सूचना गलत पाई गई है।

### अखिल भारतीय भार्गव समाज के अध्यक्ष बने अनिल, सचिव बने संजय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय भार्गव सभा के 133वें वार्षिक अधिवेशन के आखिरी दिन रेवाड़ी के अनिल भार्गव अध्यक्ष चुने गए। चुनाव में अनिल, संजय और विजय पैनल ने जीत दर्ज करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। इसके पूर्व समाज के विभिन्न प्रमुख सदस्य और गणमान्य लोगों को सम्मानित किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल भार्गव ने सभी के प्रति आभार जताते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं के विकास और उनके शैक्षिक यात्रा को मजबूत करना है। समाज के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलना है। बेटियों की शिक्षा पर ध्यान देना है। सचिव संजय भार्गव ने बताया कि साजाजिक उत्थान की दिशा में आगे बढ़ना है। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान देना है।

### एलयू में युवा उत्सव के तहत संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के अधीन विकसित भारत युवा नेता संवाद ष्कार्यक्रम के तृतीय चरण का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच विभिन्न ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से निबंध प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में चयनित 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम 10 विषयों में क्रियान्वित किया गया। जिसमें प्रत्येक विषय में निर्णायक मण्डल ने मूल्यांकन का कार्य संपादित किया। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर वी.के. शर्मा तथा उप निदेशक अजातशत्रु शाही के पर्यवेक्षण में किया गया। जबकि अभिलेख की परीक्षण तथा पंजीकरण का कार्य जिला युवा कल्याण के अधिकारियों द्वारा किया गया।

### भाई को स्कूल छोड़कर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार सुबह 10.30 बजे विवान (28) अपनी मोटरसाइकिल से भाई को स्कूल छोड़कर घर लौट रहा था। रास्ते में गोसाईगंज कोल्ड स्टोर के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। ड्राइवर मौके से गाड़ी लेकर भाग गया। पुलिस का कहना है कि परिवार द्वारा तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। ड्राइवर की तलाश की जा रही है। एसआई मो. आसिफने परिजनों की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# देश के किसानों के नेता थे चौधरी चरण सिंह

## कांग्रेस मुख्यालय पर चौधरी चरण सिंह जयंती मनाई गई

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के नेता रहे चौधरी चरण सिंह जयंती मनाई गई और पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की पुण्यतिथि भी मनाई गई। इस अवसर दोनों महापुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के किसानों के नेता थे और कृषि अर्थशास्त्र के बड़े ज्ञाता थे। वह जिंदगी भर किसानों की लड़ाई लड़ते रहे। अजय राय ने कहा कि पी.वी. नरसिम्हा राव बहुत ही विद्वान राजनेता थे और बहुत दूरदर्शी थे। उनके द्वारा देश में नई नीतियां लागू की गई और खुली अर्थव्यवस्था को लाया गया उसके परिणामस्वरूप देश ने निरंतर विकास किया। और उसी नींव पर देश आज भी आगे बढ़ रहा है। अजय राय ने कहा कि देश आज दोनों महापुरुषों को याद कर रहा है। हमारा कर्तव्य है कि इन दोनों महापुरुषों ने जो मार्ग दिखाया है हम उसे याद करें और उस रास्ते पर चलने का प्रयास किया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ0 सी.पी. राय, निवर्तमान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, बृजेन्द्र सिंह, मुन्ना राय, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, नुसरत अली, नरेन्द्र त्रिपाठी, संजय शर्मा, विनोद राय, तनवीर फातिमा, रवीन्द्र पटेल, डॉ0 आशीष दीक्षित, सुशीला शर्मा, डॉ अमित कुमार राय, अयूब सिद्दीकी, आशुतोष मिश्रा, विजय पाण्डेय, राहुल अवस्थी, अजहर फैज सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### रालोद कार्यालय में मनाई गई चरण सिंह की जयंती

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश कार्यालय पर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122 वीं जयन्ती पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने पार्टी पदाधिकारियों व प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ चौधरी साहब की आत्म शान्ति एवं लोक कल्याण हेतु हवन पूजन कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर भी प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने माल्यार्पण किया एवं प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित चौधरी चरण सिंह किसान सम्मान समारोह में भाग लिया। प्रदेश कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुये प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि चौधरी साहब पूरे देश में नूरपुर की धरती पर जन्मे किसान मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एकमात्र किसानों के हमदर्द एवं शुभचिंतक थे जिन्होंने अपने सम्पूर्ण कार्यकाल में किसान हितों की रक्षा के लिए अपने संकल्प का निर्वाह किया। चौधरी साहब की जयन्ती पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्येक कार्यकर्ता को चौधरी चरण सिंह की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए यही चौधरी साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का प्रत्येक कदम खेतों की मेड़ पर और किसान के हित में होता था।

## नगर निगम के जलकल कर्मचारियों का मौन प्रदर्शन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में नगर निगम के जलकल कर्मचारियों की तरफ से सप्ताह के पहले दिन मौन रखकर जलकल प्रशासन का विरोध किया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि कई बार शिकायत और ज्ञापन देने के बाद भी अधिकारी समस्या का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। इसलिए अब विरोध दर्ज करा रहे। इसके पहले एक सप्ताह तक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जा गया था। जलकल कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांग को सुना नहीं जा रहा है। नगर निगम नियमित और आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ की तरफ से यह विरोध किया जा रहा। इसके अध्यक्ष नितिन त्रिवेदी ने कहा कि प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं पर मौन है। इसलिए अब कर्मचारी भी मौन हो गए हैं। संघ के अध्यक्ष नितिन त्रिवेदी का कहना है कि जल कल विभाग में समूह (घ) और समूह (ग) के पदों पर प्रमोशन नहीं हो रहा। आउट सोर्सिंग कर्मियों के पीएफ और ईएसआईसी की कटौती के बावजूद भी उसकी पेमेंट संबंधित खातों में नहीं की जा रही।

# विदेश-राज्यमंत्री ने 1300 युवाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र

## पीओ से लेकर रिसर्च असिस्टेंट तक की मिली नौकरी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में 1300 से अधिक युवाओं को परमानेंट नौकरी मिली है। इसके लिए सोमवार को सीआरपीएफ कैंपस में रोजगार मेला लगा। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चयनित युवाओं को ऑफर लेटर दिए। मेले में पहुंचे अभ्यर्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल संबोधित किया।

सीआरपीएफ के डीआईजी चितरंजन महापात्रा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने मंच से 25 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए हैं। केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया सरकार की मंशा है कि देश की युवा शक्ति को रोजगार मिले। वो प्रतिभा का कौशल दिखाएं। क्योंकि विकसित भारत में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। सरकार और प्रधानमंत्री की ये बेहतरीन इनीशिएटिव है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत की परिकल्पना में युवाओं का बहुत अहम रोल रहेगा। ऐसे में युवाओं को रोजगार के अवसर दिलाने का ये बेहतरीन कदम है। प्रियंवदा ने बताया कि आईबीपीएस का एग्जाम दिया था। लक्ष्य था कि केनरा बैंक में पीओ बने। अच्छा रहा कि सिलेक्शन इसी में हुआ है। इन्होंने एप्लाइड इकोनॉमिक्स में मास्टर्स किया है। पिता पॉवर कॉर्पोरेशन में अकाउंटेंट हैं। भाई भी सरकारी नौकरी में है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इको सिस्टम बन चुका है। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे है। डिफेंस से लेकर टूरिज्म तक हम बहुत आगे पहुंच गए हैं। आज बड़ी संख्या में बेटियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

# महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी सात स्तरीय सुरक्षा : डीजीपी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में होने वाले महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर सोमवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार (डीजीपी) ने पत्रकारों से कुछ अहम जानकारियों को साझा की हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर आने वालों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है।

डीजीपी ने बताया कि महाकुंभ-2025 का आयोजन यूपी पुलिस के लिए बहुत बड़ा अवसर है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए यूपी पुलिस दिन रात कम कर रही है। उन्हें उम्मीद है कि इस वर्ष कुंभ मेले में 40 से 50 करोड़ लोगों के प्रयागराज आने का अनुमान है। इस दौरान कुल छह शाही स्नान होंगे। 45 दिनों के इस कार्यक्रम को लेकर अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या राम मंदिर, विंध्याचल जी



कॉरिडोर के दर्शन के साथ ही संगम स्नान के साथ सभी दर्शन लाभ ले सकते हैं। आयोजन स्थल पर पर्याप्त मैन पावर के साथ ही सीसीटीवी कैमरे, टीदर ड्रोन और एंटी ड्रोन लगाए गए हैं। किसी भी तरह के डिजास्टर, सुरक्षा और लोगों को डूबने से बचाने के लिए जल पुलिस के अलावा कुछ विशेश लोगों को भी प्रशिक्षित किया गया है। आग, आपदा और लोगों को डूबने से बचाव के लिए 200 करोड़ का उपकरण खरीदे गए हैं। उन्होंने बताया कि कुंभ में आने वालों लोगों को कुशल व्यवहार के लिए यहां पर तैनात पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया रहा है। सोशल मीडिया पर भी हमारी कड़ी नजर है। कुंभ के लिए हमने डिजिटल वॉरियर बनाए हैं जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों को भी शामिल किया गया है।


## चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 100 स्टूडेंट्स ने लिया हिस्सा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय ने संविधान के अमृत महोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज बरावनकला काकोरी में चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पुरातत्व विभाग के अधिकारी बलिहारी सेठ और अभिषेक कुमार ने भारतीय संविधान के महत्व को बताया। उन्होंने देशभक्ति, सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति सम्मान और ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा का संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सबिया ने पहला, वर्षा गौतम ने दूसरा और आशु सैनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार सेजल और दृष्टि वर्मा को मिला। चित्रकला प्रतियोगिता में इशिका पहले स्थान पर रहीं, सोनाक्षी कश्यप ने दूसरा और सौरभ वर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंजली गुप्ता और अनय कन्नौजिया को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को उपहार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग अध्यक्ष ने की शिकायतों पर सुनवाई, कई प्रकरणों का हुआ निस्तारण

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने इंदिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त शिकायतों पर सुनवाई की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों पर निर्णय लिया गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। ममता यादव की शिकायत पर सुनवाई हुई, जिनकी पुत्री स्वर्गीय अलका यादव, प्राथमिक विद्यालय काकोरी में सहायक अध्यापिका थीं और कोविड काल में उनकी मृत्यु हो गई थी। सातवें वेतन आयोग के एरियर की दूसरी किस्त छह वर्ष बीतने के बावजूद जारी नहीं की गई।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। शिव कुमार बनाम उपजिलाधिकारी, रामसनेहीघाट बाराबंकी में आयोग में सुनवाई हुई।शिव कुमार के मामले में उपजिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। गृह विभाग को भी इस संबंध में लिखा जाएगा। रेखा देवी बनाम उपजिलाधिकारी, सीतापुर की भी सुनवाई की। रेखा देवी के जाति प्रमाण पत्र जारी करने में देरी के मामले में सुनवाई हुई। उपजिलाधिकारी सीतापुर ने दो वर्षों बाद प्रमाण पत्र जारी किया।

लेखपाल गुफरान की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। रामजी के पुत्र को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने में देरी के मामले में सुनवाई हुई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कार्रवाई करते हुए संबंधित सहायक को कार्य से हटा दिया। प्रकरण निस्तारित कर दिया गया। दीपक कुमार ने बागपत पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसाने की शिकायत की। आयोग ने पुलिस अधीक्षक, बागपत को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। जांच दूसरे क्षेत्राधिकारी को सौंप दी गई। लाखन सिंह के मामले में उपजिलाधिकारी महमूदाबाद सीतापुर ने बताया कि अवैध कब्जा हटा दिया गया है। प्रकरण निस्तारित कर दिया गया। सुनवाई के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अध्यक्ष ने संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का समय पर निस्तारण किया जाए।

## अनावासीय भवनों के लिए 1634.56 लाख स्वीकृत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशु चिकित्सा सेवायें तथा पशु स्वास्थ्य के तहत प्रदेश के 33 जनपदों में 96 पशुचिकित्सालयों के अनावासीय भवनों के निर्माण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में सोलह करोड़ चौंतीस लाख छप्पन हजार मात्र की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। इन भवनों का निर्माण जनपद अमरोहा, अयोध्या, बागपत, बलरामपुर, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, चन्दौली, फतेहपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, जालौन, जौनपुर, कानपुर नगर, कुशीनगर, महराजगंज, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, संतकबीरनगर, शामली, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर तथा उन्नाव में किया जायेगा।

कायाकल्प | सीएम के निर्देश पर मिशन निदेशक ने सभी अपर निदेशकों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी किया पत्र

# सरकार ने 122 सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड दिलाने को कसी कमर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। योगी सरकार स्वास्थ्य इकाइयों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर जिला अस्पताल से लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाण पत्र दिलाने के लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य इकाइयों को कायाकल्प अवार्ड के लिए भी तैयार किया जा रहा है।

इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक ने 122 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का जल्द से जल्द एक्सटर्नल एसेसमेंट कराने के निर्देश



दिए हैं। मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए स्वास्थ्य इकाइयों का टेक्नोलॉजी से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी अपर निदेशकों व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी पत्र में मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने निर्देश दिये हैं कि 24 से 29 दिसम्बर के बीच इन सभी स्वास्थ्य इकाइयों का एक्सटर्नल एसेसमेंट करा लिया जाए। हर स्वास्थ्य इकाई के लिए बाकायदा तीन-तीन एसेसर और एसेसमेंट की तारीख निर्धारित कर दी गई है। पत्र के अनुसार कानपुर व जौनपुर में सात-सात, बरेली व सिद्धार्थनगर में छह-छह, कानपुर देहात व शाहजहांपुर में पांच-पांच, लखनऊ, बाराबंकी, वाराणसी, बस्ती, संतकबीरनगर, आगरा, बुलंदशहर, भदोही व मथुरा में चार-चार, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़,म्संभल, पीलीभीत, बागपत, जीबी नगर, सहारनपुर, फिरोजाबाद, एटा, अलीगढ़, अंबेडकरनगर, मिर्जापुर व उन्नाव में तीन-तीन, अमेठी, औरैया, हाथरस में दो-दो, लखीमपुर खीरी, कासगंज, प्रयागराज में एक-एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का एक्सटर्नल एसेसमेंट किया जाना है।

## उत्तर प्रदेश उत्पादकों व उड़ीसा के क्रेताओं के मध्य विपणन के लिए 8,800 मीट्रिक टन आलू का अनुबंध

लखनऊ। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार किसानों की आमदमी को बढ़ाने के दृष्टिगत विभिन्न प्रदेशों में आलू बायर-सेलर मीट का आयोजन कर विपणन की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में आलू वायर-सेलर मीट का आयोजन 19 दिसम्बर को किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक तथा उड़ीसा के व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। प्रबन्ध निदेशक, हाफेड अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के कुशल मार्गदर्शन में आलू बायर-सेलर मीट का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। प्रदेश के आलू उत्पादकों तथा भुवनेश्वर के क्रेताओं के मध्य लगभग 8,800 मीट्रिक टन आलू का अनुबन्ध किया गया। वर्तमान में उडीसा सरकार द्वारा प्रदेश में आलू की काफी कमी का उल्लेख किया गया तथा उत्तर प्रदेश से गये आलू उत्पादक से अच्छी मात्रा में आलू क्रय करने की रूचि व्यक्त की गई। इस आयोजन के फलस्वरूप प्रदेश के आलू उत्पादक का उडीसा के क्रेताओं से अच्छा तालमेल हो गया है, जिससे वर्तमान वर्ष में तथा भविष्य में भी अच्छी मात्रा में प्रदेश में उत्पादित आलू को उड़ीसा के बाजारों में बिक्री हेतु भेजा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि देश में कुल उत्पादन का 30-35 प्रतिशत आलू का उत्पादन उ0प्र0 में होता है। प्रदेश में लगभग 240 लाख टन आलू का उत्पादन होता है।

# जैनस इनिशिएटिव ने छात्रों को वितरित किया स्कॉलरशिप, खिले चेहरे

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

एक स्थानीय रिजॉर्ट में जैनस इनीशिएटिव्स संस्था के संस्थापक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा इस वर्ष स्कॉलरशिप के लिए चयनित पल्लवी द्विवेदी, उमरा मिराज वैभव श्रीवास्तव, रुचि सोनी, आदर्श सिंह 5 बच्चे ये इस वर्ष के नए बच्चे हैं एवं 23 बच्चे पुराने हैं क्योंकि प्रत्येक बच्चों को 3 साल तक दिया जाता है नये छात्रों को सर्टिफिकेट व स्कॉलरशिप प्रदान की गयी तथा पुराने सभी छात्रों को भी स्कॉलरशिप दिया गया मुख्य अतिथि बहराइच श्रावस्ती की एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में मेहनत, हिम्मत और लगन से बड़ी से बड़ी




कल्पना साकार होती है।

सच्ची लगन तथा सच्चे उद्देश्य से किया हुआ प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता है। कठोर परिश्रम एवं कड़ी मेहनत मनुष्य का असली धन होता है। बिना कठिन परिश्रम के सफलता पाना असंभव है। इस दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता वह सफलता अवश्य पता है जैनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए अपने संबोधन में कहा कि परिश्रम ही जीवन की सफलता का रहस्य है।

छात्रवृत्ति उन जरूरतमंद बच्चों को दी जाती है जो पढ़ने में अच्छे एवं कमजोर वर्ग से आते हैं पैसों की कमी से प्रतिभावान छात्रों की पढ़ाई नहीं रुकेगी संस्था द्वारा 12वीं पास छात्रों को रुपये 12000 सालाना स्कॉलरशिप 3 वर्षों तक दिया जाता है इसके साथ मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ धनंजय श्रीकांत कोटे राजस्थाने ने कहा सच्ची लगन तथा सच्चे उद्देश्य से किया हुआ प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता है मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों के लिए एक अच्छे स्कूल में पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है ऐसे में जरूरत मंद लोगों को ऐसी योजना जो ऐसे बच्चों को पढ़ाई में आर्थिक मदद मिल रही है या एक सराहनीय कार्य है।

### कठिन परिश्रम वह चाबी है, जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है : डॉ. आलोक अग्रवाल

डॉ. आलोक अग्रवाल ने कहा कठिन परिश्रम वह चाबी है, जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है। सच्चे लगन, धैर्य और मेहनत के बल पर ही सफलता संभव है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने कहा कि बच्चे इस स्कॉलरशिप के महत्व को समझें और अच्छी पढ़ाई कर उच्च पद पर अग्रसर हो आगे चलकर वह भी ऐसे किसी की जरूरतमंद की हेल्प करें अंत में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ पीयूष रंजन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम का सफल संचालन चंदन तिवारी ने किया इसके साथ साथ जैनस इनीशिएटिव्स के साथ सामाजिक कार्य में सहयोग करने विभिन्न सामाजिक संगठन हरजीत सिंह छाबड़ा अरविंद श्रीवास्तव गप्पू भैया गोपाल मित्तल कसिम सिद्दीकी डॉक्टर्स में पियूष रंजन डॉ राजेश पांडेय एवं वरिष्ठ पत्रकारों में टी पी सिंह,एस पी मिश्रा, जानकी शरण द्विवेदी ओंकार पाठक समाज में जैनस इनीशिएटिव्य सामाजिक कार्य में सहयोग करने वालों को सम्मानित किया इस कार्यक्रम अपना गरिमामय उपस्थिति परसपुर विकास मंच अरुण कुमार सिंह, अंचल श्रीवास्तव, डा ए के उपाध्याय, अनिल श्रीवास्तव डा अंजू अग्रवाल,डा रश्मि मिश्रा रंजना बन्धु विवेक हर्ष उमेश शाह संजू छाबड़ा मनोज त्रिपाठी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।



## स्कूल में धूम धाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

गोन्डा, समृद्धि न्यूज। माडर्न सिटी मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज गायत्री पुरम गोंडा में रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। और उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी जीवन में परिश्रम कर लेता है। उसका शेष जीवन आनंद में गुजरता है इसलिए विद्यार्थी जीवन में ही कठोर परिश्रम करना चाहिए। प्राचार्य आर. पी. मिश्रा ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।और समारोह में स्कूल के एम. डी. विपुल कुमार श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को सम्मानित किया। और विद्यालय में आयोजित की जाने वाली भविष्य की रणनीतियों को अभिभावकों से साझा किया। इस दौरान छात्रों ने भारत की बहुरंगी संस्कृति को पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी लोकनृत्यों के माध्यम से दर्शाया गया। छात्रों ने अभिभावकों के सामने एक अनोखे प्रदर्शन द्वारा उन्हें उनके बचपन का स्मरण कराया। अभिनय द्वारा झांसी के रानी की जीवन गाथा तथा नन्हे मुन्ने बच्चों ने आज है संडे गाने के माध्यम द्वारा छुट्टियों का सदुपयोग करना सिखाया। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक हरिप्रसाद श्रीवास्तव ने सफल आयोजन पर खुशी जताई।

# डीएम की सख्ती : सड़क निर्माण की खराब गुणवत्ता पर कार्यदायी संस्था का भुगतान रोका, पुनर्निर्माण सुनिश्चित

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

विगत 13 दिसंबर 2024 को समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र में छपी खबर के माध्यम से सड़क निर्माण में खराब गुणवत्ता की शिकायत पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सख्त कार्रवाई की। यह मामला पंचम वित्त आयोग योजना के तहत विकासखंड झंझरी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खिराभा के सूबेदार पुरवा संपर्क मार्ग का था, जहां निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई थी।

शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था का भुगतान तत्काल रोकने का निर्देश दिया। साथ ही, दोषपूर्ण सड़क का पुनर्निर्माण सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी किया। इसके परिणामस्वरूप, सड़क का दोबारा



- समृद्धि न्यूज़ समाचार पत्र से प्राप्त शिकायत पर की गई त्वरित कार्रवाई
- संबंधित अधिकारी को दी गई लिखित चेतावनी

निर्माण कराया गया। इसके अतिरिक्त, अवर अभियंता जिला पंचायत को लिखित चेतावनी जारी करते हुए स्पष्ट किया गया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। यह मामला झंझरी विकासखंड में परियोजना ग्राम पंचायत खिराभा में स्थित सूबेदार पुरवा संपर्क मार्ग से सूबेदार पुरवा होते हुए नयसिरिया गांव तक के मरम्मत कार्य से जुड़ा था। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की सख्त निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में इस तरह की शिकायतें न आएं। उन्होंने कहा, जनता के हित और विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन की इस सख्त और त्वरित कार्रवाई ने जनता का विश्वास बढ़ाया है। साथ ही, यह सुनिश्चित किया गया है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे। स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना की और इसे जनहित में एक सकारात्मक कदम बताया।

# सुशासन सप्ताह अन्तर्गत गुड गवर्नेन्स की थीम पर कार्यशाला आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर शासन की मंशानुरूप जिले में संचालित किये जा रहे 'सुशासन सप्ताह 2024-प्रशासन गांव की ओर' अभियान अन्तर्गत जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर गुड गवर्नेन्स की थीम पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए सीडीओ मुकेश चन्द्र ने बताया कि सुशासन नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रस्तुत की गई डॉक्यूमेंट्री से हमें यह सीखने को मिलता है कि कैसे नवाचार और प्रभावी रणनीतियों के माध्यम से जनपद ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। सभागार में प्रदर्शित की गई डॉक्यूमेंट्री में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल पहल और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में किए गए सराहनीय कार्यों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर सुशासन सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र व चाभी तथा स्वच्छ शौचालय योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित 237 स्वयं सहायता समूहो को रू. 3,55,50,000.00 (रू. तीन करोड पच्पन लाख पचास हजार) मात्र सामुदायिक निवेश निधि के रूप में एवं 67 स्वयं सहायता समूहो को कुल रू. 20,10,000.00 (रू. बीस लाख दस हजार) मात्र रिवाल्विग फन्ड के रूप में वितरण किया गया।

# कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर द्वारा किसान सम्मान दिवस आयोजित

मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।




कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में आज दिनांक 23 दिसम्बर 2024 को किसान सम्मान दिवस के अवसर पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. एस के वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को किसानों का सच्चा हितैषी बताया। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह द्वारा कृषक हित में प्रशंसनीय कार्य किये गये। उन्होंने चौधरी चरण सिंह की जीवनी के बारे में बताया कि उनका जन्म 23 दिसम्बर वर्ष 1902 को ग्राम नूरपुर जनपद मेरठ में हुआ था। डॉ. डीके श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने पूर्व प्रधानमंत्री के प्रधानमंत्रित्व काल के बारे में अवगत कराया कि उन्होंने संसद में बैठने के बजाय कृषकों की समस्याओं को गांवों में जाकर सुना । डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने किसानों को कृषि आधारित व्यवसाय अपनाने की सलाह दी। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने नर्सरी उत्पादन तकनीक को किसानों के लिए अत्यंत फायदेमंद बताया। उन्होंने बताया कि जनपद में फल, सब्जी, फूलों आदि के उन्नतशील प्रजाति के पौधों की भारी मांग है। डॉ. हनुमान प्रसाद पांडे ने मृदा वैज्ञानिक ने कृषि रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कृषकों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आवाहन किया। डॉ. दिनेश कुमार पांडे ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की जानकारी देते हुए बताया यह योजना उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के द्वारा संचालित है। इस अवसर पर विक्रम सिंह यादव चालक, प्रगतिशील कृषकों शिवप्रसाद यादव, रामसागर वर्मा, शिवशंकर वर्मा, श्रीमती बालिका शर्मा, सुनीता शर्मा, वंदना मौर्य आदि महिला कृषकों सहित 55 कृषकों ने प्रतिभाग कर पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की। किसान गोष्ठी में उपस्थित सभी कृषकों एवं कृषक महिलाओं को सब्जी पौध निशुल्क वितरित की गई।

# अध्यक्ष बने दिलीप सुशील बने महामंत्री





- चित्रांश कल्याण समिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

चित्रांश कल्याण समिति उत्तर प्रदेश गोंडा का शपथ ग्रहण समारोह जनपद के राजा बक्स देवी वक्स सिंह पुस्तकालय में आयोजित हुआ।

शपथ ग्रहण में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की स्तुति आरती व जय घोष से पूरा परिसर गूंजायमान हो गया जिसके मुख्य अतिथि जनपद के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य विनोद कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी / संरक्षक अनिल कुमार श्रीवास्तव व प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने समिति के अध्यक्ष इंजीनियर दिलीप कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री सुशील कुमार श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव तथा महिला मातृशक्ति विंग की अध्यक्ष रेखा श्रीवास्तव महामंत्री निरूपा श्रीवास्तव, जिला संयोजक सुषमा एवं बाला श्रीवास्तव जिला प्रभारी को मनोनयन पत्र व पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित। अध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष ने संरक्षक मंडल ओमप्रकाश श्रीवास्तव, प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव व अनिल कुमार श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

महिला विंग की अध्यक्ष रेखा श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि समेत चुनाव अधिकारी व संरक्षक मंडल को अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित तत्पश्चात मनोनीत अध्यक्ष महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष के पद पर संतोष कुमार श्रीवास्तव (खरगूपुर) अरविंद सिन्हा, संजय कुमार श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव और ऑडिटर आनंद कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, पंकज कुमार श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, सुशील सुदीप श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, अरविंद सिंन्हा, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, रूपेश नारायण, जितेंद्र, ब्रज बिहारी, मदन गोपाल उर्फ लल्ला बाबू, संध्या, प्रतिमा, सीमा, रेनू श्रीवास्तव समेत जनपद के सैकड़ों महिला व पुरुष कायस्थ मौजूद रहे शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का कुशल संचालन समिति के मीडिया प्रभारी एवं मुख्य प्रवक्ता अतुल कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# ट्यूशन पढ़ाते शिक्षक की खराब हुई नियत, महिला से दुष्कर्म का प्रयास

- महिला ने खाया विषाक्त, जिला अस्पताल में भर्ती, केस दर्ज

बहराइच समृद्धि न्यूज।

जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में ट्यूशन पढ़ाते - पढ़ाते पड़ोस के शिक्षक की नियत बालिका के मां पर डोल गई और उसने बालिका के स्कूल जाते ही घर में घुसकर महिला के यौन उत्पीड़न की कोशिश की। इस घटनाक्रम के बाद महिला ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। गम्भीर हालत में महिला को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपुर थाने के एक गांव में पड़ोसी युवक राजेश मिश्र उर्फ धुल्ली एक व्यक्ति की छह वर्षीय बेटी को ट्यूशन पढ़ाता था। इस बीच युवा शिक्षक की नियत बालिका की मां पर डोल गई। बीते 17 दिसम्बर को महिला का पति बहनोई के गांव गया था और रात में वहीं पर रुक गया। अगले दिन बालिका के सुबह आठ बजे स्कूल जाते ही शिक्षक महिला के घर पहुंचा और यौन उत्पीड़न की कोशिश की। इस वारदात के बाद महिला ने पति को फोन कर तत्काल आने को कहा और जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गम्भीर हालत में महिला को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने शिक्षक के विरुद्ध घर में घुसकर यौन उत्पीड़न की धारा में केस दर्ज किया। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# खोखले साबित हो रहे गड्ढामुक्त सड़कों के दावे

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।

जनपद के तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र मे विधानसभा व लोकसभा के चुनावों मे बड़े मुद्दों मे से एक है सुजौली - हरखापुर मार्ग जिसको लेकर दोनो क्षेत्रों के लोगो का कहना है कि यह मार्ग हम लोगो के लिए महत्त्वपूर्ण मार्ग है यह मार्ग सिर्फ एक गांव को दूसरे गांव से नही जोड़ता बल्कि एक दूसरे के हृदय को भी जोड़ता है।

अधिकांश लोगो की रिश्तेदारी इन क्षेत्रों मे होने के कारण लोगो को आना - जाना पड़ता है लेकिन रास्ता ना होने के कारण लोगो को मिहींपुरवा होते हुए घूम कर आना पड़ता है। जिससे उस रास्ते की दूरी लगभग 60 कि.मी पड़ती है जिससे लोगो को आने जाने के लिए विचार करना पड़ता है। वहीं



- सड़क का नहीं भरता है गड्ढा, सिर्फ चुनाव का बनता है हर बार मुद्दा
- मुश्किल है तय करना गड्ढों में सड़क या सड़क में गड्ढे

इसी मार्ग पर सुजौली से महज 18 कि.मी की दूरी पर गंगापुर बाजार लगती है जहाँ से सुजौली - चफ़रिया के सब्जी विक्रेता सब्जी लेने के लिए जाते है जिससे कई बार उनके वाहन गिर जाने से उनका आर्थिक ओर शारीरिक दोनो नुकसान हों जाता है। लेकिन इस मार्ग के बनने को लेकर काफ़ी वर्षो से कई तरह के तथ्य सुनने को मिलते है। मार्ग से निकलने वाले सुजौली क्षेत्र वाहन चालकों ने बताया कि हम लोगो के यहाँ से हमारा ब्लॉक मिहींपुरवा हरखापुर मार्ग से लगभग 35 कि.मी पड़ता है वहीं बिछिया मार्ग से 55 कि.मी पड़ता है जिसके कारण अधिकांश लोग हरखापुर मार्ग को चुनना चाहते है लेकिन सड़क लगभग बंद होंने के कारण मजबूरन बिछिया मार्ग से होकर जाना पड़ता है। न्याय पंचायत कारीकोट के सभी ग्राम पंचायतों के लोगो को उपचार कराना हो, जिले पर पेसी हों, या अन्य कोई कार्य ब्लॉक या जिले पर हों तो इसी रास्ते से जाना पड़ता है। जिससे कई बार मार्ग की दूरी अधिक होने के कारण मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचते - पंहुचते दम तोड़ देते है।

## श्रीनन्द इंटर कालेज में आयोजित की गई वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी



### गुरुगोविंद सिंह के वीर बालकों की शहीदी को याद कर किया नमन

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। विशेश्वरगंज क्षेत्र अंतर्गत श्रीनन्द इंटर कालेज पहुंचकट्टा में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी बहराइच की जिला मंत्री हेमा निगम उपस्थित रही।कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष धनुही राज कुमार शुक्ल ने किया।संगोष्ठी का आयोजन कर गुरुगोविंद सिंह के वीर बालकों की शहीदी को याद कर नमन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि ने कहा कि वीर बाल दिवस की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर की थी। हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह दिवस साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को समर्पित है। उन्होंने कहा कि वजीर खान ने गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। आज उसी स्थान को फतेहगढ़ साहिब के नाम से जाना जाता है। उन्होंने उपस्थित जनों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह दिवस देश के वीर और साहसी इतिहास को सच्ची श्रद्धांजलि है। हमारे युवाओं को अपने इतिहास से प्रेरणा लेकर अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना चाहिए।इस अवसर पर,धनलाल पांडेय,अरविंद मिश्र,मोहन चंद्र पांडेय,प्रदीप शुक्ल,विद्यालय के प्राचार्य सर्वेश पांडेय,राम गोविंद शुक्ल,राजन तिवारी,राम कुमार तिवारी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# पहले वाहन का किया चालान, फिर पीछा कर रोककर जड़े थप्पड़

- ट्रैफिक पुलिस की गुंडागर्दी देख महिलाओं ने की हाथपाई
- इंडिकेटर न देने का आरोप लगा पुलिस ने पीटा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के ग्राम पंचायत गंगापुर से कुछ लोग सोमवार मरीमाता दर्शन के लिए जा रहे थे। चार पहिया वाहन पर सवारी अधिक होने के आरोप में ट्रैफिक पुलिस ने एक हजार का चालान काट दिया। इसके बाद भी इंडीगेटर न देने के आरोप में कुछ दूरी पर वाहन रोक कर चालक की पिटाई की। इसके बाद सभी ने महिलाओं से अभद्रता शुरू कर दी। जिस पर नाराज महिलाओं ने हाथपाई की।



वाहन स्वामी ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत बोझिया गांव निवासी बृजेश कुमार वाहन संख्या यूपी 40 टी 7296 से महिलाओं को लेकर मरीमाता मंदिर जा रहे थे।

वाहन सवार कोतवाली नानपारा के कुर्मीनपुरवा बाईपास पहुंचे। यहां पर ट्रैफिक पुलिस के उप निरीक्षक रवि यादव, सिपाही रवि शंकर और पीआरडी जवान ने वाहन रोका। वाहन स्वामी गंगापुर निवासी प्रियेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि वाहन में क्षमता से अधिक सवारी होने का आरोप लगा एक हजार रुपए मांगा गया न देने पर वाहन का एक हजार रूपये का ऑनलाइन चालान कर दिया। फिर चालक वाहन लेकर बहराइच के लिए रवाना हुआ। तभी सभी लोग वाहन का पीछा कर नानपारा चीनी मिल के पास पहुंचे। यहां पर इंडीगेटर न देने का आरोप लगाते हुए चालक की जमकर पिटाई की। अपशब्दों का प्रयोग किया। जिस पर महिलाओं ने विरोध किया तो महिलाओं से भी भिड़ गए। इस पर हाथपाई शुरू हो गई। एक सिपाही ने मामला शांत करवाया इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली बुलाए गए। यहां पर दोनों पक्ष के बारे में कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने सुना। कोतवाल का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# लड़के वालों ने दहेज में अचानक मांग ली बुलेट, मामला पहुंचा थाने

- नहीं हुआ निकाह; बैरंग लौटी बारात

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के फखरपुर कस्बे में रविवार को बरात आई, लेकिन दहेज की मांग और अधिक होने पर दुल्हन की विदाई नहीं हुई। बिना दुल्हन के बारात वापस चली गई। फखरपुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी तसीम अहमद उर्फ बचाऊ की बेटी का निकाह सराय जगना गांव निवासी नूर आलम पुत्र अलीम खान से तय हुआ था।तय कार्यक्रम के मुताबिक रविवार दोपहर को दूल्हा बारात लेकर फखरपुर कस्बा पहुंचा। इसी दौरान दूल्हे पक्ष से बुलेट बाइक के साथ



और अधिक दहेज की मांग की गई। जिस पर लड़की पक्ष ने इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया और बात थाने तक पहुंच गई। दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई। लड़की पक्ष से अब तक दिए गए दहेज और खर्च की मांग की गई। लेकिन दूल्हा पक्ष ने दहेज वापस देने से इनकार कर दिया बिना दुल्हन के बरात लेकर वापस लौट गए। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। अगर समझौता नहीं होगा तो केस दर्ज किया जाएगा।

# भूमि विवाद में मारपीट, चार घायल

धानेपुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

मिली जानकारी के अनुसार बाबागंज बाजार मे जमीनी विवाद की वजह से दो पक्षों मे मारपीट हुई। सास, बहू सहित चार लोगो को चोटे आई। पुलिस ने राम लखन कसौधन की तहरीर पर राम चंदर, विजय, माता प्रसाद व मनु पर सुसंगत धाराओ मे रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का डॉक्टरी मोआयना कराया है। मामले की जाँच कर रही है धानेपुर पुलिस।

# सीमावर्ती गांवों में आंकड़े जुटा रही एसएसबी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

गृह मंत्रालय के आदेश के बाद सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने सीमावर्ती गांवों में आंकड़े जुटाना शुरू कर दिया है। एसएसबी जवान गांव गांव जाकर गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार आंकड़े एकत्रित कर रहे हैं। इसके बाद यह आंकड़े गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा। गृह मंत्रालय सुरक्षा और अन्य कारणों को लेकर सीमावर्ती गांवों पर नजर बनाए रखती है। जिसके चलते सीमावर्ती गांवों में क्या हो रहा है, इसकी जानकारी एसएसबी उपलब्ध करवाती है। जिला नेपाल सीमा से सटा हुआ है। जनपद के सुजौली, मोतीपुर, मुर्तिहा, नवाबगंज और रूपईडीहा



- गृह मंत्रालय का आदेश आने के बाद शुरू की कार्रवाई
- पांच थाना क्षेत्र में 350 गांवों में जुटाएंगे आंकड़े

थाना क्षेत्र भारत नेपाल सीमा पर स्थित है। पांच थाना क्षेत्रों में लगभग 350 ग्राम पंचायत के लोग निवास करते हैं। इन गांवों में निवास करने वाले लोगों के आंकड़े गृह मंत्रालय की ओर से एसएसबी से मांगा गया है। गृह मंत्रालय का पत्र दो सप्ताह पहले जिला मुख्यालय को आया है। ऐसे में सीमावर्ती गांवों में जाकर एसएसबी जवानों ने आंकड़े एकत्र करना शुरू कर दिया है। एसएसबी 42वीं वाहिनी के उप कमांडेंट प्रचालन पवन कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष यह कार्यवाई की जाती है। यह सामान्य प्रक्रिया है। गृह मंत्रालय के आदेश पर सीमावर्ती गांवों में आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। वहीं एसएसबी जवान गांव के ग्राम प्रधान और अन्य लोगों से वार्ता कर गांव के भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

### नौ गांवों में किया दौरा

एसएसबी 59वीं बटालियन के चितलहवा बार्डर के जवान रविवार को ग्राम पंचायत उर्रा में पहुंचे। जवानों ने उर्रा, मधवापुर, अमृतपुर, हरखापुर, लाल बोझा समेत नौ गांवों में जाकर आंकड़े एकत्र किया।

### यह ले रहे जानकारी

एसएसबी के सहायक निरीक्षक प्रेम चंद ने बताया कि गांव तथा उसके मजरे की आबादी, मतदाता, पुरुष और महिला की उपस्थिति, समुदाय की प्रतिशत, संबंधित गांव में मकानों की संख्या, मंदिर और मस्जिद के बारे में जानकारी ली जा रही है।

# गोकुलपुर मंडल में आयोजित हुई वीर बाल दिवस संगोष्ठी

- बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को याद कर सीना गर्व से ऊंचा और सिर श्रद्धा से झुक जाता है : अनुपमा जायसवाल

बहराइच, समृद्धि न्यूज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वास्तव में प्रधानमंत्री ने वीर बाल दिवस की शुरुआत गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व से ही कर दी थी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 22 दिसंबर से 27 दिसंबर के बीच इस सप्ताह को वीर बाल दिवस सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा इसी क्रम में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी गोकुलपुर मंडल द्वारा ग्राम गोकुलपुर में वीर बाल दिवस




की संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल उपस्थित रहीं । गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि वास्तव में गुरु गोविंद सिंह के परिवार की शहादत भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी शहादत के रूप में जानी जाती है। मुगलों से लोहा लेते हुए गुरु गोविंद सिंह जी ने हिंदू संस्कृति और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने चारों पुत्रों को बलिदान कर दिया। मुगलों के आक्रमण के समय आनंदपुर से निकलते समय गुरु गोविंद सिंह जी का पूरा परिवार बिछड़ गया जिसमें उनके नव वर्षीय और 7 वर्षीय दोनों पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को 26 दिसंबर को औरंगजेब के आदेश पर वजीर खान के द्वारा दीवार में चुनवा दिया गया। दोनों बालकों ने हंसते-हंसते भारत देश की अस्मिता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को याद करके हम सभी का सीना गर्व से ऊंचा और सर श्रद्धा से झुक जाता है। हमें उनसे प्रेरणा लेकर अपने अंदर अपने देश व धर्म की रक्षा एवं सनातन संस्कृति के विकास के लिए ऊर्जा और जोश पैदा करना होगा और सदैव अपने धर्म संस्कृति के लिए मर मिटने के लिए तैयार रहना होगा तभी उन बलिदानी बालकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इससे पूर्व कल श्रावस्ती जनपद में भी सदर विधायक ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर वीर बाल दिवस गोष्ठी को संबोधित किया। यह कार्यक्रम गोकुलपुर के प्रधान अप्पू सिंह के संयोजन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ जितेंद्र त्रिपाठी मंडल उपाध्यक्ष हनुमान सिंह, कौशल किशोर तिवारी,विजय सिंह, प्रधान रामकुमार यादव, जगदीश मौर्य, बाबा रणजीत दास आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का किया शुभारम्भ

▸ जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए बाल मैत्री किट का किया वितरण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास खण्ड राही के सभागार में सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने आयोजित कार्यशाला में आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु, बाल मैत्री किट जिसमें 1 नवजात शिशु के वजन हेतु डिजिटल मशीन, 1 वयस्क हेतु डिजिटल वजन मशीन, 2 प्लास्टिक कुर्सी, 1 डिजिटल थर्मामीटर, एक दरी, दो पर्दे एवं एक बीपी मशीन आदि का वितरण किया। उक्त किट का वितरण ग्राम स्वास्थ्य पोषण स्वच्छता समिति निधि से किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी खातों को संचालित कराते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु किट का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से मेडिकल किट का भी वितरण किया गया है। इस प्रकार जनपद में 25 दिसम्बर 2024 तक 424 ग्राम पंचायतों में किट का वितरण कर दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## परीक्षा देकर लौट रहे बाइक सवार छात्र की नीलगाय से हुई टक्कर, घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बाइक सवार के सामने अचानक नीलगाय आ जाने से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसे राहगीरों के द्वारा बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। घटना सोमवार शाम 5:30 बजे के आसपास की है। जब बांदा बहराइच मार्ग पर ठकुराइन खेड़ा गांव के निकट बछरावां कस्बा निवासी अमोल साहू पुत्र रामखेलावन उम्र 20 वर्ष, थाना क्षेत्र गुरबक्श गंज अंतर्गत ग्राम गोझरी में बी ए की परीक्षा देने के लिए गया हुआ था। वापस आते समय ठकुराइन खेड़ा गांव के पास पहुंचे ही छात्र की बाइक के सामने अचानक एक नीलगाय सड़क पार करते हुए आ गई। और जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरो की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया।

# बॉलीवुड अभिनेत्री सुहासी धामी ने पूजा को पहनाया मिस यूपी का ताज

▸ माधव सेवा संस्थान द्वारा मिस यूपी फ़ैशन प्रतियोगिता रायबरेली में संपन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मिस यूपी फ़ैशन आइकॉन और प्रदेश स्तर की नृत्य प्रतियोगिता का ग्रैण्ड फिनाले रायबरेली शहर के रतापुर स्थित बैंक्वेट हाल में भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। माधव सेवा संस्थान के तत्वाधान में हुई मिस यूपी फ़ैशन आयकन सीज़न फ़ाइव प्रतियोगिता का उद्घाटन एन. जी. ओ. प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट, संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव और व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा के द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेत्री सुहासी धामी ने उपस्थित रह कर जहां सीनियर ग्रुप में पूजा को मिस यूपी का ताज पहनाया, वहीं जूनियर ग्रुप में दिव्यांका ने बाजी मारी। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री ने कहा कि बदलते परिवेश में कला और संस्कृति के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, उन्होंने कहा युवा इस क्षेत्र को भी अपने कैरियर के रूप में भी अपना सकते हैं।मिस यूपी प्रतियोगिता के सीनियर और जूनियर ग्रुप में शगुन और अक्षरा द्वितीय तथा लवली और अजेश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। माधव सेवा संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने बताया कि संस्थान संगीत और कला के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को अनेकों अवसर प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। संस्थान के संरक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, ज़रूरत उन्हें अवसर प्रदान करने की है। कार्यक्रम में डॉ. मनीष चौहान, प्रभाकर गुप्ता, त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, शैलेंद्र अग्निहोत्री ने उपस्थित रह कर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। विभिन्न आयु वर्गों में हुई नृत्य प्रतियोगिता में जहां मान्या, जीविका, साहिल, अंशू और अभिराम ने बाजी मारी, वहीं शताक्षी, सुरभि, आराध्या, मुस्कान और अंशिका द्वितीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह के द्वारा किया गया तथा वेव डान्स एकेडमी के डायरेक्टर विवेक मिश्रा की कोरियोग्राफी में सभी प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम में पूर्व मिस रायबरेली रहीं शिवांगी चौधरी, अमरदीप, अल्फ़िया मिश्रा निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के आयोजन में सुमित चौबे, रमा पांडेय, शैलेन्द्र अग्निहोत्री, विकास सिंह, सौरभ गुप्ता, फ़ातिमा ख़ान, नेहा सिंह, अनुराग श्रीवास्तव का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। संस्थान के सचिव सत्यम बाजपेयी ने बताया कि प्रतिभागियों के उत्साह को देखते हुए आगामी वर्ष में प्रतियोगिता राजधानी लखनऊ में करवाई जाएगी। कार्यक्रम में उषा किरन सिंह, स्मृति शुक्ला, अनुष्का सिंह कोऑर्डिनेटर के रूप में उपस्थित रहीं।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में परचून की दुकान में लगी आग



**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर नीमटीकर गांव के पास एक परचून की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई । जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक दुकान में रखी पंद्रह हजार की नगदी समेत दो लाख का सामान जलकर खाक हो गया है।

नीमटीकर गांव के रहने वाले सेवानंद पुत्र सुखदेव गांव के पास ही हाइवे किनारे परचून की दुकान का व्यवसाय करता है । उसका आरोप है कि सोमवार तड़के सुबह उसकी दुकान में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा दी गई । जिससे दुकान में रखी पंद्रह हजार की नगदी समेत लगभग दो लाख रुपये कीमत का सामान जलकर खाक हो गया है। संबंधित मामले में उसने थाने में तहरीर देकर पुलिस को घटना से अवगत कराया है । पीड़ित ने बताया कि जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक दुकान का सारा सामान जल चुका था। थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है । घटना की जांच की जा रही है ।

### अभ्युदय कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगी स्मार्ट क्लास की सुविधा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री ने अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग कर रहे छात्रों को दी बड़ी सौगात जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि अभ्युदय कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगी अब स्मार्ट क्लास की सुविधा, शहर के जीआईसी स्कूल में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग चलाई जा रही है जिसमें सिविल परीक्षा, आईआईटी, जेईई व नीट के तहत लगभग डेढ़ सौ छात्र कोचिंग ले रहे हैं जिसे आधुनिक बनाने के लिए जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने एक प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था जिसे शासन ने स्वीकार करते हुए लगभग 17 लाख रुपए जारी कर दिए जिससे बच्चों को आधुनिक सुविधाएं जैसे स्मार्ट क्लासेस डिजिटल बोर्ड वातानुकूलित लाइब्रेरी एवं वातानुकूलित कक्षाओं के साथ ही और भी कई आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी, शासन से स्मार्ट क्लास के लिए धन स्वीकृत होने के बाद छात्र छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

### हिंदू-मुस्लिम एकता क्रिकेट क्लब द्वारा किया गया क्रिकेट के मैचों का आयोजन



**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** हिंदू मुस्लिम एकता क्रिकेट क्लब के द्वारा बबुरिहा मैदान पर रविवार से क्रिकेट के मैचों का शुभारंभ हुआ वही आज दूसरे दिन सौरभ स्पोर्टिंग क्लब सिधौना एवं एम पी एल महराजगंज के बीच मुकाबला खेला गया जिसमें सौरभ स्पोर्टिंग क्लब सिधौना ने 78 रनों से मैच को अपने पक्ष में किया वहीं मैन ऑफ द मैच गौरव रहे जिन्होंने पूरे खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया दूसरा मैच अल्ताफ क्रिकेट क्लब एवं पहरेमऊ क्रिकेट क्लब के बीच चल रहा है आयोजनकर्ताओं ने बताया कि 22 दिसंबर से शुरू हुआ यह टूर्नामेंट कई वर्षों से हो रहा है तथा आने वाले रविवार को फाइनल खेला जाएगा। विजेता टीम को रु.15000 का पुरस्कार दिया जाएगा उपविजेता टीम को रु.000 का पुरस्कार दिया जाएगा तथा मैन ऑफ द सीरीज में स्मार्टफोन का पुरस्कार रखा गया है। इस मौके पर अर्पित अवस्थी सैफी शेख अकरम नवाब नूर आलम सरफराज ऋषभ वर्मा वाहिद शेख राजमणि सिंह सहित हजारों दर्शक मौजूद रहे।

### प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा मद्दोघाट के द्वारा संयुक्त वसूली टीम बनाकर 12 लाख रुपये वसूले



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा मद्दोघाट एवं तहसील उतरौला के द्वारा संयुक्ति वसूली टीम बनकर शाखा मद्दो घाट के बकायेदारों से वसूली करवाने हेतु क्षेत्र के कई गांव जिनमें खास कर जिगनी, माद्दोघाट, गोकुला बुजुर्ग आदि के बकायेदारों से सम्पर्क किया गया है। तहसील और बैंक के द्वारा बनाई गई टीम ने शाखा मद्दो घाट के 2 बड़े खातों में 12 लाख की वसूली की गई है। इस टीम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार राजीव वर्मा क्षेत्र के तीनों अमीन प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, इमामुद्दीन, अमरेश चंद्र वर्मा के साथ शाखा प्रबंधक मिन्हाज उल आब्दीन खान शामिल रहे। बैंक की वसूली के बाद तहसील की टीम ने वाणिज्य कर के वसूली के लिए भी कई गांव में अभियान चलाया है।

### अंकित गुप्ता के मौत से पूरे सादुल्लानगर बाजार में छाया मातम



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** सादुल्लानगर बाजार स्थित सुप्रसिद्ध पंसारी व दवा के प्रतिष्ठित व्यवसायी आशीष गुप्ता के छोटे अनुज अंकित गुप्ता सुपुत्र स्वर्गीय हरिश्चन्द्र गुप्ता,सादुल्ला नगर का दिनांक 22/12/24 शाम 5:00 बजे अचानक अच्छा भला होते हुए हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई। लोगो के पास शब्द नहीं है क्या कहे । हर तरफ गम का माहोल है। हर किसी की आँखे नम है। लोग यही कह रहे है। विधाता ने ये क्या कर दिया नियत को दया भी ना आई,अभी कुछ वर्ष पहले पिता स्वर्गीय हरिश्चन्द्र गुप्ता की एक दुर्घटना मे मृत्यु हो गई थी और अब अंकित का जाना हृदय को झकझोर देता है। पूरा बाजार सदमे में डूब गया, आज हजारों की संख्या मे लोगो ने नम आँखो से अंतिम विदाई दी।मोहल्ले के अवधेश गुप्ता ने नम आँखो से बताया कि श्री सिद्धेश्वर नाथ सेवा समिति के सक्रिय सदस्य थे। अंकित गुप्ता बहुत ही मिलनसार और सभी छोटे-बडो को सम्मान देने वाला लड़का था।उसका सभी को स्नेह और प्यार अजीवन यादो मे बना रहेगा। सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर कर शोक संवेदना व्यक्त की।इसी क्रम में सादुल्लानगर बाजार एवं क्षेत्रवासीयों ने नम आँखो से अश्रुपूरित श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# सीडीओ ने शीतलहर, ठण्ड से बचाव को लेकर की बैठक

▸ वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाया जाए, जिससे कोहरे में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके: अर्पित उपाध्याय



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में ठंड के मौसम शीतलहर, ठण्ड, पाला से निराश्रित, असहाय, कमजोर, गरीब व्यक्तियों/परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के सम्बन्ध में स्वास्थ्य, पशुपालन, परिवहन, राजस्व, पुलिस इत्यादि विभागों के साथ एक बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक मुख्य विकास अधिकारी ने विभागों द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि संबंधित अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित कराया जाए कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोये, यदि कही पर कोई ऐसा व्यक्ति दिखाई दे तो उसको पास के रैन बसेरों में शिफ्ट कराया जाए तथा सभी संबंधित स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्थाए भी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने जनपद में संचालित समस्त गौशालाओं में गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने उप पशु चिकित्सा अधिकारियों को नियमित रूप से गौशालाओं को निरीक्षण आदि करने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बसों/ट्रकों व ट्रैक्टर ट्राली इत्यादि वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाई जाए, जिससे कि कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शीतलहर के दौरान में अस्पतालों में डॉक्टरों सहित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, इसके साथ ही अस्पताल में मरीजों के तीमारदारों के लिए भी रैन बसेरा व अलाव की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए।

## बाइकसवार युवक बकरी को बचाने के चक्कर में कार से टकराया, घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बाइक सवार युवक सड़क पार कर रही बकरी को बचाने के चक्कर में सामने से आ रही कार से टकरा गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रविवार देर शाम की है। जब मौरावा बछरावां मार्ग पर बिशुनपुर के निकट रैन गांव निवासी राजेश पुत्र रामअधार उम्र 35 वर्ष, बछरावां बाजार से वापस अपने गांव रैन की ओर जा रहा था। तभी एक बकरी सड़क पार कर रही थी, अचानक सामने आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में युवक सामने से आ रही है कार से टकरा गया। और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में राहगीरों के द्वारा एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। युवक के सिर पर गंभीर चोट होने के चलते डॉक्टर इंद्र भूषण जायसवाल ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ता सम्मेलन व रात्रि चौपाल में की शिरकत


**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सवर्ण आर्मी रायबरेली के जिला अध्यक्ष वृजेन्द्र सिंह फौजी के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय ने प्रदेश मीडिया प्रभारी पुनीत ओझा तथा प्रदेश महासचिव सूरज प्रसाद चौबे साथ पहुंचकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।ऊंचाहार के पूरनशाह में जिला उपाध्यक्ष कुलदीप तिवारी के यहां तथा पूरे रामदीन गांव में ऊंचाहार ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिंह के निवास पर रात्रि चौपाल व चोखा बाटी भोज कार्यक्रम में शिरकत कर संबोधित किया।कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेश से आए हुए पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया।राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय द्वारा कार्यकर्ताओं को सवर्ण समाज के लोगो को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने हेतु प्रेरित किया गया।सर्वेश पांडेय व सवर्ण आर्मी के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

# टप्पेबाजों ने गाड़ी के अंदर रखे हजारों रुपए उड़ाए

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



डलमऊ क्षेत्र अपराधियों के लिए सबसे मुफीद जगह बनती जा रही है जहां अपराधी मनमानी तरीके से घटनाओं को अंजाम देते हैं और गायब हो जाते हैं अपराधी पुलिस की आंखों से सुरमा चुरा ले जाते हैं वही डलमऊ पुलिस सांप निकल जाने के बाद लकीर पीटती रहती है कोतवाली क्षेत्र में लगातार हो रही लूट हत्या एवं छिनैती टप्पेबाजी की घटनाओं से अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ता जा रहा है जिसके चलते क्षेत्र में दहशत फैलती जा रही है डलमऊ पुलिस इन घटनाओं पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है एक के बाद एक हो रही अपराधी घटनाओं पर अंकुश लगाने में असफल थानेदार पर पुलिस अधीक्षक भी पूरी तरह से मेहरबान दिखाई पड़ रहे हैं।

ताजा मामला डलमऊ कस्बे का है जहां रविवार को टप्पेबाजों ने गाड़ी के अंदर बैग में रखे हजारों रुपए पार कर दिए और पुलिस को चुनौती देते हुए फरार हो गए सोमवार को प्रार्थी में कोतवाली डलमऊ में दिए गए तहरीर में बताया कि रविवार को प्रार्थी की गाड़ी महिंद्र पिकअप रायबरेली से दुकान का सामान डिलीवरी करने मुराईका बाग आयी हुई थी, माल डिलीवर करने के पश्चात पार्टी द्वारा दिए गए सामान का पेमेंट 50,000 रु0 (पचास हजार) नकद जो कि पिकअप के ड्राइवर ने अपने बैग में रखकर गाड़ी में रख लिया था गाड़ी डलमऊ ब्लॉक के गेट के ठीक सामने खड़ी थी समय सायं करीब 3:30 बजे दो युवकों ने गाड़ी के अन्दर से पचास हजार रूपयो से भरा बैग लेकर गायब हो गए ड्राइवर को घटना की जानकारी होने पर उसने तुरंत 112 पर काल करके पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने हघटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज में भी गाडी से बैग चोरी करते हुए युवक दिखाई पड़ रहे है पुलिस ने काफी छानबीन की लेकिन हाथ कुछ नहीं लगा प्रार्थी ने मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है इस बाबत कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि गाड़ी से रु.50000 की चोरी हुई है जिसका मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## विकासखंड में अनियमितताओं का खुलासा, एडीओ पंचायत और ऑपरेटर पर सवाल

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** अवैध ढंग से भुगतान की शिकायतों के आधार पर तीन दिसंबर को देवीपाटन मंडल के उपनिदेशक पंचायत ने उतरौला विकासखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान विकासखंड में अनियमितताओं का बड़ा खुलासा हुआ। निरीक्षण के समय एडीओ पंचायत अशोक कुमार दुबे और कंप्यूटर ऑपरेटर कृष्णा मिश्रा अनुपस्थित पाए गए, जिससे अनियमितता की आशंका और बढ़ गई। निरीक्षण के दौरान विकासखंड के कंप्यूटर को छेड़छाड़ से बचाने के लिए उपनिदेशक अपने साथ ले गए। जांच में पाया गया कि कंप्यूटर में ई-ग्राम राजस्व पोर्टल की 299 आईडी और पासवर्ड सुरक्षित थे। इसमें ग्राम पंचायतों के तीनों प्रकार के लॉगिन (पंचायत सचिव, प्रधान, और तकनीकी सहायक) संग्रहीत थे। यह स्थिति गंभीर अनियमितता का प्रमाण है। जांच में खुलासा हुआ कि कंप्यूटर ऑपरेटर कृष्णा मिश्रा के मोबाइल नंबर से चार ग्राम पंचायतों—रुस्तम नगर, महुआधनी, फत्तेपुर, और मिलौली बाघाजोत—का संचालन किया जा रहा था। यह घटना ऑपरेटर की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जांच में यह भी सामने आया कि कृष्णा मिश्रा ने पहले अपने परिजनों की फर्मों से सामग्री की आपूर्ति कराई और उन्हें भुगतान भी किया। ई-ग्राम स्वरोजगार पोर्टल पर किए गए कई कंप्यूटर कार्य भी संदेहास्पद पाए गए हैं। उपनिदेशक पंचायत अटल कुमार राय ने जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय से स्पष्टीकरण मांगा है। इस प्रकार की अनियमितताओं की जांच अन्य विकासखंडों में भी की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस घटना के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। यह मामला विकासखंड स्तर पर सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और ईमानदारी की आवश्यकता को रेखांकित करता है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई ही लोगों का प्रशासन पर भरोसा कायम रख सकती है।

# गृहमंत्री की टिप्पणी पर सपा व संविधान रक्षा मंच का प्रदर्शन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पर गृहमंत्री अमित शाह की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और भारतीय संविधान रक्षा मंच के सदस्यों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। सपा के वरिष्ठ नेता रामदयाल यादव और विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्हें करोड़ों दलितों, पिछड़ों और वंचितों का मसीहा माना जाता है, पर की गई टिप्पणी ने देशभर में उनके अनुयायियों की भावनाओं को आहत किया है। सपा नेताओं ने इसे संविधान विरोधी मानसिकता करार देते हुए गृहमंत्री अमित शाह से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने और उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान भाजपा सरकार पर संविधान और दलित विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया। समाजवादी पार्टी के नेताओं ने कहा कि उनकी पार्टी का उद्देश्य लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करना है ताकि दलित और पिछड़े समाज के जीवन में खुशहाली लाई जा सके। उन्होंने गृहमंत्री की टिप्पणी को ÷अत्यंत खेदजनक÷ बताते हुए इसे अस्वीकार्य कहा। प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता एजाज मलिक, शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा, मोहम्मद शकील अहमद, निहाल अहमद खान, मोहम्मद शमीम, राजू खां, सुरेश यादव, मोटे यादव, विनोद यादव, अनिल कुमार भारती, रमेश कुमार समेत दर्जनों सपा कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी क्रम में भारतीय संविधान रक्षा मंच की उतरौला इकाई के अध्यक्ष महेश कुमार और संयोजक जयराम गौतम के नेतृत्व में भी बाबा साहेब के अनुयायियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने भी गृहमंत्री की टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए राष्ट्रपति से इस पर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर बृजेश कुमार, राजा भारती, जगराम बौद्ध समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के तहत बच्चों को स्कूल बैग किए गए वितरित

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के तहत शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार के परिषदीय व असरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। नए नवेले चमकते बैगों को पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। सोमवार को देवरिया इनायत, हसऊपुर, लक्ष्मणपुर, गुलरिहवा में दो हजार स्कूल बैग वितरित किया गया। बैग वितरण कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता रमेश चौहान ने बताया कि अब तक क्षेत्र प्राथमिक विद्यालयों में नौ हजार बैग वितरण किए जा चुके है और आगे भी वितरण किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अजय सिंह चौहान के सौजन्य से जरूरतमंद, गरीब, निर्धन, बच्चों को अब तक स्कूल बैग वितरित किये जा चुके है। कार्यक्रम में रमेश चौहान, अवधेश उपाध्याय, अखिलेश मिश्र, देवानंद तिवारी, नवनीत ओझा, शेष मणि तिवारी, बजरंगी उपाध्याय, राजमणि तिवारी, संदीप तिवारी, नारायण आदि मौजूद रहे। स्कूल बैग पाकर दिव्या तिवारी, आदर्श, नैतिक, शाहनवाज, सौम्या आदि छात्र/छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

# सर्दी में बढ़ता है दिल के दौरे का खतरा, स्वास्थ्य के प्रति रहें सतर्क: डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

ठंड का मौसम दिल की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उतरौला के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि ठंड के मौसम में हार्ट अटैक के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है, खासकर उन लोगों में जो पहले से दिल की बीमारी से ग्रसित हैं। इस मौसम में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने से दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा अधिक हो जाता है।

डॉ. सिंह ने बताया कि पहले यह समस्या केवल बुजुर्गों तक सीमित थी, लेकिन अब युवा भी इस खतरे का शिकार हो रहे हैं। उनके अनुसार, हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों के पीछे मुख्य कारणों में अनियमित खानपान, तनाव, और धूम्रपान प्रमुख हैं। इन आदतों से कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर बढ़ता है, जो दिल की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके अलावा, जिम में बॉडी बनाने के लिए की जा रही अत्यधिक एक्सरसाइज और गलत तरीके से सप्लीमेंट्स का सेवन भी दिल पर दबाव डाल सकता है। आजकल की जीवनशैली में शारीरिक श्रम की कमी हो गई है। घंटों एक ही जगह बैठे रहना और गतिहीन जीवनशैली दिल की बीमारियों के जोखिम को बढ़ाती है। शारीरिक फिटनेस पर ध्यान देने के बावजूद, मानसिक तनाव को अनदेखा करना भी खतरनाक साबित हो सकता है। मानसिक तनाव से दिल की धड़कन



असामान्य हो सकती है, जिससे हार्ट अटैक का जोखिम बढ़ता है। ठंड में हार्ट अटैक से बचने के लिए डॉ. सिंह ने कुछ महत्वपूर्ण उपाय सुझाए हैं, जिन्हें अपनाकर इस खतरे से बचा जा सकता है। रात को जल्दी सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। इससे शरीर को पर्याप्त आराम मिलता है, जो दिल की सेहत के लिए लाभकारी है। ताजे फल, सब्जियां और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें। वसा और तले-भुने भोजन से बचें, क्योंकि ये दिल की सेहत पर नकारात्मक असर डाल सकते हैं। कम से कम पांच किलोमीटर पैदल चलने की आदत डालें। इसके अलावा, योगाभ्यास भी करें, जो दिल की सेहत को बनाए रखने के लिए फायदेमंद है। धूम्रपान और शराब से कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप में वृद्धि होती है, जो दिल की सेहत के लिए खतरे का संकेत हैं। नियमित रूप से कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर, और ब्लड शुगर की जांच कराएं। इससे दिल की बीमारियों का समय रहते पता चल सकता है और उपचार शुरू किया जा सकता है। मानसिक तनाव को कम करने के लिए ध्यान, प्राणायाम और मेडिटेशन का सहारा लें। डॉ. सिंह ने बताया कि ठंड के मौसम में विशेष रूप से बुजुर्गों और युवाओं को सावधान रहने की आवश्यकता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे रक्तचाप में वृद्धि हो सकती है। बुजुर्गों को अपनी दवाइयों का नियमित सेवन और डॉक्टर की सलाह के अनुसार समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। वहीं, युवाओं को अपनी जीवनशैली में सुधार लाने और शारीरिक व मानसिक दोनों रूपों से स्वस्थ रहने की कोशिश करनी चाहिए।

डॉ. सिंह ने बताया कि हार्ट अटैक से बचाव के लिए जनजागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे अपनी जीवनशैली में सुधार लाकर इस गंभीर समस्या से बचने का प्रयास करें। खासकर ठंड के मौसम में दिल की सेहत को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतें। गर्म कपड़े जैसे स्वेटर, जैकेट, मफलर आदि का प्रयोग करें और खुद को ठंड से बचाकर दिल को स्वस्थ रखें।

ठंड के मौसम में हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों को लेकर जनसाधारण में जागरूकता फैलाना जरूरी है। यदि लोग अपनी जीवनशैली में सुधार लाते हैं, नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवाते हैं और मानसिक तनाव को कम करने के उपाय अपनाते हैं, तो हार्ट अटैक जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

# पारदर्शी हो लोकतंत्र

हाल ही में केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कतिपय इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार का कहना है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर यह कदम उठाया गया। चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 93 में यह संशोधन किया गया। दलील दी गई कि इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का दुरुपयोग रोकने के लिये यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने के लिये वकील महमूद प्राचा ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने को कहा था। दरअसल, प्राचा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव संचालन से संबधित वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा फुटेज और फॉर्म 17-सी की प्रतियों की मांग याचिका के जरिये की थी। हालांकि, चुनाव एजेंट की नियुक्ति, नामांकन फार्म, परिणाम व चुनाव खाता विवरण जैसे दस्तावेजों का उल्लेख चुनाव संचालन नियमों में किया गया है। मगर दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इसके दायरे में नहीं आते। सरकार के द्वारा हालिया संशोधन इस बात की पुष्टि करता है कि केवल नियमों में उल्लेखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिये उपलब्ध हो सकेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर पारदर्शिता की अवहेलना का आरोप लगाया है। साथ ही सरकार के फैसले को चुनौती देने की बात कही है। दरअसल, चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदान केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के दुरुपयोग से मतदान की गोपनीयता प्रभावित हो सकती है। दलील दी गई है कि इस फुटेज का इस्तेमाल एआई का उपयोग करके फर्जी विमर्श गढ़ने के लिये किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है कि लोकतांत्रिक शुचिता के लिये पारदर्शिता को क्यों नजरअंदाज किया जाना चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीवंतता इसी बात में है कि नागरिकों के सूचना अधिकार का अतिक्रमण किसी भी तरह से न हो सके। निस्संदेह, इस चिंता से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये तथ्यों से खिलवाड़ संभव है। बहुत संभव है अपनी सुविधा के लिये कतिपय राजनीतिक दल नये विमर्श गढ़ सकें। लेकिन इसके बावजूद आम नागरिकों को उस चुनावी प्रक्रिया को जानने का हक है जिसके जरिये सरकार बनती है। निस्संदेह, किसी भी लोकतंत्र की विश्वसनीयता उसकी पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया पर निर्भर करती है। कतिपय सुरक्षा चिंताओं के नाम पर पारदर्शिता का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी ओर विपक्ष की मांगों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सजग-सतर्क विपक्ष लोकतंत्र की सफलता के लिये अनिवार्य शर्त भी है। ऐसे में एआई के खतरे के नाम पर हर सूचना के अधिकार पर पहरा नहीं बैठाया जा सकता। वहीं ऐसे निर्णयों में विपक्ष की भागीदारी जरूरी है ताकि सत्तारूढ़ दल पर निरंकुश व्यवहार का आरोप न लग सके।

# अटल बिहारी वाजपेयी एक अजातशत्रु

मनोज कुमार मिश्र

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सही मायने में अजातशत्रु थे। उनसे जो कोई एक बार मिल लेता, उसे वे अपना बना लेते थे। आज अगर वे जीवित होते तो सौ साल के होते। 25 दिसंबर,1924 को ग्वालियर में जन्मे वाजपेयी जी ने 16 अगस्त,2018 को दिल्ली में अपनी अंतिम सांस ली। 93 साल के जीवन में वे 65 साल पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने अलग तरह की राजनीति की। दिल्ली ही नहीं देश के अनेक हिस्सों में सैकड़ों लोग ऐसे मिल जाएंगे जो अटल जी से जुड़े किस्से सुनाने लगेंगे। अपने निधन से सालों पहले वे बीमार होने के चलते राजनीति से दूर हो गए थे, बावजूद इसके उनके सरकारी आवास पर उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहता था। यह जानकर लोगों को ताजुब्ब होगा कि प्रधानमंत्री रहते हुए उनसे जो नेता सबसे ज्यादा मिलने जाते थे, उनमें एक नाम उनके भारी राजनीतिक विरोधी भाकपा महासचिव इन्द्रजीत गुप्त का था। उनके मित्रों की सूची में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला का नाम प्रमुख था। देश में कांग्रेस की सरकार थी और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विपक्ष के नेता रहे अटल जी की अगुवाई में तब के विदेशमंत्री संयुक्त राष्ट्र गए थे। उन्हें देखकर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के पसीने छूट गए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में अटल जी लखनऊ और गुजरात के गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे थे। लखनऊ में उनके सामने समाजवादी पार्टी ने फिल्म अभिनेता राज बब्बर को चुनाव लड़वाया। एक व्यवसायी जो एक मीडिया घराना भी चलाते थे, अटल जी को हराने के लिए हर प्रयास कर रहे थे। चुनाव में अटल जी की भारी जीत हुई। वे प्रधानमंत्री बने। कोई और होता तो उस व्यवसायी को परेशान करता। प्रधानमंत्री बनने के बाद अटल जी ने उनको समय देकर उनसे मुलाकात की। उसी मीडिया संस्थान के एक पत्रकार उनके साथ गांधीनगर गए हुए थे। गुजरात के तब के मुख्यमंत्री सुरेश मेहता ने अटल जी को खुश करने के लिए उस व्यवसायी के खिलाफ खिलाफ मुकदमा कायम करवाया था। अटल जी की चिंता उनके साथ गए उस मीडिया घराने के पत्रकार के नौकरी की थी। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी साथ गए दूसरे वरिष्ठ पत्रकार को दी। दिल्ली के अपने मित्र कांग्रेस नेता जग प्रवेश चन्द्र के अनुरोध पर उन्होंने एक विधायक की सदस्यता बचाई। अपनी विचारधारा के प्रति वे समर्पित थे। 1996 में उनकी सरकार केवल 13 दिन में चली गई। 27 मई,1996 को संसद में उन्होंने कहा कि सरकार बचाने के लिए वे विचारधारा से समझौता नहीं कर सकते। 1998 में वापस उनकी सरकार बनी जो 13 महीने चली और 1999 में बनी सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।



अटल जी न केवल लोकप्रिय नेता थे बल्कि कवि, लेखक पत्रकार भी थे। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन पत्रकार के नाते शुरू किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ कर राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन में पत्रकारिता की। 1951 से ही जनसंघ के स्थापना काल से जुड़े। संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहायक बने। फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सहयोगी बने। 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 1974 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तो उसके अध्यक्ष बने। वे पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद बने। 10 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से लोक सभा के सांसद रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनसे प्रभावित होकर कहा था कि एक दिन वे देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनके भाषण को सुनने के लिए देश के हर कोने में लोग देररात तक मीलों यात्रा करके आते थे। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान ने संसद में अटल जी के भाषणों का किस्से सुनाए थे। अटल जी को राजनीति की जमीनी समझ भी गजब की थी। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी को चुनाव के लिए तैयार करवाने वालों में अटल जी प्रमुख थे। उन्होंने जय प्रकाश नारायण और संघ नेताओं को विश्वास में लेकर ओम मेहता से इंदिरा गांधी पर चुनाव करवाने के लिए दबाव डलवाया। उन्हें पता था कि वे हारेंगी लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें बेहद लोकप्रिय बताकर चुनाव करवाने के लिए उन्हें तैयार किया। इसके चलते देश की राजनीति बदली।

उन्होंने 24 दलों के साथ मिलकर ऐतिहासिक सरकार चलाई और रिकार्ड काम किए। देश को चारों दिशाओं से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना बनी। 1998 में पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए गए। उससे खफा पाकिस्तान में कारगिल में हमला किया तो उसका मुंहतोड़ जबाब दिया गया। बावजूद इसके उन्होंने पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने की हर संभव प्रयास किया। दिल्ली से खुद प्रमुख नागरिकों के साथ बस से लाहौर की यात्रा की। उनकी कोशिश नवाज शरीफ का तख्तापलट होने और जनरल परवेज मुशर्रफ के अड़ियल रवैये से सफल नहीं हो पाई। पहले गैर कांग्रेसी नेता के रूप में उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री छह साल का कार्यकाल पूरा किया। वे कहा करते थे कि भारत को लेकर मेरी एक दृष्टि है-ऐसा भारत जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अटल जी की सोच को उन्नत तरीके से बढ़ाने में लगे हुए हैं। अटल जी को देश के अनेक हिस्सों में सम्मानित किया जाता रहा। 1992 में उन्हें पद्म विभूषण और 2015 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

अटल जी न केवल लोकप्रिय नेता थे बल्कि कवि, लेखक पत्रकार भी थे। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन पत्रकार के नाते शुरू किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ कर राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन में पत्रकारिता की। 1951 से ही जनसंघ के स्थापना काल से जुड़े। संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहायक बने। फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सहयोगी बने। 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 1974 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तो उसके अध्यक्ष बने। वे पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद बने। 10 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से लोक सभा के सांसद रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनसे प्रभावित होकर कहा था कि एक दिन वे देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनके भाषण को सुनने के लिए देश के हर कोने में लोग देरात तक मीलों यात्रा करके आते थे। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान ने संसद में अटल जी के भाषणों का किस्से सुनाए थे। अटल जी को राजनीति की जमीनी समझ भी गजब की थी। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी को चुनाव के लिए तैयार करवाने वालों में अटल जी प्रमुख थे। उन्होंने जय प्रकाश नारायण और संघ नेताओं को विश्वास में लेकर ओम मेहता से इंदिरा गांधी पर चुनाव करवाने के लिए दबाव डलवाया। उन्हें पता था कि वे हारेंगी लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें बेहद लोकप्रिय बताकर चुनाव करवाने के लिए उन्हें तैयार किया। इसके चलते देश की राजनीति बदली। जनता पार्टी सरकार के विदेश मंत्री के नाते पहली बार अटल जी ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया। वे कार्यकर्ताओं को खूब महत्व देते थे। हर रोज एक घंटा उनसे बिना पूर्व समय लिए कार्यकर्ता मिल सकते थे। किसी कार्यकर्ता के निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर समय तत्पर रहते थे। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए विजय गोयल प्रधानमंत्री कार्यालय का मंत्री रहने के चलते उनके काफी करीबी रहे। वो कहते हैं कि अटल जी सही मायने में राष्ट्र पुरुष थे। लंबे समय तक सांसद , मंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद वे आजीवन फक्कड़ रहे। शुरुआती दिनों के उनके साथी और लोकप्रिय कवि, गीतकार गोपाल दास नीरज ने एक बार संस्मरण सुनाया था कि वे अटल जी के साथ आगरा किसी कवि सम्मेलन में गए। रेलगाड़ी लेट होने से वे सम्मेलन स्थल पर तब पहुंचे, जब आयोजन समाप्त हो चुका था। उन्होंने नीरज को तांगे का किराया देने को कहा तो उन्होंने पैसा होने से इनकार कर दिया। फिर वे आगरा में रहने वाली अपनी बहन के घर गए और उनसे मांगकर तांगे का किराया दिया। वे आजीवन अविवाहित रहे। उन्होंने देश को अपना परिवार माना और खुद अपनी मुंहबोली बेटी के साथ जीवन का अंतिम समय बिताया। देश के विभिन्न हिस्सों और लाल किले पर दिए भाषणों के अंश आज भी अनेक लोग दुहराते मिल जाएंगे। उनकी कविताएं बेहद लोकप्रिय हैं। उन्हें देश और दुनिया में लंबे समय तक लोकतंत्र से जुड़े हर मामले में याद किया जाता रहेगा और उनका उदाहरण दिया जाता रहेगा।

विचार

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुधार की गुंजाइश या संविधान के नाम पर सिर्फ हंगामा

संजीव ठाकुर

आज राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन, सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के समय सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता, इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है। मणिपुर की शर्मनाक हिंसात्मक घटना के बाद सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए दूसरी तरफ राजनैतिक हिंसक घटनाओं के पीछे यदि कारण खोजे जाएं तो राजनीतिक पार्टियों के एजेंडा में ही कई कारण मिल जाएंगे।

अफगानिस्तान में तालिबानी आतंकवादियों द्वारा कब्जे के बाद वैश्विक अशांति का दौर चल रहा है, रूस यूक्रेन युद्ध औपनिवेशिकवाद तथा विस्तार वादी मंसूबों का परिणाम ही है। इसके अलावा अधिकांश लोकतांत्रिक देश इस अशांति से भयभीत और घबराए हुए और अपनी आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में लग गए हैं। तालिबान आतंकवादियों द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे से तालिबानी सोच पूरे विश्व में धीरे-धीरे फैलआने लगी है। खासकर लोकतांत्रिक देश जहां बोलने, सुनने, कहने और अपनी मनमर्जी करने की आजादी है, वहां लोकतंत्र का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व हिंसा का घिनौना खेल खेलने से नहीं चूक रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर दुर्गा पंडाल पर हमला कर दिया जाता है, यह एक तालिबानी सोच का सबसे बड़ा उदाहरण है। पाकिस्तान में सिखों को चुन-चुन कर मारा जाना भी इसी सोच का परिणाम है। लखीमपुर खीरी में बवाल मचाने वाले अनेक नेता जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यकों के जघन्य हत्याकांड पर अजीब तरीके से चुप हैं और उनकी सहानुभूति के लिए एक शब्द उनके मुंह से नहीं निकल रहे हैं। आज हर व्यक्ति, हर पार्टी, हर समूह के लिए लोकतंत्र के मायने अलग-अलग हैं। जब तक इनका उल्लू सीधा होता रहता है तब तक यह लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, इनका स्वार्थ सधने के बाद लोकतंत्र हवा में वाष्पित हो जाता है। भारत जैसे विशाल देश में इसे विश्व में सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, इस देश में जिसकी मूल आत्मा ही प्रजातंत्र, लोकतंत्र है,यही पर यदि लगातार अलोकतांत्रिक घटनाएं होती रहेंगी और अलोकतांत्रिक व्यवहार दर्शित होता रहेगा तो लोकतंत्र की मूल भावना न सिर्फ आहत होगी बल्कि गायब भी होना शुरू हो जाएगी। यहीं से लोकतंत्र के स्खलन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हम सारी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों पर गंभीरता के साथ विचार करें, तो पाएंगे कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जन्मी समस्याओं के पीछे शासन तंत्र नहीं बल्कि जनता के बड़े वर्ग का नेतृत्व करने वाले समूह इसका जिम्मेदार है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने कहा था कि जो लोग शासन करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि लोग साथ प्रशासन पर किस तरह प्रतिक्रिया जाहिर करते हैं, क्योंकि प्रजातंत्र में अंतर मुखिया जनता ही होती है, दूसरी तरफ आम नागरिकों का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा कि कानून का सम्मान किया जाना चाहिए ताकि हमारे लोकतंत्र की बुनियाद एवं उसकी संरचना बरकरार रहे और साथ ही मजबूती के साथ खड़ी रहे। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी कहना है कि लोकतंत्र में जनमत हमेशा निर्णायक होता है और हमें इसे विनम्रता से स्वीकार करना पड़ेगा। हम सभी देशवासियों को प्रजातंत्र की सफलता हेतु सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग करते हुए अपने कर्तव्यों का भी पूर्ण निष्ठा से पालन करना होगा। जवाहरलाल नेहरु जी ने भी कहा था कि प्रजातंत्र और समाजवाद लक्ष्य पाने के साधन हैं, स्वयं लक्ष्य नहीं। भारत के संदर्भ में लोकतंत्र है प्रजातंत्र के बारे में यही कहा जा सकता है कि यदि जनता अशिक्षित हो या अधिक समझदार ना हो तब प्रजातंत्र की खामियां सबसे ज्यादा सामने आती है। यदि जनता अति शिक्षित एवं समझदार है तो इसे सर्वोत्तम शासन व्यवस्था कहा जा सकता है क्योंकि किस प्रणाली में जनता को अपनी बात रखने का पूर्ण अधिकार प्राप्त होता है। प्रजातंत्र की सफलता के लिए जनता को सजग एवं सचेत रहकर अपने अधिकारों का सदुपयोग कर अपने कर्तव्यों का भी निष्ठा से पालन करना चाहिए।



साहित्य



## तेरे जाने का ग़म

दीपक सिंह

तेरे जाने का गम सहूं तो कैसे सहूं।
ऐ हीर तेरे बिन जियूं तो कैसे जियूं।।

दिल की जुदाई सह पाता नहीं हूं।
घुट से हूं जिंदा कह पाता नहीं हूं।
मर जाऊंगा ये तो कहता नहीं
मिट जाऊंगा कह पाता नहीं हूं।।

दिल पर लगा
जो जख्म सहूं तो कैसे सहूं।

तेरे जाने का ग़म सहूं तो कैसे सहूं।
ऐ हीर तेरे बिन जियूं तो कैसे जियूं।।

इस दिल का जख्म भरता नहीं है।
तेरे बिना कोई सिल सकता नहीं है।।
जो मुझे देखने के बहाने ढूंढते थे।।
अब निकलते हैं तो पता चलता नहीं है।।

वादे निभाने की,
कमसे सहूं तो कैसे सहूं।।

तेरे जाने का ग़म सहूं तो कैसे सहूं।
ऐ हीर तेरे बिन जियूं तो कैसे जियूं।।



# राशिफल

**मेषः-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुनः-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्याः-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुलाः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनाएं। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिकः-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनुः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकरः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीनः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# ग्राहक सशक्तिकरण ही ग्राहक संप्रभुता का मार्ग

दिनकर जी सबनीस

**ग्राहक दिवस 24 दिसंबर पर विशेष**

भारतीय चिंतन के दृष्टिकोण से अर्थव्यवस्था के केंद्र बिंदु ग्राहक संप्रभुता पर विचार करने से पहले ग्राहक शब्द का अर्थ समझना आवश्यक है। क्योंकि वैश्विक ग्राहक आंदोलन ग्राहक को बाजार में की जाने वाली खरीद-बिक्री की गतिविधियों तक ही सीमित रखता है। जबकि ग्राहक शब्द अंग्रेजी में उपभोक्ता या कस्टमर का पर्याय नहीं है। इसे हिंदी शब्द उपभोक्ता का पर्याय भी नहीं माना जा सकता। उपभोक्ता शब्द उपभोग की अवधारणा से लिया गया है, जबकि ग्राहक शब्द प्राप्त करने या स्वीकार करने की क्रिया से उत्पन्न हुआ है। दोनों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है। उपभोग असीमित है और आवश्यकता के बजाय क्षमता को संतुष्ट करता है, जबकि प्राप्ति आवश्यकताओं की पूर्ति तक सीमित है। आवश्यकता पूरी होने पर संतुष्टि प्राप्त होती है।

ग्राहक शब्द सुनकर वास्तव में विचार यह होना चाहिए कि ग्राहक ही अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। ग्राहक केवल वस्तुओं और सेवाओं के खरीदार नहीं हैं। ग्राहक आर्थिक ढांचे का केंद्रीय तत्व हैं। ग्राहक की मांग ही उत्पादन प्रक्रिया की शुरुआत करती है, और यही मांग अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखती है। ग्राहक की प्राथमिकताएं और शक्ति अर्थव्यवस्था को दिशा देती हैं। अगर ग्राहक उत्पादों या सेवाओं के प्रति उत्साह नहीं दिखाते हैं तो उद्योग और व्यवसाय मंदी का अनुभव कर सकते हैं, जिससे अंततः उत्पादन में कमी और अर्थव्यवस्था में संभावित ठहराव आ सकता है। इसका मतलब है कि आर्थिक समृद्धि के लिए ग्राहक का आत्मविश्वास और क्रय शक्ति आवश्यक है।

आर्थिक परिदृश्य में विभिन्न बाजार विकल्पों की उपलब्धता बढ़ रही है, परन्तु ग्राहक को प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। उनकी जरूरतें और प्राथमिकताएं अद्वितीय हैं। इसलिए, सरकार और विभिन्न व्यवसाय अपने ग्राहक अनुभव और संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतियां तैयार करते हैं। इस संदर्भ में ग्राहक की संप्रभुता का उल्लेख भी महत्वपूर्ण है। ग्राहकों के पास अब ज्ञान और विकल्प दोनों हैं और वे इनका उपयोग संतोषजनक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए करते हैं। उनके लिए अपने अधिकारों और विकल्पों के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे न केवल उनकी संप्रभुता मजबूत होती है, बल्कि अर्थव्यवस्था भी सशक्त होती है।

अंततः हम कह सकते है, ग्राहक अर्थव्यवस्था के विकास और सुधार के लिए जरूरी कुंजी हैं। उनकी संतुष्टि और भरोसा दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। किसी भी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ग्राहक की सक्रिय भागीदारी एक अनिवार्य शर्त है। लेकिन, वर्तमान में वैश्विक आर्थिक गतिविधियां ग्राहक की अनदेखी करते हुए संचालित की जा रही हैं। पारदर्शिता का पूर्ण अभाव है। यही कारण है कि दुनिया की अधिकांश अर्थव्यवस्था इस समय संकट में हैं। सरकार, उत्पादक, कॉरपोरेट और व्यापारी ग्राहकों को अंधेरे में रखकर न केवल उनका शोषण कर रहे हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था के पोषक तत्वों को भी नष्ट कर रहे हैं। वे भूल जाते हैं कि जैसे ही ग्राहक का बाजार से भरोसा डगमगाता है, वैसे ही मंदी की काली छाया बाजार को अपनी चपेट में लेने लगती है। ऐसी स्थिति में अर्थव्यवस्था के सभी घटक प्रभावित होने लगते हैं और वे ग्राहकों को बाजार की ओर आकर्षित करने के लिए अप्राकृतिक तरीकों का सहारा लेते हैं।

पश्चिमी दुनिया में ग्राहकों की प्रकृति, व्यवहार और विशेषताओं के कारण बाजार मंदी से उबर जाते हैं, लेकिन इसकी कीमत ग्राहकों को चुकानी पड़ती है, जो लगातार कर्ज के बोझ तले दबते जाते हैं। इसके विपरीत हमारे देश में ग्राहक, भारतीय ग्राहक आंदोलनों और सांस्कृतिक प्रवृत्तियों से प्रभावित होकर अपनी आवश्यकताओं को सीमित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सरकार विभिन्न वित्तीय संस्थानों के माध्यमों से ग्राहकों को अपनी जरूरत बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आसान पूंजी और ऋण उपलब्ध कराने के बाद भी स्थानीय ग्राहक अपनी जरूरतें बढ़ाने में बहुत



कम रुचि दिखाते हैं, क्योंकि वे अपने कर्ज का बोझ नहीं बढ़ाना चाहते। भारतीय बाजार में ग्राहक मांग बढ़ाने के कृत्रिम तरीकों से दूर रहते हैं। हालांकि, यह स्पष्ट है कि बाजार की समृद्धि पूरी तरह से ग्राहक के व्यवहार और आवश्यकताओं पर निर्भर करती है। इसके बावजूद वर्तमान में सरकार, उत्पादक और व्यापारी ग्राहक की अनदेखी कर रहे हैं। हालांकि, ग्राहक आंदोलनों के प्रचार-प्रसार और ग्राहक कार्यकर्ताओं की सतर्कता के कारण, ग्राहक सहायता के नाम पर कुछ कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश कार्यक्रम ग्राहक की समस्या को हल करने के बजाय उसे और जटिल बनाते नजर आते हैं। वे ग्राहक की समस्याओं को सुनते नहीं हैं, बल्कि ग्राहक को अपनी समस्याओं को अपने तैयार किए गए ढांचे में बांधने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे समस्या-समाधान की आड़ में उनका ध्यान भटक जाता है। इन कार्यक्रमों का मूल उद्देश्य उत्पादकों के हितों की सेवा करना है, जिसके कारण अपनी समस्याओं का समाधान चाहने वाले अधिकांश ग्राहक निराशा में सिर पकड़कर बैठ जाते हैं। उत्पादक वस्तुओं का निर्माण करते हैं और सेवा प्रदाता ग्राहक को सेवाएं प्रदान करते हैं। ग्राहक को इन वस्तुओं और सेवाओं की आवश्यकता होती है। इसलिए दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। फिर इस प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव क्यों है? उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं के मुनाफे पर ग्राहकों को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, इस मुनाफे की सीमा निर्धारित होनी चाहिए। आजकल ग्राहकों का शोषण करने के लिए नई-नई मार्केटिंग तकनीक अपनाई जा रही है। यह शोषण बंद होना चाहिए। ग्राहक आंदोलन वस्तुओं को सस्ता बनाने के बारे में नहीं है, यह उचित मूल्य पर उचित वस्तु की वकालत करता है। जब कोई ग्राहक किसी उत्पाद के लिए निर्माता द्वारा मांगी गई पूरी कीमत चुकाता है, तो उसे ऐसा उत्पाद मिलना चाहिए जो निर्माता द्वारा वादा किए गए गुणों को पूरा करता हो। वे उत्पाद की गुणवत्ता से समझौता क्यों करें? ग्राहक उत्पाद के लिए चुकाई गई कीमत का पूरा मूल्य चाहता है, थोड़ा भी कम नहीं। यही परिस्थितियां हैं जो बाजार में टकराव का माहौल बनाती हैं। नीतिगत विषय तो यह है कि ग्राहक आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बिंदु होने तथा आर्थिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण संप्रभुता होना चाहिए। ये गतिविधियां पर्दे के पीछे नहीं, बल्कि पारदर्शी तरीके से संचालित होनी चाहिए। इन आर्थिक गतिविधियों में ग्राहक को शामिल होना चाहिए। आर्थिक गतिविधियां त्रिकोणीय (सरकार, उत्पादक और व्यापारी) नहीं होनी चाहिए। वे चतुर्भुज (सरकार, उत्पादक, व्यापारी और ग्राहक) होनी चाहिए। अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से और स्थायी रूप से विकसित करने के लिए यह एक आवश्यक शर्त है। इसके अभाव में सरकार, उत्पादक और ग्राहक के बीच टकराव जारी रहेगा, जो देश और उसकी अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक नहीं है। यह अलग बात है कि आज ग्राहक आंदोलन इतना संगठित या मजबूत नहीं है कि वह सीधे आर्थिक गतिविधियों में हस्तक्षेप कर उन्हें पंगु बना सके। हालांकि, ग्राहकों को संगठित करने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रयास सफल हो रहे हैं। वर्तमान समय की आवश्यकता है कि ग्राहकों को आर्थिक व्यवस्था के नीति निर्धारण में शामिल करना और उन्हें उनका उचित स्थान देना, प्राथमिकता होना चाहिए और आर्थिक ढांचे के सभी घटकों को साथ मिलकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

**(लेखक, अखिल भारतीय संगठन ग्राहक पंचायत के केंद्रीय संगठन मंत्री हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# मंडलायुक्त व जिलाधिकारी की मौजूदगी में ग्राम चौपाल आयोजित

**सभी समस्याओं को एक सप्ताह के अंदर निस्तारित करें संबंधित अधिकारी: मंडलायुक्त**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जनपद के विकासखंड कबरई की ग्राम पंचायत रहेलिया में आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बाँदा बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

ग्राम चौपाल में मंडलायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा सभी समस्याओं को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के अंतर्गत गांव में कैंप लगाकर लोगों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए तथा योजना में अधिक से अधिक पंजीकरण कराये जाए। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत गांव में प्रत्येक घर तक नियमित रूप से प्रतिदिन पेयजल सप्लाई की जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से शत-प्रतिशत लोगों को आच्छादित किया जाए तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कृषकों को उचित मुआवजा दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि गांवो के संपर्क मार्गो को दुरुस्त किया जाए गांव में जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए, इसके लिए खेत तालाब योजना को अच्छे ढंग से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए जागरुक करते हुए कहा कि जल का उतना ही उपयोग किया जाए जितनी उसकी आवश्यकता है, अनावश्यक जल का दुरुपयोग किसी भी दशा में ना किया जाए। उन्होंने चिकित्सा विभाग को 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की मौजूदगी में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए।इस अवसर पर मंडलायुक्त महोदय नें रहेलिया के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरित किये तथा सहभागिता योजना के तहत ग्राम की दो महिलाओं को मामना गौशाला से दो गाय दी गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का मण्डलायुक्त ने अवलोकन किया तथा कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बनवायी जाए, जिससे किसानों को योजना से लाभान्वित किया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी पंकज यादव, खंड विकास अधिकारी कबरई सौम्या आलोक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा ग्रामीण मौजूद रहे।




# सर्वाधिक पंद्रह फीडरों में अत्यधिक बिजली चोरी होने से विजिलेंस को किया सतर्क

**हमीरपुर के नौ व राठ के छह फीडर हैं शामिल, ग्रामीण क्षेत्र में चोरी पर नहीं लग पा रहा है अंकुश**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में अभी भी विद्युत चोरी(लाइन लास)तीस फीसदी चल रही है पंद्रह फीडरों में अधिक विद्युत चोरी होने पर अधीक्षण अभियंता ने विजिलेंस पुलिस को सख्त कार्रवाई करने को कहा है ताकि राजस्व बढ़ाया जा सके। जिसमे छह फीडर राठ के शामिल है।

जानकारी के मुताबिक जिले में विजिलेंस व विद्युत चोरी निरोधक थाना स्थापित होने के बाद भी विद्युत चोरी नही रुक रही है, केविल डालने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र में चोरी घटने के बजाय बढती जा रही है शहरी क्षेत्र में विद्युत चोरी लगातार कम होती जा रही है। सर्दियों के मौसम में लाइन लास तीस फीसदी होने पर विभागीय अभियंताओं में चिंता देखी जा रही है जबकि गर्मियों के सीजन में चोरी चालिस फीसदी तक पार कर जाती है।

जिले में शहरी क्षेत्र में रमेडी फीडर, हमीरपुर शहर, कुरारा टाउन, सिसोलर क्षेत्र के टिकरी, विवार क्षेत्र के विवार टाउन, टेढ़ा क्षेत्र के पचखुरा,सुमेरपुर क्षेत्र के सुमेरपुर कस्बा व मुंडेरा फीडरों में जमकर विद्युत चोरी की जा रही है इसी प्रकार राठ क्षेत्र में औंडेरा, मुस्कार क्षेत्र के बसवारी, नदेहरा, ममना, खेड़ा व गोहांड क्षेत्र में सर्वाधिक विजली चोरी की जा रही है। इन क्षेत्रों से विजली चोरी होने के कारण लगातार राजस्व में गिरावट आ रही है विभाग के एसई ने इन पंद्रह स्थानों पर विजिलेंस को विशेष ध्यान देने को कहा है ताकि विजली चोरी को रोका जा सके।

जिले में करीब दो सौ से अधिक फीडर स्थापित है जिसमे फिलहाल पंद्रह फीडरों को चिंहित किया गया है हालांकि जिले में और भी फीडर है जहा पर विजली की चोरी की जा रही है,अधीक्षण अभियंता जीसी यादव का कहना है कि चोरी रोकने का पूरा प्रयास किया जा रहा है इसके लिये विभागीय विजिलेंस व पुलिस की मदद ली जा रही है। शीघ्र ही इसमे नियंत्रण पा लिया जायेगा।

### पांच विभागों की राजस्व वसूली कम होने से शासन ने दिए सख्त आदेश

**हमीरपुर।** जिले में पिछली माह की अपेक्षा पांच विभागों की राजस्व वसूली कम हुई है जिसे शासन ने संज्ञान में लिया है, सभी को वसूली बढ़ाने के आदेश दिये गये है। जानकारी के मुताबिक शासन स्तर पर हर विभाग को राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया जाता है और हर महीने उसकी समीक्षा की जाती है यहा तक कि पिछले साल व वर्तमान साल में चालू माह की भी समीक्षा की जाती है पिछले माह की अपेक्षा इस साल राज्य कर विभाग की जीएसटी वसूली आठ फीसदी, आबकारी विभाग की सोलह फीसदी, परिवहन की चौदह फीसदी, विद्युत की 45 फीसदी, खनिज की 37 फीसदी कम हुई है कुल देय में करीब साठ फीसदी से अधिकक गिरावट आयी है जिस पर शासन ने शीघ्र ही वसूली बढ़ाने के आदेश दिये है। खनिज के लक्ष्य अधिक होने के कारण वसूली प्रभावित बतायी जाती है वही राज्य कर विभाग में व्यापारियों पर धीरे धीरे वसूली का शिकंजा कसा जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### कैप्टन सुखवासी सिंह महाविद्यालय में 25 दिसंबर से शोभिटाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन




घाटमपुर। नगर मूसानगर रोड स्थित चीना रेस्टोरेंट में सोमवार को 25 दिसंबर से कैप्टन सुखवासी सिंह महाविद्यालय में होने वाले शोभिटाल क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर 16 को लेकर प्रेस वार्ता की गई। जिसमें आयोजक कर्ता अजीत सचान ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि 25 दिसंबर से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ब्लू स्टार क्रिकेट एकेडमी, एफजीके क्रिकेट एकेडमी, आरवीएस क्रिकेट एकेडमी, आरआर क्रिकेट एकेडमी, सोनू स्पोर्ट्स , कानपुर किंग हिट्स, घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी, कपिल क्रिकेट एकेडमी टीमे सम्मिलित होगी। टोटल 15 मैच होंगे। जिसमें लीग मैच 12 होंगे। लीग मैच में टाप 04 टीमें सेमीफाइनल खेलेगी, सेमीफाइनल विजेता टीम फाइनल में प्रवेश करेंगी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय सचान उर्फ गुडडू चौधरी को आमंत्रित किया गया है।

### किसान दिवसः किसानों व पशुपालकों को किया गया सम्मानित

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** पूर्व प्रधानमंत्री किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले किसानों व पशुपालकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लाला राम निषाद ने की।उन्होंने चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए किसानों से कहा कि परंम्परागत खेती वैज्ञानिक दृष्टिकोण से करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब किसानों के मसीहा थे। खंड विकास अधिकारी दुर्योधन ने कहा कि चौधरी साहब का जन्मदिन किसान सम्मान दिवस मना रहे हैं। इसका अर्थ यह है कि जिन किसानों ने कृषि क्षेत्र में व पशुपालन क्षेत्र में विशेष योगदान किया है।उन्हें सम्मानित किया जाए और इस सम्मान समारोह में मटर की अच्छी खेती करने वाले अच्छा उत्पादन देने वाले कृषक चंद्रभान और उर्द का अच्छा उत्पादन करने वाले कृषक चंद्र भूषण मछली पालन में कुशलता दिखाने वाली कौशल्या तथा भैंस पालन में कुशल कृषक सुनील कुमार को सम्मानित किया गया। संचालन कृषि विभाग के अरविंद तिवारी ने किया। इस अवसर पर संभागीय कृषि विभाग के अधिकारियों ने व आए हुए विशेष अतिथियों जिन में रामसनेही साहूए डॉक्टर हबीब खानए एडीओ कृषि मोहम्मद अफजाल आदि ने अपने-अपने विषयों पर चर्चा की और किसान सम्मान दिवस पर किसानों को प्रोत्साहित किया।

### बैंक मैनेजर की हिटलरी की शिकायत क्षेत्रीय प्रबंधक से, किसानों ने बतायी अपनी पीड़ा

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** शाखा प्रबंधक की कार्य प्रणाली से नाराज उपभोक्ता ने क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक को शिकायत भेजते हुए अपनी पीड़ा बताई है।विकासखंड के सायर गांव निवासी कामता प्रसाद पुत्र बद्दी प्रसाद ने क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक एवं जिलाधिकारी को शाखा प्रबंधक के विरुद्ध तहरीर देकर बताया कि उसका वर्ष 2010 का पुराना किसान क्रेडिट कार्ड है जिसको वह नियमित रूप से नवीनीकरण करता रहा है लेकिन वर्ष 2020 में किसान की फसल अच्छी न होने पर उसकी भरपाई देर से 64हजार का भुगतान किया जब किसान को खेती.बाड़ी सिंचाई व उर्वरकों के लिए पैसे की आवश्यकता हुई तो मे बैंक पैसा निकालने के लिए गया तो बैंक मैनेजर ने कहा कि आपका खाता बंद कर दिया है जब स्थानीय लोगों से इस बात की चर्चा की गई तो बैंक मैनेजर ने किसान को बैंक बुलाकर अभिलेख मांग कर खाता शुरू करने का आश्वासन दिया लेकिन दो सप्ताह तक किसान लगातार बैंक के चक्कर लगाता रहा और अंत में बैंक मैनेजर ने धमकी देते हुए कहा कि चाहे जहां चले जाओ तुम्हारा खाता चलू नहीं हो सकता है पीड़ित ने मैनेजर के ऊपर आरोप लगाते हुए दलालों के माध्यम से बैंक का खाता संचालित करने की बात कही जिलाधिकारी व क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक की लिखित शिकायत की है।

### राजीनामा करने से इंकार करने पर की गयी हत्या के मामले में छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदंड

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** कुरारा क्षेत्र के एक गाव में बारह साल पहले लड़की के छेडखानी के मामले में राजीनामा न करने पर युवकों द्वारा अनुसूजित जाति के युवक को पीटपीट कर हत्या कर देने के मामले में सोमवार को अदालत ने पिता पुत्रो समेत छह लोगो को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। सभी पर चालिस चालिस हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव के रमेश ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करायी थी उसकी पुत्री की छेड़खानी का मामला गांव के सतीश यादव पुत्र देवसिहं पर अदालत में विचाराधीन था,जिसमे राजीनामा के लिये गांव के देवसिहं संतोष,बृजेश,अरुण, ओमकार,राजेश,सुनील व अवधेश,संतोष पुत्र रामऔतार खंगार लगातार दबाव बना रहे थे। सात अक्टूबर 2012 को सुबह सभी आरोपित लाठी डंडा व बंदूके लेकर हमला कर दिया इस पर रमेश के भाई जैतपाल ने इसका विरोध किया तो उसे पीट पीटकर घर में बंद कर लिया इसके बाद इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी रमेश ने मामले की रिपोर्ट सभी के खिलाफ थाने में दर्ज करायी सोमवार को विशेष न्यायाधीश सुशील कुमार खरवार की अदालत ने सभी छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है व सभी को चालिस चालिस हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनायी है।

# खाद न मिलने पर किसानों की एसडीएम से नोकझोंक, जमकर काटा हंगामा, खाद की रात में की जाती है कालाबाजारी

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



यूरिया खाद न मिलने व केंद्र प्रभारी द्वारा धांधली करने पर आक्रोशित सैकड़ों किसानों ने पनवाड़ी मार्ग पर जाम लगाकर जमकर हंगामा काटा। जाम के दौरान किसान व नायब तहसीलदार के बीच जमकर नौंक छौंक हुई। मौके पर एसडीएम अभिमन्यु कुमार व सीओ राजकुमार पांडेय ने पहुंच कर किसानों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद खाद वितरित की गई। सोमवार की सुबह पनवाड़ी मार्ग स्थित नवीन गल्ला मंडी पर सैकड़ों किसानों ने सड़क पर हाथों में ईंट लेकर जाम लगा दिया। क्षेत्र के लींगा गांव निवासी राज राजपूत कपिल इटकौर,लखन बिलरख, रुकसाना बहपुर, पार्वती, शैलेन्द्र राजपूत लींगा कपिल ने बताया कि शनिवार को वह गल्ला मंडी में स्थित पीसीएफ केंद्र में यूरिया खाद लेने के लिए आए थे। जहां टोकन वितरित कर सोमवार को खाद देने की बात की कही। सोमवार को जब लोग केंद्र में खाद लेने के लिए गए तो वहां पर खाद नहीं दी गई है। केंद्र प्रभारी शहजाद अपनी मनमानी तरीके टोकन वितरित कर रात में खाद की कालाबाजारी कर रहे हैं। जब किसान इसका विरोध करते हैं तो उन्हें खाद नहीं दी जाती है। केंद्र प्रभारी द्वारा धांधली करने पर सैकड़ों किसान हाथों में ईंट लेकर सड़क पर आ गए। किसानों के एक घंटा जाम लगाने पर प्रशासन मौके पर पहुंचा। जहां नायब तहसीलदार वीरपाल व किसानों के बीच नौंक छौंक हो गई। मौके पर पहुंचे एसडीएम सीओ व कोतवाल राम आसरे सरोज ने मौके पर किसानों को समझा बुझाकर शांत कराया है। जाम करीब एक घंटे तक लगा रहा।

### कम दाम पर खाद देने को कहा है वही देगा खाद, किसान नाराज

**मौदहा, हमीरपुर।** यूरिया खाद की आहट मिलते ही डेढ़ सैकड़ा से अधिक महिलाये व पुरुष किसानों ने क्रय विक्रय समिति के सामने सुबह पांच बजे से ही लंबी कतारे लगाकर खड़े हो गए लेकिन ग्यारह बजे तक खिड़की न खोलने से नाराज किसानों ने सड़क पर जाम लगा दिया। जिले में खाद की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। आय दिन किसान जाम लगाते है, नायब तहसीलदार ने प्रायवेट दुकान से सरकारी रेट पर खाद खरीदने का आश्वासन देकर किसी प्रकार समझाबुझा कर जाम तो हटवा दिया मगर दुकानदार ने उसी रेट पर खाद देने से साफ इंकार कर दिया कहा कि जिसने कम दाम पर खाद दिलाने का आश्वासन दिया है वही खाद देगा। सरकारी अधिकारियों एवं सरकारी खाद गोदामों के बीच सैकड़ों किसान इधर-उधर ठोकरें खाते हुए भटकते रहे।

## अशोक गुप्ता अध्यक्ष, दिलीप राजपूत महामंत्री बने, अधिवक्ताओं ने जीते प्रत्याशियों को किया स्वागत

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को बार एसोसिएशन संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष पद पर अशोक गुप्ता व महामंत्री पद पर दिलीप राजपूत विजयी घोषित हुये, अधिवक्ताओं ने दोनों विजयी प्रत्याशियों का जमकर स्वागत किया। संघ के चुनाव में 153 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अध्यक्ष और महामंत्री को जीत दिलवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। मतगणना पूरी होने के बाद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अशोक गुप्ता एडवोकेट ने 88 मत प्राप्त करते हुए अपने चुनावी प्रतिद्वंद्वी प्रमोद व्यास को 24 मतों से हराया। वहीं महामंत्री पद के प्रत्याशी दिलीप राजपूत ने अपने प्रतिद्वंद्वी लतीफ उल्ला खां को 62 मतों से करारी शिकस्त दी। मतगणना के बाद परिणाम आते ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक गुप्ता और महामंत्री दिलीप राजपूत के सहयोगी अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जिसके बाद सभी अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महामंत्री को माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्य चुनाव अधिकारी फजल अहमद, सहायक चुनाव अधिकारी सत्यम सोनी एडवोकेट, सहायक चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र सिंह, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष सूरजपाल सिंह परिहार, पुष्पेंद्र सोनी, संजय यादव एडवोकेट वीर प्रताप सिंह, शिवकुमार निगम एडवोकेट गनपत सिंह महान, अभिमन्यु चौरसिया, मनोज सिंह, मुकीम अहमद एडवोकेट, दिनेश शुक्ला जमुनादीन आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल, भर्ती

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** कस्बे के स्टेट बैंक चौराहा के पास तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार तीन लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी देवेंद्र, भानुप्रताप, भूपेंद्र बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर अतरौलिया जा रहे थे। तभी रास्ते में रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे कस्बे के स्टेट बैंक चौराहे के पास तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हुए हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया।

## ससुरालियों ने बेवा को धक्के मारकर निकाला, पुलिस ने शुरू की जांच

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

पति की मौत होने के बाद सास ससुर देवर व देवरानी ने बेवा महिला के साथ गाली गलौज करते हुए उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। बेवा महिला पुलिस से शिकायत की है। कस्बे के चौबट्टा मोहल्ला निवासी पद्मिनी अग्रवाल पत्नी कामेश अग्रवाल ने बताया कि उसके पति कामेश अग्रवाल का देहांत बीते 6 वर्ष पूर्व हुआ था। उसके दो पुत्र पारस व ओजस हैं। उसकी सास सुमन ससुर संतोष अग्रवाल देवर संदीप अग्रवाल व देवरानी रानी ने आए दिन उसके साथ गाली गलौज एवं मारपीट करते हुए उसका उत्पीड़न करना प्रारंभ कर दिया। ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर वह अपने मायके और ससुराल में अस्थाई रूप से निवास कर आती जाती रही। अब हाल में वह अपनी ससुराल में रहना चाहती है। शनिवार की दोपहर जब वह अपने दोनों बच्चों के साथ अपनी ससुराल पहुंची और अपने ससुरालीजनों से अपने दहेज के सामान सहित अपने बच्चों के हक का हिस्सा मांगा तो देवर संदीप अग्रवाल सहित अन्य ससुरालीजनों ने उसके दहेज का सामान व उसके बच्चों के हक का हिस्सा देने से इनकार करते हुए उसके साथ गाली गलौज व हाथापाई कर उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। तथा उसे धक्के मार कर घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बमरारा साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष ने खाद की कालाबाजारी के लगाये गम्भीर आरोप

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



बुन्देलखण्ड में चल रही खाद की मारामारी को लेकर बमरारा साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष जाहिर सिंह ने क्रय विक्रय केन्द्र चरखारी के सचिव लालू राम पर गम्भीर आरोप लगाया कि किसानों को समय से खाद नहीं मिल पा रही है सचिव एवं उनके बेटों द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है। जाहिर सिंह ने बताया कि शासन द्वारा बमरारा साधन सहकारी समिति का क्रय विक्रय केन्द्र चरखारी में समबद्य किया गया है परन्तु उनकी समिति क्षेत्र के किसानों को खाद नहीं दी गई है मौके पर केवल 190 टोकन बांटे गये हैं परन्तु गोदाम से 450 खाद की बोरी जा चुकी हैं। किसान हरिओम यादव ने आरोप लगाया कि सचिव खाद की बिक्री में अपने बेटों को बैठाकर पर्ची कटवाता है और अपने चहेतों को बार बार पर्ची देकर के खाद की कालाबाजारी करता है जिससे आम किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। क्रय विक्रय केन्द्र के सचिव लालू राम ने बताया कि क्षेत्रीय किसानों को ही खाद विक्रय की जायेगी विभाग द्वारा उनके बेटों को पर्ची काटने एवं पैसा जमा करने की अनुमति दी गई है।

# डॉ. आंबेडकर को चुनाव हरवाने वाले आज भी विरोधी

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा कल भी बाबा साहब का विरोध करती थी और आज भी उनका विरोध करती है तथा बाबा साहब के संविधान को सामप्त कर भाजपा और आरएसएस का संविधान देश में लागू करना चाहती है और देश के गृहमन्त्री अमित शाह ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान करते हुए एक बार अपनी मंशा को जाहिर किया है जिसका विरोध आज पूरा विपक्ष कर रही है। चरखारी में आयोजित पत्रकार वार्ता में उक्त उदगार कांग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास राजपजूत ने व्यक्त किए। 18वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में भाजपा द्वारा संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है. बीजेपी हमेशा से लोकतंत्र और सवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद ही कर दी। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहन की मान लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग मान ली गई। इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की प्रतिबद्धता याद दिलाई समता, रामानना और न्याय के डॉ. अंबेडकर के आदशी पर चलने की सलाह बीजेपी को कतई यस नहीं आई। सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अनित शाह ने डॉ. अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। श्री राजपूत ने कहा कि आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत बीजेपी की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बना कर लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पक्षमा था। लेकिन बीजेपी ये खीज अब संविधान निर्माता पर निकल रही है और बाबा साहेब का अपमान किया गया है। लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप- प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष ने पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। लेकिन मोदी सरकार डॉ. अंबेडकर के अपमान को अपराध मानने को तैयार नहीं है. उल्टे बीजेपी ने संसद की कार्रवाई ठप्प रखी. यही नहीं अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसदों के साथ धक्कामुक्की की गई, पार्टी अध्यक्ष मक्लिकार्जुन खड़गे को गिरा दिया गया. बीजेपी ने षडयंत्र के तहत नेता प्रतिपक्ष राहुम गांधी के खिलाफ सगीन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करा दी गई।

# एग्राम पंचायत थुरट में गंदगी का अंबार

**कागजों पर हो रही साफ-सफाई, लाखों का बजट लगाया ठिकाने**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत थुरट जो विकासखंड कार्यालय से महज 7 किलोमीटर की दूरी पर है इस गांव में साफ सफाई के नाम पर लाखों का घोटाला किया जा चुका है मौके पर जगह-जगह नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है और रास्ते के अगल-बगल कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

गांव में प्रवेश द्वार जो दरवाजा मोहल्ला कहलाता है यही से सारे गांव के लोगों का प्रतिदिन आना-जाना है और इसी रास्ते से प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का भी निकलना होता है इसके बावजूद भी ग्राम प्रधान व सचिव इस में रास्ते की साफ सफाई नहीं कर रहे हैं। गांव में तैनात सफाई कर्मचारी केवल प्रधान के दरबाजे पर झाडू लगाकर अपने काम की इतिश्री कर लेता है सफाई कर्मी द्वारा भी इस रास्ते पर कभी झाडू नहीं लगाई गई।

ग्रामीणों नरेंद्र, नृपत, सुरेश का आरोप है की यह गांव की में मेन गली है लेकिन इसके बाद भी सचिव व प्रधान इस रास्ते पर ध्यान नहीं दे रहे हैं नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है बच्चे प्रतिदिन इसी कीचड़ से होकर विद्यालय जाते हैं इस गांव के जिम्मेदार ग्राम प्रधान व सचिव योगी व मोदी सरकार की मंशा के विपरीत कार्य कर रहे हैं जहां सरकार की मंशा है कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए वही यह दोनों मिलकर साफ-सफाई के नाम पर लाखों की धनराशि डकार रहे हैं। इस संबंध में जब जिला पंचायत राज अधिकारी चंद किशोर वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि यदि गांव में गंदगी के अंबार लगे हैं तो मैं इसके संबंध में विकासखंड में तैनात एडीओ पंचायत को तत्काल निर्देशित कर उक्त स्थान पर निश्चित रूप से साफ सफाई जल्दी कराई जाएगी तथा जांच टीम गठित इस मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# स्वर्णकार समाज की भी राजनीतिक भागीदारी हो सुनिश्चितः डॉ कौशल सोनी, प्रदेश अध्यक्ष

**राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच की प्रदेश बैठक लखनऊ में संपन्न**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच की प्रदेश बैठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ कोशल सोनी पूर्व ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में हुई जिसमे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा स्वर्णकार रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जितेन्द्र वर्मा स्वर्णकार ने कहा कि ये 2027 विधानसभा के लिए हमारे संगठन ने कमर कस ली है। उत्तर प्रदेश में बारह विधान सभा ऐसी जहाँ स्वर्णकार समाज की संख्या तीस हजार से ऊपर है वहाँ पर हम अपने मंच की तरफ से अपने प्रत्यासी तैयार कर रहे है और उन बारह सीटो के अलावा भी हम पच्चीस विधानसभा से अपने समाज से प्रतिनिधि को चुनाव लड़ाने की तैयारी कर रहे। अभी भाजपा में भी संगठन के चुनाव चल रहे है जिसमे हम अपने समाज के जो वरिष्ठ अनुभवी नेतृत्व करता है उनके लिए मंच कोशिश कर रहा है। पिछड़ा वर्ग में अनुपात के हिसाब से हमारे समाज को टिकट मिलनी चाहिए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कोशल सोनी ने कहा हम पिचहत्तर जिलों में पहुँच चुके है और अब हम लखनऊ में जल्द ही बड़ा सम्मेलन कराएंगे और राजनीतिक पार्टियों को अपनी उपस्थित का अहसास कराएंगे। बैठक प्रदेश महामंत्री संजय वर्मा (फिरोजाबाद) प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ उमाशंकर सोनी (उरई), प्रदेश उपाध्यक्ष रवि सोनी (बागपत), प्रदेश मंत्री रामपलट सोनी (जौनपुर), प्रदेश मंत्री विजय सोनी (प्रतापगढ़), प्रदेश मंत्री सूर्य प्रताप सोनी (बस्ती), क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बलबीर सोनी (जालोन), दिवाकर सोनी (बस्ती) एवम अन्य पदाधिकारी गण ने बैठक में उपस्थित रहे।

# कृषि हमारी पहचान के साथ-साथ जीवन जीने की व्यवस्था है : राजरानी रावत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय इण्टर कॉलेज के आडिटोरियम में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्टेंशन (आत्मा) योजनांतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय किसान सम्मान दिवस एवं किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विशिष्ट अतिथि हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत और मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर राजरानी रावत ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि जिले के किसानों ने मोटे अनाजों की उन्नतिशील खेती से देश और प्रदेश में अपना परचम फहराकर जिले को गौरवान्वित किया है। मैं उन किसानों भाइयों को बधाई देती हूं जिन्होंने उन्नति खेती करके मोटे अनाज उत्पादन में मुख्यमंत्री जी से पुरस्कार प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। विशिष्ट अतिथि विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत ने कहा कि कृषि हमारे देश के लोगों की आजीविका का मुख्य व्यवसाय है इसी से हम लोग अपना जीवन यापन करते थे। कृषि के क्षेत्र में हमारे जनपद के किसानों ने अहम कार्य किये है, जनपद के किसानों ने अपनी उपज के माध्यम से देश-प्रदेश में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि हम लोग गरीब घर में जन्म लेने वाले लोग है जब हम छोटे-छोटे हुआ करते थे घर में पढ़ाई लिखाई के लिये पैसा नहीं हुआ करता था तब सरसों, दाल, चावल आदि अनाज बेंचकर लिखने के लिये खड़िया और किताबें खरीदते थे। कृषि न होती तो शायद हम लोग पढ़-लिख न पाते और आज इस मुकाम पर भी शायद न होते। कृषि ने हम जैसे गरीबों को हर प्रकार से सहारा दिया है। कृषि हमारी पहचान है हमारी विरासत है। आज हमारी सरकार किसानों को 6 हजार रुपये सम्मान निधि दे रही है यह निधि आगे बढ़ भी सकती है। सरकार किसानों को सब्सिडी पर खाद, बीज और कीटनाशक सहित अन्य तमाम सुविधाएं प्रदान कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसान कृषि विविधीकरण के क्षेत्र में अत्यन्त अग्रणी हैं एवं राज्य की उत्पादकता में उनका विशेष योगदान है तथापि अभी भी जनपद में कृषि के क्षेत्र में विशेष रूप से औद्यानिक खेती, मत्स्य पालन आदि में अपार संभावनायें हैं जिनके माध्यम से यहां के कृषक अकल्पनीय प्रगति कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक, श्रवण कुमार द्वारा मिलेट्स फसलों की विविधिताओं एवं लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के अन्तर्गत कृषि एवं पचायतीराज विभाग के आपरेटरों द्वारा किये जाने वाले ई0-के0वाई0सी0 एवं लेखपालों द्वारा किये जाने वाले सत्यापन का विधिवत प्रशिक्षण भी दिया गया। उप कृषि निदेशक, शोध अरविन्द कुमार द्वारा प्राकृतिक खेती के साथ-साथ मिलेट्स की खेती के बारे में जानकारी दी गई। जिला कृषि रक्षा अधिकारी, विजय कुमार द्वारा कृषि रक्षा रसायनों के प्रयोग को कम करने के साथ ही आई0पी0एम0 के बारे में विशेष जानकारी दी गई।



**चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर सम्मानित किए गए 108 किसान**

### बड़ी संख्या में रही महिला किसानों की उपस्थिति

किसान मेले में महिला कृषकों द्वारा बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर फार्मर रजिस्ट्री हेतु कार्मिकों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

### 38 किसानों को जनपद स्तरीय उत्कृष्ट उत्पादकता सम्मान, 70 को खण्ड स्तरीय

कृषि में उत्कृष्ट उत्पादकता के लिए जिले के 38 कृषकों को कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन एवं गन्ना की खेती के क्षेत्र में अधिक उत्पादकता प्राप्त करने हेतु जनपद स्तरीय किसान सम्मान से सम्मानित किया गया, जिनमें से 19 कृषकों को जनपद में अपने क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु रू0 7000/- एवं 19 कृषकों को द्वितीय स्थान प्राप्त करने हेतु रू0 5000/- उनके खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से प्रेषित कराया जायेगा। विकास खण्ड स्तर पर अपने क्षेत्र में अधिकतम उत्पादकता प्राप्त करने वाले कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन एवं गन्ना की खेती सम्बन्धित 70 कृषकों को विकास खण्ड स्तरीय किसान सम्मान से सम्मानित किया गया, जिनके बैंक खातों में रू0 2000/- की धनराशि डी0बी0टी0 के माध्यम से प्रेषित की जायेगी। सम्मान के रूप में सभी कृषकों को प्रमाण पत्र देने के साथ ही उन्हें अंगवस्त्र प्रदान किये गये एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया।

### किसानों का लगा मेला, जनप्रतिनिधियों ने लिया भाग

कार्यक्रम में जिले के तमाम अग्रणी किसानों ने भाग लिया। जिला पंचायत सदस्य राम सिंह उर्फ भुल्लन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य डा0 अवधेश वर्मा, प्रगतिशील कृषक राम किशोर पटेल, प्रगतिशील कृषक विक्रान्त सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार, प्रगतिशील कृषक श्री के0के0 गुड्डू यादव, उप कृषि निदेशक, श्रवण कुमार, उप कृषि निदेशक शोध, अरविन्द कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़ के प्रभारी डा0 अश्वनी कुमार सिंह, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 अवस्थी, कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिक, फार्मर रजिस्ट्री के कार्य हेतु नामित पंचायत सहायक एवं समस्त तहसीलों के लेखपालों के साथ ही भारी संख्या में किसान भी उपस्थित रहे।

### लोक गायक जमुना प्रसाद कनौजिया ने पेश किए मनमोहक कार्यक्रम

किसान मेले में विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता स्टाल लगाए गए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विधायक हैदरगढ़ एवं अन्य अतिथियों तथा अधिकारियों द्वारा मेले में लगे कृषकोपयोगी स्टालों का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक गायक कलाकार जमुना प्रसाद कनौजिया और लोक गायिका मोहिनी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



# तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ से भिटरिया की ओर तेज रफ्तार में जा रहे अनियंत्रित ट्रक ने वाहनो के साथ एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम लगभग पौने पांच बजे हैदरगढ़ से भिटरिया की ओर अनियंत्रित गति से जा रहे एक ट्रक ने सबसे पहले दतौली पेट्रोल पंप पर सड़क के किनारे खड़े ई रिक्शा को टक्कर मारी इससे थोड़ा आगे खड़ी सिवफ्ट डिजायर कार में भी टक्कर मार दी। जिसके बाद कार चालक द्वारा ई रिक्शा चालक के साथ पीछा करके कार को धर्मकांटा के निकट बेड़ा लगाकर ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया। ट्रक चालक ट्रक रोकने की बजाय कार को घसीटते हुए लगभग 200 मीटर दूर ले गया। जहां फतेहगंज से दतौली बाजार करने आ रहे साइकिल सवार बद्री प्रसाद पुत्र सूर्यपाल 65 वर्ष को टक्कर मार दी। जिसके चलते गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया । सूचना पाकर पहुंची कोतवाली हैदरगढ़ पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। वही दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है।

## खबरें एक नजर में

### खेत में दवा जाने की बाबत मारपीट, पिता-पुत्र घायल

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** खेत में हवा के चलते दवा जाने की बात को लेकर हुई मारपीट में पिता पुत्र घायल हो गया। पीड़ित ने मारपीट करने व जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। बताते चलें कि राम मिलन पुत्र घिरऊ गौतम ग्राम अटवा मजरे याकूतगंज थाना जैदपुर का मूल निवासी ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये बताया कि 3 दिन पूर्व प्रार्थी ने अपने खेत में दवा डाली थी। हवा के चलते बगल खेत में लगी सरसो की फसल में दवा चली गई जिसके चलते 22 दिसम्बर को समय करीब 8.00 बजे सुबह विपक्षी गांव के ही रामहेत, बहादुर, अमर नाथ, अमर जीत पुत्रगण बालक राम गौतम लाठी डन्डों से लैस होकर प्रार्थी के दरवाजे आकर गालियां देने लगे प्रार्थी के मना करने पर विपक्षी जन प्रार्थी व प्रार्थी के लड़के रंजीत को लात–घूसों व डन्डो से मारने लगे, शोर गुल सुनकर गाँव के कुछ लोगों ने आकर बीच बराव कराया विपक्षीजन जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। शिकायत के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### महाविद्यालय में चौधरी चरण सिंह की धूमधाम से मनाई गई जयंती

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी में देश के पूर्व प्रधान मंत्री किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयन्ती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।प्राचार्य डॉ गयाप्रसाद दुबे ने चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्ज्वलन के साथ जयन्ती का शुभारंभ किया।उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व0चौधरी चरण सिंह के विचारों को छात्र छात्राओं को बताते हुए कहा कि चौधरी जी हमेशा किसानों के पक्ष में रहते थे वह किसान थे किसानों का दर्द समझते थे। इस मौके पर परीक्षक के रुप में पधारे रामनगर पी जी कालेज के डॉ ओमकुमार वर्मा , अम्बेडकर नगर से पधारी हुंयी प्राध्यापिका अनामिका वर्मा सहयोगी डिग्री कालेज की प्राध्यापिका डॉ पुष्पलता वर्मा डॉ बृजेश सिंह, कार्यालय अधीक्षक अनुपम जायसवाल,शिक्षा समन्वयक लल्लू वर्मा तथा विद्यालय समस्त प्राध्यापक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### उचित दर विक्रेता के चयन को लेकर बुलाई गई ग्राम सभा की बैठक, सचिव नहीं पहुंचे

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदोसराय में उचितदर विक्रेता के चयन को लेकर बैठक की गई। बैठक में ग्राम पंचायत के सचिव वीरेंद्र तिवारी का स्वास्थ्य ठीक न होने के चलते वह अवकाश पर थे। बैठक में पहुचे प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने आगामी 2 जनवरी को अगली बैठक की तारीख निश्चित की किया। सोमवार को ग्राम प्रधान निसार मेहंदी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी कुलदीप श्रीवास्तव ने बैठक में मौजूद लोगों से बताया कि खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम पंचायत सचिव के आवकश पर होने के कारण। अगली बैठक आगामी 2 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसमें उचित तक विक्रेता का चयन किया जाएगा। इस संबंध में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि सचिव के अवकाश पर होने के चलते बैठक स्थगित कर दी गई और आगामी 2 जनवरी को बैठक की जाएगी।

### सुशासन दिवस पर हुई निबंध प्रतियोगिता

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिला विद्यालय निरीक्षक निर्देश पर विकास खंड सिरौली गौसपुर में संचालित श्री सुन्दर लाल इण्टर कालेज औरेला सैदनपुर में श्री अटल जी एवं सुशासन विषय पर ब्लॉक स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में श्री सुन्दर लाल इंटर कालेज,जनता इण्टर कालेज बदोसराय,राजकीय इण्टर कॉलेज सिरौली गौसपुर,पीडी जैन इण्टर कालेज टिकैत नगर,मोहन लाल इंटर कालेज परसा आदि स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें जनता इण्टर कालेज के शिवा ने प्रथम श्री सुन्दर लाल इंटर कालेज की मुस्कान मौर्या द्वितीय राजकीय इण्टर सिरौली गौसपुर की छात्रा साची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार दीक्षित ने प्रशस्ति पत्र देकर उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलेंद्र नाथ द्विवेदी, प्राचार्य राज कुमार यादव,प्रवक्ता आशुतोष कुमार यादव, कृष्णा कोचिंग के संचालक आशुतोष यादव,राजकीय इण्टर कालेज के वरिष्ठ अध्यापक प्रवेश यादव,सुनील कश्यप,ललित अवस्थी ने मूल्यांकन किया।

# परीक्षा देने गया युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**मसौली, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को सागर इंस्टीट्यूट मे परीक्षा देने आया एक 22 वर्षीय छात्र संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गया छात्र की बाईक सहाबपुर नहर पटरी पर पड़ी मिली जिससे किसी अनहोनी घटना को लेकर परेशान परिजनों ने थाना मसौली मे गुमशुदगी की तहरीर दी है वही मसौली पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेते हुए गोताखोरो की मदद से तलाश की परन्तु कही पता नही चला।

जहागीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लालापुर निवासी सुशील कुमार तिवारी का 22 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार तिवारी जो सागर इंस्टीट्यूट मे बीएसी का छात्र है रविवार को प्रथम सेमस्टर की परीक्षा देने के लिए सुबह 10 बजे परीक्षा देने के लिए निकला था जो वापस घर नही लौटा। किसी अनहोनी घटना से चिंतित परिजनों ने रविवार की देर शाम थाना मसौली मे गुमशुदगी की तहरीर दी सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने एक मोटरसाइकिल नहर मे गिरी हुई देख् पुलिस को सूचना दी मोटरसाइकिल का कुछ हिस्सा पटरी के नीचे पानी की ओर था। देखते ही देखते आसपास एवं राहगीरों की भीड़ लग गई। किसी ने इसकी सूचना पीआरबी और मसौली पुलिस को दिया। पुलिस पहुंचते ही गाड़ी नम्बर से नाम पता की जानकारी की तो मोटरसाइकिल लापता छात्र की निकली पुलिस एवं परिजनों ने तमाम जगहों पर काफी तलाश की परन्तु किसी प्रकार की सफलता हासिल नही हो सकी।



लापता छात्र का फ़ोन स्विचआफ दोस्तों से पूछने पर पता चला कि वह कहीं बर्थडे पार्टी की बात कहकर गया है।किसी अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने छानबीन शुरू की लेकिन कहीं कोई पता नही चला। प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह ने बताया कि लापता छात्र का नहर एवं आसपास तलाश किया गया है। लेकिन सफलता हासिल नही हो सकी है। छात्र के फोन डिटेल निकालकर उसी के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# सुशासन के प्रतीक थे अटल बिहारी वाजपेई : डॉ. विवेक वर्मा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती को भाजपा धूमधाम से 'सुशासन दिवस' मना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में मनाए जाने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विवेक सिंह वर्मा ने 'सुशासन दिवस' पर हॉकी खेल को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स किट का वितरण किया।

इस मौके पर नगर पंचायत बंकी में आयोजित कार्यक्रम में डॉ विवेक सिंह वर्मा ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के 50 खिलाड़ियों को हॉकी किट देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। वहीं, डॉ विवेक सिंह वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके सामाजिक योगदान पर चर्चा की।

**अटल सुशासन दिवस पर महात्मा गांधी क्लब के 50 खिलाड़ियों को मिली हॉकी किट की सौगात**



डॉ विवेक सिंह वर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई सुशासन का प्रतीक थे। डॉ विवेक वर्मा ने दिग्गज हॉकी खिलाड़ी के.डी सिंह बाबू के बारे में बताया और सभी को उनकी तरह बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ना केवल एक राजनेता थे बल्कि एक कवि, पत्रकार और साथ-साथ हॉकी और क्रिकेट के भी बड़े प्रशंसक रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाए देते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले खेल उपकरणों के माध्यम से खिलाड़ी अपने खेल कौशल में और अधिक निखार ला सकते हैं। क्लब के संरक्षक और गांधीवादी अध्येता राजनाथ शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक ऐसे नेता थे, जो अपनी विशुद्ध राजनीति के लिए जाने जाते थे। उनकी सादगी और मिलनसारिता का कोई जवाब नहीं था।

क्लब के अध्यक्ष सलाउद्दीन किदवई ने कहा कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर समाजसेवी अखिलेश सैनी, सतीश जायसवाल 'बबलू', सभासद प्रतिनिधि मनीष गौतम, अवधेश यादव, नितिन श्रीवास्तव, राकेश गौतम, मुजीब अहमद, अरविन्द वर्मा, निसार अहमद, अयाज़ अंसारी, डा विक्रम कुमार, विनोद सैनी, मो अहमद सईद किदवई, अखलाद अयाज़ अंसारी, मो अरसलान, महेंद्र रावत, मो समद, महफूज अयाज़ अंसारी, मो एतिशाम, मो शहजान, तौसीफ अहमद, सचिन कुमार, अफ्फान अंसारी, रहमत अली आदि मौजूद रहे।

# भूमि पूजन कर शुरू हुआ खेल मैदान का निर्माण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

त्रिवेदीगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरदही में खेल मैदान का भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है सोमवार को त्रिवेदीगंज खण्ड विकास अधिकारी ने विधिवत पूजा अर्चना कर नीव पर ईंट रख कर कार्य की शुरुआत कर दी है । इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने बताया कि खेल मैदान बन जाने से बच्चों को खेलने कूदने में सहायक होगी तो वही पुलिस व सेना के जवान की तैयारी कर रहे युवा को तैयारी करने में सुगमता होगी। इस मौके पर विनय शुक्ला, सुशील पटेल, पुर्व जिला पंचायत सदस्य अम्बर शरण जायसवाल, प्रधान अरुण शुक्ला,जरौली प्रधान भानु बाजपाई, प्रधान अंकुर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राम बक्श पुचकारी, शिवनाम पुर्व प्रधान विवेक वर्मा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### क्रय केंद्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** उप जिलाधिकारी शम्स तबरेज खान ने सोमवार को हैदरगढ़ मंडी व हुसैनाबाद में संचालित धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान हैदरगढ़ मंडी स्थित क्रय केंद्र पर मौजूद किसान शिवराजपुर गांव निवासी अनुराग सिंह व अन्य किसानों से से वार्ता की। उन्होंने धान खरीद में किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो और किसानों को कोई समस्या न उठानी पड़े, जिसको लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिए।

# सप्तसागर मामले ने पकड़ा तूल, पूर्व मंत्री ने दर्ज कराया विरोध

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

शहर के सप्तसागर कालोनी में प्रशासन द्वारा एक दिन पहले की रात मनीषा गुप्ता का मकान व विमलेश सिंह की बाउंड्री जबरन गिराए जाने के विरोध में सोमवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की,उनसे पूरे प्रकरण को जाना और साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि दोनों परिवारों की रजिस्ट्री हो चुकी है,दाखिल खारिज की जा चुकी है और विकास प्राधिकरण से नक्शा भी पास किया गया है।इसके बाद भी अवैध तरीके से योगी सरकार के अधिकारियों ने घर पर बुलडोजर चला दिया।उन्होंने कहा कि अगर मकान अवैध था तो बैंक ने लोन कैसे पास किया,विकास प्राधिकरण से नक्शा कैसे पास हुआ और तहसील सदर से दाखिल खारिज कैसे हुई,जिसमें तहसील के लेखपाल से लेकर नायब तहसीलदार तक की रिपोर्ट लगती है? श्री पांडेय ने कहा कि मेरी उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से मांग है कि दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए और पीड़ित परिवारों को उनके मकान की पूरी लागत दी जाए।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवारो के साथ खड़ी है और उनकी पूरी लड़ाई लड़ेगी। इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, प्रदेश सचिव राजू यादव, महंत मनीराम दास,शक्ति जायसवाल, व्यापार सभा ज़िला अध्यक्ष नंदू गुप्ता, विजय यादव, वीरेंद्र गौतम,जगन्नाथ यादव व अजय मिश्रा आदि मौजूद थे।



# धार्मिक गीतों की धुनों के साथ भक्तों ने निकाली कलश यात्रा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** महंत नृत्यगोपाल दासजी महाराज के सानिध्य में संचालित श्रीनाना महाराज मंदिर में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन नगर में विशाल व भव्य बैंडबाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिससे नगर भक्तिमय हो गया। सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के पहले दिन द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण से कलश व शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जो छोटी माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर से सब्जी मंडी होते हुए पानी की टंकी, बस स्टैंड होकर झंडा चौराहा होकर कथा स्थल पहुंची। झांकियों व बैंड बाजा पर बज रहे भजनों की ध्वनि पर भक्त जयकारे लगाते व नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे। महिलाएं सिर पर कलश लेकर भक्ति के रस में सराबोर होकर आगे बढ़ रही थी। भव्य शोभायात्रा व कलश यात्रा जिस मार्ग से निकली। बैंड-बाजे व डीजे में बज रहे भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया था। शोभायात्रा के दौरान मंदिर के पुजारी विजय रामदासजी महाराज अपने सिर पर श्रीमद्भागवत गीता महाग्रंथ को धारण किए थे। कलश यात्रा में कथाव्यास पंडित अवधेश शास्त्री, पारीक्षित श्याम किशोर गुप्ता (राजू), गीता गुप्ता, सुनील पुरवार, आशीष सोनी, गौरव गुप्ता, बीनू गुप्ता, शोभित गुप्ता, यश चतुर्वेदी, नीलम गुप्ता, मधु पांडेय, अनीता द्विवेदी, नैना साहनी समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मौलवी आसिफ अली से बदलकर मोहम्मद आसिफ अली पुत्र मुश्ताक अली कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**लोहिया नगर कस्बा समधन जनपद-कन्नौज।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुंशी का अंकपत्र वर्ष 1986 अनुक्रमांक 2295, मौलवी का अंकपत्र वर्ष 1987 अनुक्रमांक 800 व कामिल का अंकपत्र वर्ष 1988 अनुक्रमांक 566 वास्तव में कहीं खो गये हैं।

**सूचनाकर्ता**
**मो0 अहसान फरूकुई पुत्र मो0 तय्यब फरूकुई**
**निवासी मुनीराबाद, नवाबगंज, बाराबंकी**

# जल संचयन जन भागीदारी कार्यक्रम आयोजित

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जनपद में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर जल संचयन जन भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संकट के समाधान के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें अपर सचिव/मिशन निदेशक जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार अर्चना वर्मा ने उपस्थित होकर जल संचयन के महत्व पर विचार साझा किए।

उत्तर प्रदेश जल निगम के प्रबंध निदेशक राजशेखर व मंडला आयुक्त झांसी विमल कुमार दुबे, उप महानिरीक्षक केशव चौधरी ने भी अपने संबोधन में जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन ने भी अपने संबोधन में जल सरंक्षण, जल संचयन पर अपने विचार रखे। अध्यक्षता कर रहे उमाशंकर पाण्डेय पदम श्री ने कहा कि जल संचयन में जन भागीदारी, भविष्य के लिए सामुहिक प्रयास की आवश्यकता है।




जिलाधिकारी ने इस अवसर पर जिले में किए गए जल संचयन कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण महत्वकांक्षी योजना के तहत जल संचय को बढ़ावा देने के लिए कैच द रेन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जल संरक्षण और जनभागीदारी को जन आंदोलन में बदलने की एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारा लक्ष्य अगले एक वर्ष में अधिक से अधिक बोरवेल तक पहुंचने का है। यह बोरवेल बारिश के पानी को संरक्षित करने के लिए बनाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में जल संचयन के लिए कई प्रभावी कार्य किए गए हैं। जनपद में कुल 385 चैकडेमों का निर्माण किया गया है, जिसमें 56 चैकडेमों में डिसिल्टिंग का कार्य और 26 चैकडेमों में मरम्मत कार्य की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा, 410 अमृत सरोवरों का निर्माण किया गया, जबकि 165 और अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जल संरक्षण के लिए अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में जनपद के 135 राजकीय भवनों जैसे विद्यालयों, पंचायत भवनों, तहसील, कलेक्ट्रेट और विकास भवनों पर रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्माण किया गया। इसके अलावा, 3886 हैंडपंपों पर सॉकपिट का निर्माण किया गया है। जनपद में जल संरक्षण और नदी के तटीय क्षेत्रों में भी काम किया गया है। यमुना नदी के दाएं तट पर वेदव्यास मंदिर और कालपी घाट में 1.150 किलोमीटर रिवेटमेंट का निर्माण किया गया, जिससे एक हजार से अधिक भूमि कटान रहित उपजाऊ भूमि में परिवर्तित हो गई। मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर जल संरक्षण के इस प्रयास से जनपद में वन विभाग ने भी योगदान दिया है, जिसमें एक करोड़ पेड़ लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, जल पुनर्भरण के लिए 7 ग्रे वॉटर मैनेजमेंट इकाइयां बनाई गई हैं, और कुओं का पुनरुद्धार भी किया गया है। इन प्रयासों से जनपद में जल संकट की स्थिति में सुधार होगा। जिलाधिकारी ने जल संरक्षण के उपायों के बारे में भी बताया। अधिकारियों ने जल संकट से निपटने के लिए सभी से मिलकर काम करने की अपील की और जल संचयन को एक साझा जिम्मेदारी के रूप में देखा। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनता ने मिलकर जल संचयन के प्रयासों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, परमार्थ सेवा संस्थान डॉ संजय सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1675/E.E-3/L.J.S./2024-25 — दिनांक- 23.12.2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्दर निविदायें दिनांक 30.12.2024 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 30.12.2024 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जलकल विभाग जोन-3 के त्रिवेणीनगर वार्ड के अन्तर्गत मौसमबाग नलकूप विज्ञान बिहार नलकूप-2 पर लाल कुँआ पी ग्रेविल कि आपूर्ति का कार्य | 150.00 | 3000.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्य दिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, लखनऊ**

# पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर किसानों को मिला सम्मान

## विधायिका अर्चना पाण्डेय ने चौधरी चरण सिंह चित्र पर मार्ल्यापण एवं दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जंयती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में किसान सम्मान समारोह- 2024 व किसान प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायिका अर्चना पाण्डेय, विधायक कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, सीडीओ रामकृपाल चौधरी ने उनके चित्र पर माल्यापण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस मौके पर विभिन्न विभागो द्वारा लगायी गयी प्रर्दशनी का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से जनपद स्तर/ विकासखण्ड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित कृषकों यथा- गेहूँ उत्पादन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हरिनारायण ग्राम महौना, ब्लॉक तालग्राम, स्ट्राबेरी एवं ड्रैगन फूड की खेती करने वाले कृषक व्योम प्रकाश, निवासी तिर्वा, मत्स्य उत्पादन में प्रथम गौतम कुमार, निवासी ग्राम- प्रानपुर प्लयौरा एवं दुग्ध उत्पादन पशुपालन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गुरदीप कुमार सहित 72 कृषकों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेट कर सम्मानित किया गया। विधायिका अर्चना पाण्डेय ने कहा कि हम स्व. चौधरी चरण सिंह की जंयती मना रहें है। किसान आज बहुत उन्नतशील हो रहे। जिस तरीके से पहले किसानों में उदासिनता बढी था। लेकिन आज हम देख रहे है कि तमाम नौजवान भाई इंजीनियरिंग और अन्य कोर्स करने के बाद कृषि के क्षेत्र में कार्य कर रहें है।

निरन्तर आगे बढ रहें है। जिलाधिकारी ने कहा कि हम लोग पूरी टीम के साथ संकल्पित होते हैं। कि देश की खेती को आगे बढ़ाने के लिए अथक प्रयास करेंगे। ताकि चौधरी चरण सिंह की जो सोच थी। वह धरातल पर उतरे। इस दौरान जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही, जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी, केवीके अध्यक्ष डॉ वी के कन्नौजिया सहित आदि लोग रहे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाइक पर सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सोमवार की दोपहर लगभग 1.30 बजे क्षेत्र के ग्राम रौतामई के समीप हाईवे पर बाइक से कन्नौज की ओर जा रहे कृष्ण कुमार, रोशनी और रमाकांत की पत्नी विनोद कुमार निवासी याकूब नगर थाना कन्नौज को तेजी एवं लापरवाही से चले आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया है। वही समाचार लिखे जाने तक घायल की ओर से कोतवाली पुलिस को कोई भी शिकायती पत्र नहीं दिया गया है।

# वाहन चालक यातायात नियमों का करें पालन : अरशद अली

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक यातायात मनोज कुमार एवं टीएसआई अरशद अली ने शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन हेतु चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें मानीमऊ क्रासिंग के पास जीटी रोड पर उल्टी लेन में चलने वाले एवं नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया। टीएसआई अरशद अली ने बताया कि उल्टी लेन में चलने वाले कार, मोटर साइकिल, डंपर आदि वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 15 वाहनों का चालान किया गया। वही नो पार्किंग में खड़े वाहनों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 30 अन्य वाहनों के विरूद्ध एम.वी एक्ट के अन्तर्गत चालान की कार्यवाही की गई। सभी वाहन चालकों को क्षेत्राधिकारी यातायात मनोज कुमार द्वारा जागरूक करते हुए बताया गया कि अपने वाहनों को उल्टी लेन में न चलायें। साथ ही साथ अपने वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही निरन्तर चलती रहेगी।जो भी नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाएगा उसके विरुद्ध कार्रवाई अवश्य की जाएगी।



## मोहल्ले के लोगों ने सभासद से अभद्रता कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मोहल्ले के लोगों ने महिला सभासद पर आरोप लगाते हुए अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और मौके से फ़रार हो गए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासिनी महिला सभासद छाया पत्नी सर्वेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि सोमवार की शाम करीब 04 बजे मोहल्ले के दो लोग उसके दरवाजे पर आए और पीड़िता पर आरोप लगाते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। महिला सभासद की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गेस्ट हाउस में हुआ किसान पंचायत का आयोजन

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अवधेश की किसान पंचायत लिटिल स्टार गेस्ट हाउस बिशुनगढ़ रोड पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

किसान पंचायत का संचालन संतोष पाठक प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किया गया संगठन के सभी पदाधिकारी ने किसान पंचायत में भाग लिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी के द्वारा अपने संबोधन में बताया कि हमारे संगठन का किसी राजनैतिक पार्टी से सम्बन्ध नहीं है। हमारा संगठन अनुशासित रहकर कार्य कर रहा है और किसानों की सेवा कर रहा है संगठन के कई पदाधिकारियों ने बिजली विभाग की अनियमिता और तानाशाही की शिकायत की कहा कि आलू की खुदाई और गेहूं की बुवाई का समय आ रहा है बिजली समय से नहीं मिल पा रही है जिससे किसानों की फसल प्रभावित हो रही है किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से बिजली विभाग के अधिकारियों की शिकायत की जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि मैं बिजली विभाग के एक्शियन एवं वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता करेंगे यदि हल नहीं हुआ तो एक सप्ताह के अंदर मैं स्वयं अपने सभी पदाधिकारियों के साथ बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे और इस संबंध में शीघ्र ही प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक ज्ञापन जिलाधिकारी कन्नौज को देकर अवगत कराया जाएगा।

संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर तमाम नए पदाधिकारी सम्मिलित हुए श्रीमती पूजा ब्लॉक उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सुरेंद्र कुमार ब्लॉक उपाध्यक्ष सौरिख योगेंद्र शाक्य नगर श्रीमती रुचि शर्मा को जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया नवनियुक्त पदाधिकारी का पंडित अवधेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष संरक्षक राजपाल सिंह चौहान आदि ने स्वागत किया एवं बधाई दी तत्पश्चात सभी पदाधिकारी के द्वारा स्वल्पाहार किया गया।



# जीवन में सफलता के लिए अनुशासन जरूरी: योगेंद्र सिंह

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट का समापन करते हुए मुख्य अतिथि परमवीर चक्र विजेता रिटायर्ड कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव ने कहा जीवन में सफलता के लिए अनुशासन और टीम भावना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा बच्चों की लक्ष्य पूर्ति के लिए अभिभावकों को ध्यान देना चाहिए। बच्चों की भलाई चाहते हैं तो कच्ची उम्र में मोबाइल से दूर रखें। उन्होंने 25 साल पहले हुए कारगिल के युद्ध की यादें ताजा करते हुए कहा वहां की टाइगर हिल पहाड़ी पर हुए युद्ध में वह खुद शामिल थे और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कई पाकिस्तानियों को मार कर तिरंगा फहरा दिया था। विशिष्ट अतिथि विख्यात कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात ने विद्यालय द्वारा कराए गए आयोजन की सराहना की। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र कुमार ने शिक्षा के साथ खेलकूद को आवश्यक बताया। कोऑर्डिनेटर शुभम कमल ने स्कूल की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए कहा हमारे यहां बच्चों को शिक्षा के साथ सहगामी कार्यक्रमों मैं भी भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है ताकि वह हर स्तर से निपुण बन सकें। प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार दुबे ने शैक्षिक एवं सहगामी क्रियाकलापों की विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने महाराष्ट्र के लोकप्रिय मलखंब कला का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही मिलिट्री एवं एरोबिक प्रदर्शन पर भी तालियां बटोरी। विमल प्रकाश सर, कोऑर्डिनेटर शुभम कमल, प्रिंसिपल बरखा अवस्थी और वाइस प्रिंसिपल प्रीतिमा शुक्ला ने अंग वस्त्र के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट करके अतिथियों का स्वागत किया।

# नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में अतिक्रमण की समस्या विकट थी। मुख्य बाजार से वाहनों का निकल पाना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में छिबरामऊ नगर पालिका की ओर से कुछ दिन पहले गुरुवार के दिन अतिक्रमण अभियान चलाया गया था और अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई थी, और अपनी दुकान के आगे अतिक्रमण न फहलाये। लेकिन किसी ने भी दुकानों के आगे से अतिक्रमण नहीं हटाया। ऐसे में सोमवार को नगर पालिका परिषद अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह पुलिस बल व नगर पालिका की टीम के साथ पहुंचे। उनकी मौजूदगी में पालिका टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की सौरिख तिराहे से पश्चिमी बाईपास तक चलाया गया। जेसीबी चलती देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दुकानदारो ने दुकानों के बाहर रखा सामान समेटने लगे। और तख्त भी हटाने लग गए। हालांकि पालिका की जेसीबी ने अवैध तरीके से बनी टीन सेट व पटिया व अन्य निर्माण तोड़ दिए। तिरंगा तिरहे से लेकर मुख्य बाजार होते हुए पश्चिमी बाईपास तक अभियान चलाया गया।कुछ जगहों पर व्यापारियों से अधिकारियों की और टीम की नोंकझोंक भी हुई।

**अभियान से पहले दी गई थी चेतावनी:** छिबरामऊ में अतिक्रमण कारियों को नगर पालिका की ओर से पहले ही चेतावनी दी चुकी थी। इसके अलावा ड्रोन से वहां के अतिक्रमण को चिन्हित किया गया था। पूरी तैयारी के साथ ही सोमवार को नगर पालिका ने अभियान की शुरुआत कर दी। जिससे व्यापारियों में नाराजगी दिखाई दी।





## नीलू यादव के स्कूल को पुलिस ने किया कुर्क

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नाबालिग से रेप के आरोपी नवाब सिंह यादव के छोटे भाई नीलू यादव के बचपन एण्ड एएचपए स्कूल पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुर्क कर नोटिस चस्पा कर दिया। ढोल नगाड़ों के साथ मुनादी कर नोटिस चस्पा किया। कस्वा तिर्वा में नवाब सिंह यादव के छोटे भाई नीलू यादव का बचपन स्कूल पर पुलिस ने कार्रवाई की। विद्यालय साढ़े 5 करोड़ की कीमत का है। पुलिस ने कुर्की की कार्यवाही कर बीएसए को प्रशासक नियुक्त किया। जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम विद्यालय पहुंची। 2 दिन में नवाब सिंह यादव और उसके भाई नीलू यादव की 17 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। नाबालिक से रेप के आरोपी नवाब सिंह यादव के छोटे भाई नीलू यादव के विद्यालय पर पुलिस ने मुनादी कराकर नियमानुसार कुर्क किया। उक्त विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के भविष्य के दृष्टिगत विद्यालय का संचालन बेसिक शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में किया जाएगा। इनसे जुडे हुए तथा अन्य व्यक्तियो के जो इस तरह के अपराधों में संलिप्त है। उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

# एनएच की सड़कों पर बने कट पर अवश्य लगाएं सांकेतिक बोर्ड

- अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सड़क सुरक्षा के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओ की रोकथाम आदि बिन्दुओ की समीक्षा करते हुये संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश कि राष्ट्रीय राजमार्ग के रोड सेफ्टी के तहत एनएच की सड़कों पर कट, गांव/विद्यालय की ओर जाने वाली जो सड़के हैं वहां पर रंबल स्ट्रिप, सांकेतिक बोर्ड अवश्य लगाया जाए। ओवर ब्रिज से पाल चौराहे तक फुटपाथ बनाये जाने का प्रस्ताव तैयार किया जाये। सिचाई विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर गंगा कटान पर विशेष नजर रखी जाये। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने हेतु हेलमेट/ सीट बेल्ट का प्रयोग, रांग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडिंग, ओवर स्पीड आदि पर रोकथाम हेतु कड़े कदम उठायें जायें। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम भी किये जायें। डिवाइडर पर विज्ञापन लगाये जाने पर पूर्णतः रोक लगाई जाये। डिवाइडर पर कंडे पाथने/ रखने, बकरी बांधने जैसी प्रवृत्ति पर रोक लगाये जाने हेतु समय- समय पर निरीक्षण कर संबंधित को नोटिस जारी करें। एनएचआई को निर्देश दिये कि जहां लाइटें खराब हो गयी है। उन्हे समय से बदला जाये। अन्डर पास चिन्हित कर लाइटे व कैमरे लगाये जायें। सीसीटीवी कैमरों की नियमित चेकिंग की जाये। यूपीडा को निर्देश दिये कि कोहरे पड़ने को दृष्टिगत रखते हुये 05- 05 किलोमीटर के अन्तराल में वाइब्रेट पीली लाइटें, सावधानी बोर्ड लगाने आदि सभी सुरक्षात्मक उपाय अपनाये जायें।

सड़कों पर गलत साइड पर चलने और नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ नियमित चेकिंग कर चालान किये जायें। एक्सप्रेसवे के रेस्ट एरिया में ही ट्रक खड़ा करें। ट्रैक्टर से होने वाली दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु सभी ट्रैक्टर/ ट्रॉली को चिन्हित कर रिफ्लेक्टर रेडियम लगाये जाये। बैठक मे पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के संबंध में की बैठक

# व्यापारियों ने मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य को सौंपे 50 कम्बल



**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

इन दिनों पड़ रही कपकपाती सर्दी से मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले मरीजों को राहत दिलाने के लिए तिर्वा कस्बे के व्यवसायी अंशुल गुप्ता व नरेश गुप्ता ने सुंयक्त रूप से मेडिकल कॉलेज पहुंचकर प्राचार्य डॉ.सीपी पाल को 50 कम्बल सौंपे। उन्होने आग्रह किया कि यह सभी कम्बल मरीजों को प्रदान किए जाए। कस्बे के व्यवसायी अंशुल गुप्ता व नरेश गुप्ता सोमवार की राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होने प्राचार्य कक्ष में जाकर 50 कम्बल भेंट किए। बाद में दोनो व्यापारियों ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने वाले मरीजों को सर्दी से राहत देने के लिए यह कम्बल प्राचार्य को सौंपे गए हैं। प्राचार्य अपने स्तर से मरीजों को कम्बल वितरित करेंगे।

# कार, ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई, एक की मौत, तीन घायल

- तिर्वा से वापस अपने गांव श्यामपुर धरौरा जा रहे थे कार सवार
- घायलों का मेडिकल कॉलेज में चल रहा है उपचार

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

ठठिया थाना क्षेत्र के पट्टी गांव के निकट रविवार की मध्य रात्रि तिर्वा से जा रही एक कार अनियन्त्रित होकर आगे खड़े टैक्टर ट्राली से जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। तीन अन्य कार सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यहां उनका उपचार चल रहा है। ठठिया थाना क्षेत्र के श्यामपुर धौरारा गांव निवासी हिमांशू उर्फ छोटू (25) पुत्र अरविन्द यादव अपनी से कार से गांव के ही अमित यादव (28) पुत्र महेश, प्रांशू (12) पुत्र लड़ैते व राम (22) पुत्र बलराम के साथ रविवार की रात 10 बजे के करीब किसी काम से तिर्वा आए थे। देर रात दो बजे के करीब सभी तिर्वा से वापस घर जा रहे थे। जब उनकी कार पट्टी गांव के निकट पहुंची, तभी कार अनियिन्त्रित होकर एक मकान के निकट खड़े टैक्टर ट्राली से जा टकराई।

हादसे में कार चला रहे हिमांशू की मौत हो गई। अमित, प्रांशू व राम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी पाकर ठठिया पुलिस व एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। जहां सोमवार की दोपहर ठठिया पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



हादसे के बाद घटनास्थल पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार

# गृहमंत्री बाबा साहब के दिए बयान पर देश से मांगें माफी: जिलाध्यक्ष

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कांग्रेसियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा सरकार पर हमला बोला। और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान पर देश से माफी नहीं मांगने की बात कही।

नगर के सरायमीरा स्थित पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पांडे के निवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेसियों ने भाजपा पर निशाना चाहते हुए कहा कि 18वीं लोकसभा के शीतकालीन भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान व संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के अपमान के लिए देश के संसदीय इतिहास में दर्ज हो गया है। जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा पार्टी को लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस बार भाजपा ने हद को पार करते हुए संविधान रचयिता बाबा साहब का जो अपमान किया है उसको यह देश कभी भी नहीं भूल सकता। कहा कि कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। वहीं अदानी मणिपुर संभल जैसे मामलों पर सदन में मौजूदा सरकार को लताड़ लगाई। मौजूदा सरकार में गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ अंबेडकर का अपमान कर संघ और बीजेपी की मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि जब तक गृह मंत्री अमित शाह बाबा साहब के दिए हुए बयान पर देश से माफी नहीं मांगेंगे तब तक कांग्रेस पार्टी आंदोलन करती रहेगी। इस दौरान तारिक बशीर, अजय पांडे, एहसानउल हक, रमाशंकर राठौर, अशोक कनौजिया, सत्य प्रकाश शर्मा, इमरान अली, श्यामू कुशवाहा, अमोल दीक्षित, वीर सिंह यादव सहित आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



## लापता किशोर की गुमशुदगी दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मानसिक रूप से बीमार किशोर काफी दिनों तक जब घर वापस नहीं लौटा। तो घर वालों ने उसकी आस पड़ोस और रिश्तेदारी में काफ़ी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग न लगने पर परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। क्षेत्र के ग्राम कटकैया निवासी अरुण कुमार पुत्र स्वर्गीय बलवीर सिंह ने बताया है कि 24 अप्रैल को उसका मानसिक रुप से बीमार भाई विपिन कुमार घर से घूमने गया हुआ था। जब वह काफ़ी दिनों तक घर वापस नहीं लौटा। तो उसने अपने भाई की आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में काफ़ी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग़ नहीं लग सका। इसके बाद लापता हुए किशोर के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की खोजबीन शुरू कर दी है।

## फोन पर अश्लीलता कर युवती से की शादी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवती के साथ फोन पर अश्लील बातें करने के अलावा जबरन शादी करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी युवती ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि पड़ोसी थाना सौरिख के ग्राम भटपुरी निवासी अश्वनी कुमार पुत्र हरवेंद्र यादव ने उसके साथ फ़ोन पर अश्लील बातें की। इतना ही नहीं युवक के द्वारा अपने साथ ले जाकर जबरिया शादी कर लेने की भी धमकी दी। शादी न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# न्याय पंचायत तमियामऊ के झूंसीनागर सहित छह विद्यालय निपुण घोषित

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

परियोजना के द्वारा डायट के आदेशानुसार गठित डीएलएड प्रशिक्षुओं की टीम संख्या 11 के सदस्य रेखा पाल और सुमन देवी ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर में पहुंचकर निपुण कक्षाओं को पढ़ने वाले बच्चों का निपुण लक्ष्य एप्लिकेशन के माध्यम से मोबाइल द्वारा सभी बच्चों का असेसमेंट टेस्ट किया सभी बच्चे निपुण हुए। न्याय पंचायत तमियामऊ के प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर सहित 6 विद्यालय निपुण घोषित किए गए निपुण झूंसीनगर स्कूल के शिक्षक शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पूर्व में भी हमारा विद्यालय निपुण हो चुका था शिक्षक प्रभा सिंह और प्रभाकर के सहयोग से फिर विद्यालय को निपुण घोषित किया गया है। खुश होकर डायट से आई टीम ने बच्चों को मिठाई खिलाई और समस्त शिक्षक स्टॉप की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे ही सभी विद्यालयों को निपुण होने चाहिए इस तरह से न्याय पंचायत तमियामऊ में परियोजना के द्वारा आवंटित सभी विद्यालयों में झूंसीनागर, भैसियापुर , सिंहपुर, अमरौली ,आलमपुर , रायपुर, निपुण घोषित हुए इस तरह निपुण के लिए हमारे तालग्राम के एआरपी डॉक्टर पंकज यादव, अरविंद चौहान, मालिखान और रेवतीरमन ने समय - समय पर मोटिवेशन से शिक्षक साथियों को भरपूर सहयोग मिला था और वही मेहनत आज़ रंग लाई है।




## रंजिश में दंपति व महिला से मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने मां बेटे और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम हजरतपुर निवासी भगवती देवी पत्नी स्वर्गीय पतीराम वर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 21 दिसंबर की दोपहर लगभग 12 बजे गांव के उधन, संतराम, सुनील, अवधेश और आनंद ने रंजिश को लेकर दरवाजे आए और उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके पुत्र भोला और बहू किशोरी देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पीएस चौखटा बना निपुण विद्यालय, 95 प्रतिशत बच्चे असेसमेंट में हुए निपुण

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

निपुण भारत अभियान के संशोधित निपुण लक्ष्यों के आधार पर एक व दो में पढ़ने वाले बच्चों का निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से डायट के डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा असेसमेंट कराया गया है। सोमवार को ब्लाक तालग्राम के प्राथमिक विद्यालय चौखटा की कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों का डीएलएड प्रशिक्षुओं की टीम के सदस्य आकाश बाथम व निखिल पटेल ने निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से असेसमेंट किया। इसमें चौखटा विद्यालय की निपुण कक्षाओं एक व दो में पढ़ने वाले बच्चे 95 प्रतिशत से अधिक बच्चे निपुण पाए गए। वहीं इंचार्ज प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यालय को शत प्रतिशत निपुण बनाया जाएगा। सहायक अध्यापक सुनील कुमार ने बताया कि हाल ही में एक दिसंबर को विद्या ज्ञान की प्री परीक्षा में मेरे विद्यालय की कक्षा पांच की छात्रा साक्षी और शिवानी ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। विद्या ज्ञान स्कूल के अंतर्गत बच्चों को इंटर तक निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा, निःशुल्क आवास, निःशुल्क भोजन व निःशुल्क कपड़े के साथ साथ छात्रवृत्ति की व्यवस्था है।



प्रार्थना सभा में मौजूद विद्यालय के बच्चे।


## सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम NANAK PREET SINGH दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम NANAKPREET SINGH है। Jaswant Singh, Army No- 4488979K, रैंक-हवलदार, सिखलाई रेजीमेंट सेन्टर फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-भटमाजरा, पो0-कौली, जिला-पटियाला, राज्य-पंजाब, पिन कोड-140701.

# गंगापार के लोगों का हमेशा आभारी रहूंगा, वह दिल से रिश्ता मानते हैं: डॉ. जितेंद्र सिंह यादव


कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह, मौजूद जिलाध्यक्ष व अन्य

- किसान दिवस के रूप में मनी चौधरी चरण सिंह की 122 वीं जयंती
- डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने किसानों की कई समस्याओं को उठाया


कार्यक्रम के दौरान मौजूद क्षेत्रीय लोग

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड राजेपुर के ग्राम करनपुरदत्त में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने पहुंचकर स्व. चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यर्पण किया तथा क्षेत्र के वरिष्ठ किसानों को माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा गंगा पार के क्षेत्रवासियों का हमेशा आभारी रहूंगा, क्योंकि यहां के लोग दिल से रिश्ता मानते हैं। उन्होंने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाते हुए कुछ बिंदुओं को जनता के मध्य उठाकर भारत सरकार से मांग की जैसे किसानों के लिए किसान आयोग का गठन एवं एमएसपी की गारन्टी का कानून बनाया जाये, किसानों को डीएपी, एनपीके आदि खादों का उचित मूल्य व समय पर उपबब्ध कराया जाये, किसानों के कर्जे को मॉफ किया जाये, गन्ना की खरीद भी स्वामीनाथन की सिफारिश पर की जाये, नकली बीज, पेस्टिसाइड और फर्टिलाइजर बेचने पर जुर्माना लगाया जाये, बांध बनाकर विकास खण्ड राजेपुर (गंगापार क्षेत्र) की फसलों व मकानों को बचाया जाये, अन्ना पशुओं को पकड़ाकर गौशालाओं में रखा जाये जिससे फसलों के नुकसान को बचाया जाये, लघु एवं सीमान्त, वृद्धजन, कृषकों को पेंशन का लाभ दिया जाये, किसान के एक परिवार से एक व्यक्ति को रोजगार दिया जाये, अमृतपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिया जाये, अमृतपुर को ब्लाक बनाया जाये, अमृतपुर में एक चीनी मिल स्थापित किया जाये आदि मांगें उठायीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव तथा संचालन समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर ने किया तथा कार्यक्रम का आयोजन चंचल यादव ने किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह भोला यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुराग यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामपाल यादव, डॉ. सुभाष पाल, नवरंग सिंह यादव, साजिद खाँन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रवेन्द्र सिंह यादव उर्फ चुन्नू, राजीव यादव, संजीव यादव प्रधान, अजय राज यादव, यूसुफ पटेल, निर्भान सिंह बापू, सिद्धान्त सिंह, बिपिन यादव, अश्वनी यादव, जुगेन्द्र यादव, रूकमंगल सिंह, नागेंद्र यादव, अभय यादव, अमीर सिंह यादव, अजय यादव, सुधीर यादव, रमाकांत मिश्रा, जगदीश यादव, सचिन यादव, सुमित यादव, ब्रह्मानंद, रेशम पाल यादव, सत्यभान, धर्मेंद्र राजपूत, महावीर सिंह, प्रदीप सिंह सोमवंशी, दयाशंकर तिवारी, डॉक्टर यादराम, कृपाल सिंह सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रकृति परीक्षण का उद्देश्य भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरुकता में क्रांतिकारी बदलाव लाना


कैंप के दौरान मौजूद कालेज के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व चिकित्सक

चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने पहुंचकर प्रशिक्षु चिकित्सकों का बढ़ाया हौसला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आयुष मंत्रालय द्वारा देश में चलाये जा रहे प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सक आये दिन कई गांवों में कैंप लगाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण कर रहे हैं। यह अभियान एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य जागरूकता पहल है और इसका उद्देश्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। चिकित्सकों ने कहा कि यह पहल आयुर्वेद को हर घर के करीब लाती है। नागरिकों को अपनी अनूठी प्रकृति को समझने और व्यक्तिगत निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। प्रकृति परीक्षण अभियान वात, पित्त और कफ दोषों के आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर किसी व्यक्ति की अद्वितीय मन, शरीर संरचना या प्रकृति की पहचान करने पर केंद्रित है। यह ज्ञान प्रतिभागियों को बेहतर स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए अपनी जीवनशैली, आहार और व्यायाम दिनचर्या को अनुकूलित करने में सक्षम बनाता है। इसी क्रम में सोमवार को मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने जनपद के आधा दर्जन स्थानों पर कैंप लगाया। प्रथम कैंप ग्राम सिरौली, नगला इंद्र में डॉ. विकास, डॉ. अरीब, डॉ.रुमा डे, डॉ. समर्पिता एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। द्वितीय कैंप ग्राम करनपुरदत्त में इन्टर्न छात्र-छात्राओं द्वारा लगाया गया। तृतीय कैंप जिलाधिकारी कार्यालय, कचहरी परिसर में डॉ. शिवओम, डॉ. संकल्प सिंह, डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. सुमन कुन्दू, डॉ. शेष देवदास के द्वारा लगाया गया। चतुर्थ कैंप बाग लकूला में डॉ. मनोज चतुर्वेदी, डॉ. पियूष, डॉ. भानू, डॉ. सिमरन यादव, डॉ. सौभाग्य, डॉ. रंजन ने मरीजों का प्रकृति परीक्षण किया। पंचम कैंप मसेनी टीला में डॉ. आनन्द, डॉ. पुष्पेंद्र, डॉ. शिवा प्रसाद एवं छात्र-छात्राओं द्वारा लगाया गया। छठा कैंप के.डी.बालिका डिग्री कालेज लोहियापुरम आवास विकास में लगाया गया। कैंप की रुपरेखा एवं व्यवस्था में प्राचार्या डॉ. अंजना दीक्षित एवं नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश विश्वकर्मा ने आवश्यक सामग्री के साथ सभी कैंपों को रवाना किया।

# हत्या के प्रयास के मामले में तीन वर्ष का कारावास

- दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायिका उर्मिला राजपूत के पुत्र पंचशील राजपूत के ऊपर जानलेवा हमले के मामले में जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने राजेश मिश्रा उर्फ टिंकू मिश्रा पुत्र विद्यासागर मिश्रा निवासी बागकूंचा फर्रुखाबाद को दोषी करार देते तीन वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बीते 11 वर्षों पूर्व शहर कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस को पंचशील राजपूत ने दी गयी तहरीर में बताया कि 19 दिसम्बर 2013 को शाम लगभग 6 बजे फर्रुखाबाद महोत्सव गेट पर महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य होने के कारण मौजूद थे। वहाँ कुछ लड़कों में साईकिल की टक्कर लगने के कारण झगड़ा हो रहा था। मैंने बीच बचाव कर बच्चों को घर भेज दिया था। जिसके 15-20 मिनट बाद लगभग 5- 6 लोग जिनमें टिंकू मिश्रा व सुनील मिश्रा आये और गालियां देने लगे। जान से मारने की नियत से टिंकू मिश्रा ने मेरे ऊपर फायर कर दिया। मैं झुक गया गोली जमीन पर लगी और गड्ढा हो गया। मौजूद लोगों ने हमलावर टिंकू को मय राइफल के पकड़ लिया और पल्ला चौकी इंचार्ज को सौंप दिया। इस घटना को कई लोगों ने देखा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह , श्रवण कुमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विनय कुमार तृतीय ने टिंकू मिश्रा को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। साक्ष्य के अभाव में सुनील मिश्रा को दोष मुक्त कर दिया।

## जानलेवा हमले के मामले में दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार सिंह ने जानलेवा हमले के मामले में किशनवीर उर्फभोला पुत्र सत्यपाल निवासी चिकनइया कंपिल को दोषी देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। बीते सात वर्षों पूर्व थाना कंपिल क्षेत्र के ग्राम चिकनइया निवासी बबलू पुत्र रामौतार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 27 मई 2017 को रात करीब 9 बजे गांव के ही किशनवीर, श्यामवीर, सत्यपाल व दो अज्ञात लोग घेर की दीवाल फांदकर घुस आए तथा मेरे पिता रामौतार को पकड़ लिया। किशनवीर ने गोली मार दी जो कि बाई तरफ जा लगी। घटना को गांव के लोगों ने देखा। गोली लगने से पिता बेहोश हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने किशनवीर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष के कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। साक्ष्य के अभाव से श्यामवीर, सत्यपाल को दोष मुक्त कर दिया गया।

# ताले तोड़कर हजारों की नगदी सहित जेवरात चोरी


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बंद मकान के ताले तोड़कर हजारों की नगदी और जेवरात चोरों ने पार कर दिये, जबकि दो घरों में चोरी का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव हंसापुर गुरैयापुर निवासी इस्लाम जो भट्टे पर ठेकेदारी का काम करता है। इस समय परिवार सहित राजस्थान में है। उनके घर में रखे 50 हजार रूपये नगद, एक अंगूठी, एक जोड़ी कुंडल, पायल, सोने का पेंडिल अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। वहीं पड़ोस में ही रहने वाले राम बिहारी के मकान का भी अज्ञात चोरों द्वारा मकान का ताला तोड़ने का किया प्रयास किया गया और इसी गांव के सतीश के भी घर का ताला तोड़ने का प्रयास किया।

चोरी की सूचना थाना पुलिस को ग्राम प्रधान राकेश कुमार ने दी। पुलिस मौके पर पहुंची और खानापूर्ति कर वापस लौट आई। ज्ञात हो की शमशाबाद थाना क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है तथा चोरी की घटनाओं पर थाना पुलिस द्वारा रोक नहीं लगाई जा पा रही है।

# 26 दिन बाद मारपीट व जान से मारने की धमकी देने जाने का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव मनोहर नगर निवासी जुगेन्द्र सिंह पुत्र बलवीर सिंह ने कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव अलादादपुर निवासी अंकित यादव उर्फ फौजी पुत्र सुनील उर्फ सनेश्वर व मोहित यादव पुत्र रवेन्द्र के विरुद्ध मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 26 नबम्वर को जुगेन्द्र सिंह कायमगंज से वापस अपने घर आ रहे थे। रास्ते में गांव चन्दुइया स्थित शास्त्री इण्टर कालेज के सामने रुककर लघुशंका करने लगे। उसी समय उक्त आरोपित अपने चार पहिया वाहन से मेरे पास आ गए और कहने लगे कि तुमने मेरी मिट्टी से लोड गाड़ी पकड़वाई थी। मैंने कहा कि मैंने नहीं पकड़वाई। इतना सुनते ही आरोपित मेरे साथ गाली-गलौज करने लगे और दोनों आरोपित मुझे अपनी गाड़ी में बैठाकर चन्दुइया ईट भट्टे पर ले गए और वहां मेरे साथ लात-घूंसों से मारपीट की। भट्टे पर काम कर रहे लोगों ने मुझे जैसे-तैसे छुड़ाया। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मारपीट किए जाने से मेरे काफी चोटें आईं। सीएचसी मोहम्मदाबाद में मेरा चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। मेरापुर पुलिस ने घटना के 26 दिन बाद मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच अचरा चौकी प्रभारी आनंद शर्मा के सुपुर्द कर दी गयी है।

# ट्रेन से कटकर सात मवेशियों की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


मौके पर मौजूद हरिगिरि महाराज व अब्दुल जब्बार उर्फ पप्पू आदि

**कमालगंज** थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव के पास गुमटी नंबर 138, 139 के बीच सुबह लगभग 7.00 बजे पैसेंजर ट्रेन से चार गाय सहित दो बैल और एक बछड़े की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ट्रेन सुबह फर्रुखाबाद से होकर कानपुर के लिए जा रही थी। गेटकीपर ने बताया कि अचानक ट्रेन आ जाने से गाय और बैल की कटकर मौत हो गई। बताते चले शेखपुर गुमटी पर यह सिलसिला काफी दिनों से चल रहा है। ट्रेन की टक्कर लगने से आए दिन गायों की कटने की खबर आती रहती हैं। बछड़े का पेट फट गया। जिससे उस बछड़े की भी मौके पर कटकर मौत हो गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद कमालगंज थाना से पुलिस मौके पर पहुंची तथा प्रधान बबलू के पुत्र शिवेंद्र कुमार ने जेसीबी बुलाकर कटी हुई गायों के क्षत विक्षत शव को ग्रामीणों की मदद से रेलवे स्टेशन की पटरी से हटवाकर जेसीबी द्वारा जमींदोज करवाया। सवाल यह है कि यह साजिश के तहत जानवर कट रहे हैं या फिर इनकी निर्मम हत्या की जा रही है। बीते कुछ दिनों पहले भी कई गायों की कटकर मौत हो गई थी। वहीं आज इस घटना से ग्रामीणों में काफी रोष है। गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अब्दुल जब्बार उर्फ पप्पू ने बताया की समस्या तब आती है जब गायों के शव को हटाने के लिए कोई लोग तैयार नहीं होते हैं। जिस पर काफी मेहनत करनी पड़ती है। वहीं उन्होंने पशु डॉक्टर पर आरोप भी लगाया कि पशु चिकित्सा अधिकारी को कई बार फोन किया फिर भी मौके पर वह नहीं आए और ना ही उनकी तरफ से कोई भी कर्मचारी आया। इस मौके पर गौ संरक्षक के प्रदेश महामंत्री अब्दुल जब्बार, डॉ0 पशु चिकित्सा अधिकारी के असिस्टेंट कर्मचारी राजकमल, प्रधान रामसेवक उर्फ बबलू के पुत्र शिवेंद्र कुमार, हरिगिरि महाराज, राष्ट्रीय जिला अध्यक्ष गौ संरक्षक अब्दुल जब्बार उर्फ पप्पू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



कार्यशाला के दौरान मौजूद नगर पालिकाध्यक्ष व अन्य

## सफाई मित्रों की स्किल डेवलपमेंट कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका परिषद कायमगंज स्थित सभागार में अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार व अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में समस्त सफाई मित्रों की स्किल डेवलपमेंट हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ओडीएफ ++, जीएफसी, स्वच्छ सर्वेक्षण 2024, सफाई मित्र सुरक्षा उपकरण, एमआरएफ सेंटर, होम कंपोस्टिंग, वेस्ट टू वंडर पार्क आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार आजाद, राजस्व निरीक्षक अंशुमन शुक्ला, अवर अभियंता जल प्रशांत कुमार, जिला स्तरीय एसबीएम टीम में डीपीएम धर्मेंद्र कुमार व डिस्ट्रिक्ट ऑपरेटर गुलनाज मंसूरी, नगर पालिका परिषद कायमगंज से कम्प्यूटर ऑपरेटर निखिल राज सहित समस्त सफाई नायक आदि उपस्थित रहे।

## शार्टसर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली फतेहगढ़ के सेंट्रल जेल चौराहा स्थित धर्मेंद्र कटियार ने बताया कि उन्होंने लगभग 8.30 बजे अपनी दुकान बंद की। इसके बाद वह दुकान के पीछे की तरफ बने मकान में चले गए, तभी 9 बजे शार्ट सर्किट से आग लग गयी। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जिस पर पहले दमकल की दो गाड़ियां पुलिस लाइन से पहुंची। लगभग पांच गाड़ियां आग बुझाने में खाली हो गई, लेकिन आग तीन मंजिल तक धधक रही थी। मकान पतला होने के चलते दमकल कर्मी भीतर नहीं घुस पा रहे थे। जिसके बाद दुकान के भीतर लगे शटर को क्रेन से तोड़ा गया। लगभग डेढ़ बजे सीओ दमकल पहुंचे। जिसके बाद दमकल की एक गाड़ी अमृतपुर से मंगाई गई। तीन गाड़ियों ने मिलकर लगभग 6 घंटे में आग पर काबू पा पाया, लेकिन तीनों मंजिलों का सामान जलकर राख हो गया। दुकानदार धर्मेंद्र कटियार ने बताया कि दुकान में लगभग 180 हजार की नकदी व घर के जेवरात भी रखे थे। जो जलकर राख हो गए। सामान लाखों का बताया जा रहा है। आग लगने के दौरान बिजली आपूर्ति काट दी गई।

# अब सभी परिवहन विभाग 48 सेवायें ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं: राज्यमंत्री

## पुलगालिब बस अड्डे की दुर्दशा की शिकायत पर एआरएम को लगायी फटकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


राज्यमंत्री को सम्मानित करतीं मिथलेश अग्रवाल व मौजूद विधायक सुरभि आदि

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह रविवार देर रात्र सीपी विद्या निकेतन कायमगंज पहुंचे। जहां उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा अब सभी परिवहन विभाग की 48 सेवाएं ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। इसमें वाहन, लाइसेंस और परमिट आदि से जुड़े कार्यों के लिए सेवाएं शामिल हैं। अब किसी को एआरटीओ कार्यालय नहीं जाना होगा। उन्होंने कहा अभी तक परिवहन विभाग में एक ही बस अड्डा पीपीपी मॉडल पर था, लेकिन अब 23 बस अड्डा पीपीपी मॉडल पर बना रहे हैं और बनना शुरू हो गए है। 54 का अभी टेंडर आ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार परिवहन विभाग में 36 पद एआरटीओ सड़क सुरक्षा के लिए सृजित किए गए हैं। अभी नोटिफिकेशन हुआ है। उन्होंने कहा अभी हमारा विभाग जिला स्तर पर था, लेकिन एमवीआई के 351 पद सृजित किए हैं। अब हर तहसील पर हमारा विभाग बैठेगा। वहां मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) तैनात रहेंगे। सिपाही रहेंगे और बाबू भी रहेंगे। जो हम जिले स्तर पर करते हैं वह अब तहसील स्तर पर प्राप्त होगा। कायमगंज पुल गालिब बस अड्डे की दुर्दशा पर पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री ने तुरंत एआरएम राजेश कुमार को बुलाया। वह मौके पर पहुंचे और जवाब देने को कहा। इस पर एआरएम ने कहा प्राइवेट पार्किंग हटवा दी गई थी। गेट लगवा देंगे। बस अड्डे की दुर्दशा पर वहां मौजूद विधायक डॉक्टर सुरभि ने भी सहमति जताई तो परिवहन मंत्री ने एआरएम को सख्त निर्देश दिए विधायक जो कहे उसका फौरन स्टीमेट बनवाकर भेजिए। विभाग में पैसे की कोई कमी नहीं है। हम खर्च नहीं कर पा रहे हैं। आप स्टीमेट क्यों नहीं भेजते हो। वह बोले बसों की हाजिरी लगवाइए। इस पर विधायका डॉक्टर सुरभि बोली बसें बाहर खड़ी होती है और जाम लगता है, कार्रवाई करें। मंत्री ने कहा बस अड्डे पर अच्छा शौचालय, लैट्रिन, बैठने की व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा। इस दौरान भाजपा नेता संदेश राजपूत ने मांग की कि बदायूं, मैनपुरी के लिए यहां से कोई बस सेवा नहीं है। इस पर परिवहन मंत्री ने कहा अभी हम सात हजार बसें नई ले रहे हैं। जहां-जहां से विधायक संचालन के लिए लिखकर दें। वहां से बस चलवा दी जायेगी। बस की कोई कमी नहीं है। संभल मामले में पूछे गए सवाल पर परिवहन राज्य मंत्री ने कहा वहां न्यायालय के आदेश पर कमेटी गई थी। वहां पथराव किया गया। प्रशासन कानून व्यवस्था के लिए कार्रवाई कर रहा है। संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर एक सवाल के जवाब में बोले (मोहन भागवत) संभल के लिए नहीं बोले। पूरे देश के लिए बोले। मंत्री ने भागवत कि बात दोहराई और कहा उन्होंने कहा कि किसी चीज की अती नहीं होनी चाहिए। मध्यम मार्ग अपनाना चाहिए।

उन्होंने पूरे देश के लिए संदेश दिया था। वार्ता से पहले राज्य महिला आयोग पूर्व सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मिथलेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य आरके बाजपेई, हिन्दी मीडियम समेत भाजपा पदाधिकारियों ने बुकें देकर स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य योगेश चंद्र तिवारी, उप प्रधानाचार्य मनोज तिवारी, अवनीश चतुर्वेदी, दीपक जैना, सागर गुप्ता, देवेंद्र दुबे, एसके बाजपेई समेत कानपुर व फर्रुखाबाद के परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन स्थानों से हजारों की नकदी व जेवरात चोरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान

कोतवाली क्षेत्र के गाँव मदनपुर पोस्ट अताईपुर निवासी अभिषेक कुमार पुत्र स्व. संन्तोष कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि दिनाँक 21 दिसंबर की शाम 5 बजे अपनी बीमार नानी को देखने उनके घर ग्राम रमापुर जसू थाना शमसाबाद गया था। दिनाँक 22 दिसम्बर 2024 की रात्रि अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर घर मे रखी एक सोने की डेढ़ तोले की चैन, 2 सोने की अंगूठी, एक कमरबन्द, 2 जोड़ी पायलें, 21 हजार रुपये की नगदी चोर चोरी कर ले गय। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर कोहना निवासी राज बहादुर उर्फ त्यागी पुत्र राम भरोसे अपने पुत्र यज्ञ सहित परिजनों के साथ रहते है। बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़कर उसमें रखे सोने चाँदी के आभूषण एक जोड़ी झुमकी, एक पायल, नाक की बेसर सहित सोने चाँदी के आभूषण सहित नगदी चोर चुरा ले गये। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर जदीद बरी मोहल्ला निवासी महेन्द्र बाथम ने पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि वह अपनी पत्नी के साथ दूसरे मकान में रहते है। बन्द पड़े मकान का बीती रात्रि चोरों ने मैन गेट का ताला तोड़कर घर के अन्दर घुस गए। चोरों ने दरवाजे व अलमारी, बक्से के लॉक तोड़ डाले। जिसमें रखी एक लाख की नगदी, घर में रखे जेवर, सोने की अंगूठी, नथनी, चाँदी की पायल, चाँदी के हाथफूल, बिछिया, हाथ घड़ी आदि में हाथ साफ कर दिया। सोमवार को सुबह पड़ोसियों ने ताले टूटे देखकर महेन्द्र को जानकारी दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाँच पड़ताल की। वहीं महेन्द्र ने बताया की उसका बेटा सुनील पंजाब में नौकरी करता है। बीते दिनों अपने घर आया था। उसने बकरी सहित तम्बाकू बेचकर एक लाख रुपये घर में रखकर पंजाब चला गया। वह भी रुपये भी चोरी हो गये।

# लोग अपनी सोच बदलें और बच्चों को करें शिक्षित: डॉ0 नीतू मसीह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्रिसमस व नववर्ष के उपलक्ष्य में रखा बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने अपने साक्षात्कार व्यक्तित्व में बताया मैं एक शिक्षक होने के नाते मेरा कर्तव्य है कि

**क्रिसमस के उपलक्ष्य में विशेष**

**व्यक्तित्व**

विद्यालय की प्रत्येक छात्रा पढ़ लिखकर उन्नति करे। जिससे जिले का नाम रोशन हो। मैं बच्चों को हमेशा प्रेरित करती हूँ कि वह आगे बढ़ें और स्वावलंबी बनें, क्योंकि बेटियां वो हैं जो एक नही दो-दो परिवारों के कुलों को संवारती हैं।

इसलिए सभी लोग अपनी बेटियों को बेटे के समान शिक्षित बनायें। जिससे वह अपने परिवार का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि समाजसेवा करना मेरा शौक है। जिसके लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंती हूँ। मेरी प्रेरणास्रोत मेरी मां ग्लेडिस सैमुएल हैं। बचपन से ही मां का स्नेह रहा। बेसिक पढ़ाई बीसलपुर से की। स्नातक की शिक्षा रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से प्राप्त की। 1997 में बीटीसी की पढ़ाई पूर्ण करने के बाद प्राइवेट विद्यालय में पढ़ाया। 2001 में मुरादाबाद में पढ़ाया, 2003 में पीएचडी पूर्ण की।

2003 से 2007 तक मुरादाबाद में अध्यापन किया। 2007 से 2010 तक मैनपुरी में पढ़ाया। 2010 से 2011 तक सीतापुर में अध्यापन कार्य किया। 2011 से 2017 तक पुनः मैनपुरी में पढ़ाया। 2017 में रखा बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या बनीं। तब से अभी तक विद्यालय में अध्यापन कार्य कर रही हूँ। विद्यालय में मेधावी छात्राओं के अलावा होनहार छात्राओं को निजी प्रोत्साहन करती रहती हूँ। जिससे वह आगे बढ़ें। विद्यालय का चार्ज लेते ही सुंदरीकरण किया और पार्कों में वृक्षारोपण कर लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ की। स्वच्छ वातावरण के साथ शिक्षा को आयाम दिया। विद्यालय का मेन गेट फर्नीचर आदि बदलवाये। कई उपकरण मंगवाये। समय-समय पर सरकार की नीतियों का प्रचार प्रसार कर छात्राओं को जागरुक करती हूँ। यहां के बच्चे जनपद स्तर से लेकर मंडल स्तर तक खेलों में भाग लिया। बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ चौपाल लगाकर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करती रहती हूँ। विद्यालय में पीटी व योगा कराया जाता है। प्रत्येक रविवार को प्रभु की आराधना होती है।

चर्च जाकर सभी की सम्पन्नता के लिए दुआ करती हूँ। समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों के साथ बच्चों को उत्साहित करती हूँ। क्योंकि यही बच्चे देश के भविष्य हैं। इसलिए जीवन में शिक्षा का महत्व बहुत जरुरी है। लोग कम खायें, गम खायें, पर बच्चों को शिक्षित बनायें। जो परिवार के साथ देश में भागीदारी कर सकें। परमेश्वर ने हमें अपना इकलौता पुत्र देकर हमारे पापों का उद्धार किया। उसी तरह हम भी सभी की मदद कर सुख दुख में शामिल हों।


डॉ0 नीतू मसीह
प्रधानाचार्या
रखा बालिका इटर कालेज फतेहगढ़

## जय माता दी समूह के नाम चयनित हुआ कोटा, ग्रामीणों ने किया जमकर हंगामा


कोटा चयन के दौरान मौजूद ग्रामीण व अधिकारीगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत में अधिकारियों के निर्देशन में कोटेदार का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कक्यिोली में बीते दिनों निलंबित हुए सरकारी राशन की दुकान का ग्रामीणों ने चयन करने के लिए उच्च अधिकारियों से बात की थी। जिसमें उच्च अधिकारियों ने अपने आदेशों में 23 दिसंबर 2024 की तारीख तय की थी।6 तारीख के अनुसार आज विकास खंड क्षेत्र के खंड विकास अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र कुमार यादव, कायमगंज निरीक्षक सुधांशु यादव तथा विकास खंड के अन्य कर्मचारियों ने भी मौके पर पहुंचकर कोटेदार का चुनाव संपन्न कराया। जिसमें तय किया गया कि शासनादेश के अनुसार ग्राम पंचायत में चल रहे महिला समूह को दुकान निर्गत की जाएगी। जिस पर जय संतोषी मां स्वयं सहायता समूह, अंबेडकर सहायता समूह तथा जय माता दी सहायता समूह ने अपने-अपने आवेदन किए थे। जिस पर विकासखंड अधिकारी तथा एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह ने कोटा चयन की प्रक्रिया को पूर्ण किया। जिसमें जय संतोषी मां स्वयं सहायता समूह सुचारू रूप से चालू नहीं मिला और अंबेडकर सहायता समूह को भी अधिकारियों ने बताया कि सुचारू रूप से चालू नहीं मिला और ना ही उसमें पर्याप्त धन था। वहीं पर्याप्त धन जय माता दी सहायता समूह में सुचारू रूप से पाया गया। जिसमें अधिकारियों ने सही तरीके से चल रहे समूह जय माता दी के नाम कोटा चयनित कर दिया। जिस पर ग्रामीणों ने काफी हंगामा काटा, लेकिन पुलिस बल ने जैसे तैसे हंगामे को शांत कराया, लेकिन ग्रामीण का हंगामा थमने का नाम नहीं ले रहा था। जिस पर अधिकारी वहां से खिसक गये। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, जिलापूर्ति अधिकारी सुरेंद्र कुमार यादव, कायमगंज इंस्पेक्टर खाद्य रसद विभाग सुधांशु यादव, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई तथा समूह संचालक तथा बीएमएम अनुज शुक्ला मौके पर मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ के 23वीं बार लालाराम दुबे बने अध्यक्ष, 22वीं बार नरेन्द्र सोलंकी मंत्री

**संतोष व सतेन्द्र के नामांकन करने से बनी गहमा-गहमी**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का वार्षिक चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल सचान की देखरेख में सर्वसम्मति से स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज में गहमा-गहमी के बीच सम्पन्न हुआ। सभी पदों पर नामांकन किये गये। अध्यक्ष पद पर केवल लालाराम दुबे का नामांकन हुआ। जिला मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी के विरुद्ध सतेन्द्र सिंह ने नामांकन किया। जनपद के शिक्षकों की मनोदशा देखकर सतेन्द्र सिंह ने नामांकन वापस लिया। लालाराम दुबे 23वीं बार जिलाध्यक्ष बने। वहीं नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी 22वीं बार मंत्री बने। शैलेश कुमार कोषाध्यक्ष व संजीव सिंह चौहान आय व्यय निरीक्षक निर्विरोध बनाये गये। साथ ही उपाध्यक्ष पदों पर प्रदीप कुमार जायसवाल 6वीं बार बने। बृजेश कुमार, राजीव दीक्षित, प्रशांत कुमार मिश्रा, रजनीश शिवा उपाध्यक्ष बने। महिला उपाध्यक्ष अनीता कुशवाहा बनी। संयुक्त मंत्री पद पर अनूप कुमार यादव, अमित कुमार, प्राची उपाध्याय, अवधेश कुमार यादव, कृष्णस्वरूप, संदीप कुमार, अभिनव कुमार को बनाया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्य शिवकुमार पुष्कर बने। प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अतुल एंथोनी दास व श्याम लाल बने। चुनाव अधिकारी अनिल सचान ने सभी पदाधिकारियों के निर्वाचन होने की घोषणा की। जनपद के लगभग 180 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। संगठन के निर्वाचन में करुणेश सिंह, ओमपाल सिंह रघुवंशी, प्रेमपाल सिंह, अवधेश चन्द्र ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मृत्युंजय शर्मा, प्रभात दीक्षित, संजीव द्विवेदी, देवेश पाठक, चन्द्रपाल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे। स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक विनीत निर्मल अग्निहोत्री ने सहयोग किया। मोहित मनोहर तिवारी, अनुराग सचान कानपुर से पधारे। इस मौके पर सुधाकर चतुर्वेदी, दिनेश चन्द्र त्रिपाठी, राकेश प्रसाद, अखिलेश पाण्डेय, प्रज्ञेन्दु यादव, संदीप कुमार, तनुजा सरकार, नेहा मिश्रा, इंदु मिश्रा, महेश पाल सिंह उपकारी, सुभाष शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।



स्वागत के दौरान मौजूद शिक्षक संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी

### शिक्षक नेताओं के दबाव के चलते संतोष व सतेन्द्र ने नामांकन लिया वापस

फर्रुखाबाद। माध्यमिक शिक्षक के चुनाव में पूर्व उपाध्यक्ष संतोष दुबे ने कोषाध्यक्ष पद के लिए शैलेश दुबे के खिलाफ नामांकन किया। वहीं सतेन्द्र सिंह ने जिला मंत्री पद के लिए नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी के खिलाफ नामांकन किया। दोनों नामांकन दाखिल होते ही गहमा-गहमी बढ़ गयी। काफी देर चले मंथन के बाद शिक्षक नेताओं के दबाव के चलते नामांकन वापसी का बीत जाने के बाद नाम वापस लिया गया। सर्वसम्मति से शैलेश दुबे को कोषाध्यक्ष व नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी को मंत्री चुना गया। बताते चले कि 22 साल से जिला मंत्री पद पर कार्य कर रहे नरेन्द्र पाल सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ने की हिम्मत सतेन्द्र सिंह जुटायी। ऐसे में चुनाव सम्पन्न होता तो भले ही सतेन्द्र सिंह न जीत पाते, लेकिन एक 22 साल पुरानी परम्परा को तोड़ने में कामयाब रहते। क्योंकि अब युवाओं का समय है। पुरी उम्र पद पर जमे रहना भी गलत है। अध्यक्ष व मंत्री बनने के लिए दूसरों को भी मौका मिलना चाहिए। लालाराम दुबे की चाणक्य नीति के आगे सतेन्द्र व संतोष विफल हुए। जिस कारण मौजूद पद से भी सतेन्द्र और संतोष को हाथ धोना पड़ा। अगर चुने हुए नेताओं का पहले जैसा रवैया रहा तो आगे शिक्षक संघ में फूट पड़ना स्वाभाविक है।



मातृ शक्ति को सम्मानित करते डीएम

## सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रशासन गांव की ओर सुशासन सप्ताह के अंतर्गत भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डीएम डॉ. वीके सिंह, सीडीओ अरविंद कुमार मिश्र, एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति, जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास व विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। योगेश तिवारी प्रधानाचार्य, विश्वमोहिनी पाण्डेय प्रधानाचार्या, पूर्व सैनिक विजय शुक्ला, राष्ट्रपति पुरस्कृत भारती मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। डीएम ने कहा कि जनपद के सभी शासकीय प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार हेतु विभिन्न प्रयास किया जा रहे हैं जिसमें सभी सहयोग दें।

# अवैध सम्बन्धों में बाधा बनने पर वृद्ध की हत्या

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

खेत पर आलू की रखवाली कर रहे वृद्ध किसान की अवैध सम्बन्धों में बाधा उत्पन्न करने को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में पुलिस ने मृतक की पुत्रवधू व उसके प्रेमी को हिरासत में ले लिया। मृतक के पुत्र फिरोज खां पुत्र पुत्तन खां निवासी चंदनी थाना नवाबगंज की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस के अनुसार मृतक के पुत्र फिरोज ने दर्शाया कि मेरे पिता पुत्तन खां 20 दिसम्बर खेत पर आलू के पैकेटों की रखवाली कर रहे थे। जब वह घर वापस नहीं आये तो सुबह 21 दिसम्बर को 8 बजे गांव के लोगों ने बताया कि तुम्हारे पिता आलू के खेत में पड़े है। जब हम लोगों ने जाकर देखा तो वह घायलावस्था में थे। दाहिनी तरफ कनपटी पर एक बड़ा जख्म था और खून बह रहा था, जिस कारण उनकी मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम में पता चला कि गोली लगने से उनकी मौत हुई है। मेरा एक भाई अफरोज खां जिसकी 10 वर्ष पूर्व मृत्यु हो गयी थी। उसकी विधवा पत्नी जो कि मेरी भाभी रुबीना बेगम के मेरे चचेरे भाई फईम खां पुत्र भूरे खां निवासी चंदनी से शारीरिक अवैध सम्बन्ध बन गये थे। पूर्व में मेरे पिता ने आपत्ति जनक स्थिति में दोनों को एक साथ देखा तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की और यह कहा कि तुम लोग साथ रहना चाहते हो तो शादी कर लो। इस बात पर रुबीना बेगम ने कहा कि 13 बीघा मेरे हिस्से की जमीन मेरे नाम कर दो। मेरे पिता ने मना कर दिया और कहा कि मेरा दर्शीय वर्षीय नाती अफजल जो तेरा पुत्र है उसके नाम करूंगा, तेरे नाम नहीं करूंगा। मुझे पूरा यकीन है कि मेरी भाभी के प्रेमी फइम खान ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। सूत्रों की माने तो पकड़े गये दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। वहीं इस घटना में तीसरे व्यक्ति का हाथ होना भी बताया गया है पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले लिया, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

### चोरों ने ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर का तेल व तार किया चोरी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। चोरों ने ट्यूबवेल पर लगे ट्रांसफार्मर का तेल व तार चोरी कर लिया। साथ ही ट्यूबवेल की कोठरी में नकब लगाकर उपकरण चोरी कर लिये तथा समरसेबिल पम्प को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार रवि कुमार पुत्र स्व. अशोक कुमार निवासी ग्राम राजा का नगला (रम्पुरा) पोस्ट सेंट्रल जेल कोतवाली फतेहगढ़ जनपद फर्रुखाबाद का मूल निवासी है। प्रार्थी का एक समरसेबिल पम्प ग्राम सभा राघवपुर बरुआ में लगा हुआ है। जिसका सरकारी विद्युत कनेक्शन संख्या-7217655000 है। दिनांक 22/23.12.2024 की रात में अज्ञात चोरों द्वारा पीड़ित के ट्यूबवेल पर लगा ट्रांसफार्मर तोड़कर उसका तेल व तार चोरी कर ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा समरसेबिल पम्प को क्षतिग्रस्त कर चोरी का प्रयास किया। इसके बाद चोरों ने ट्यूबवेल की दीवार में नकब लगाकर उपकरण चोरी कर लिये। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# जिला जेल से गायों के लिए भाविप ने खरीदे 50 काऊ कोट




जेल अधीक्षक से काऊ कोट प्राप्त करते परिषद के लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सोमवार को भारत विकास शाखा की ओर से जिला जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद को काऊ कोट के लिए सम्पर्क उनसे 50 काऊ कोट खरीदे गये। गऊ माता को पहनाने के लिए जिला जेल पहुंचकर परिषद के लोगों ने 50 काऊ कोट खरीदकर टोका घाट स्थित गोक्षिणी गौशाला में गायों को काऊ कोट पहनाये। साथ ही जिला जेल अधीक्षक को परिषद की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन, दिनेश रस्तोगी, संदीप उपाध्याय, संतोष अग्रवाल, तुषार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की भाकियू ने मनायी जयंती



जयंती मनाते किसान नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। बुंदेलखंड कानपुर जोनल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि चौ0 चरण सिंह किसानों के मसीहा थे। उन्होंने किसानों के लिए खाद की बोरी 75 रूपए में दी थी और उन्होंने जो भी किया वह कोई भी प्रधानमंत्री नहीं कर सकते। जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा कि चौधरी ने प्रधानमंत्री के कार्य को अल्प समय में ही किसानों के लिए बहुत सुविधा की थी। उन्होंने नारा दिया था कि किसानों को अपनी एक नजर दिल्ली की कुर्सी और दूसरी नजर अपने खेत पर रखनी है। प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा कि जिले के किसान परिवार जो हमारे किसान इस समय भी निर्धन रूप में जी रहे हैं और कुछ बड़े किसान शहर में रहने लगे है उन्हे लोग व्यापारी समझने लगे है। प्रशासन की नजर में वह किसान नहीं लगते है, जबकि वह भी किसान है। क्योंकि उनका एक परिवार आज भी गांव से जुड़ा है और रहता है। आज के दिन हम सब ये संकल्प ले की हमें जो गरीब किसान है उसकी मदद करते हुए आगे निकलना है हमें व्यापारी के रूप में अपने आप को दृष्टिगत नहीं करना है। कृष्ण गोपाल मिश्रा ने कहा कि चौ0 चरण सिंह का जन्मद 23 दिसम्बर 1902 को हुआ था। उनका निधन 29 मई 1987 को हुआ था। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश गंगवार, मुकेश शर्मा, अभय यादव, संजय यादव, शिवराम सिंह शाक्य, कुलदीप अवस्थी, विजय शाक्य, विमलेश शाक्य, सुधीर कटियार, मुनीश मिश्रा, अजीत सोमवंशी, राज तिवारी, सोनू, राहुल आदि उपस्थित रहे।

### रवीश कुमार गौतम बने ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ की महत्वपूर्ण बैठक विकास खंड कायमगंज के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दानवीर सिंह यादव व संचालन जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित समस्त कर्मचारियों तथा पदाधिकारियों द्वारा संगठन के चल रहे रिक्त पदों पर नियुक्ति की गई। जिसमें जिला महामंत्री के पद पर रवीश कुमार गौतम, जिला मीडिया प्रभारी के पद पर रवि प्रताप सिंह, जिला संयुक्त मंत्री के पद पर अनुपम पाल को नियुक्त किया गया। उपस्थित समस्त कर्मचारी एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमाला से स्वागत किया गया। इसके बाद उपस्थित कर्मचारियों द्वारा एक स्वर में वर्ष 2018 से अब तक का बकाया एरिया तथा प्रथम एसीपी से वंचित 250 कर्मचारियों को प्रथम एसीपी का लाभ जाने हेतु जोरदार मांग की गई। जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि आप सभी की जो विभागीय मांगें हैं उनको जिला पंचायत राज अधिकारी को अवगत कराया जाएगा एवं आप सभी की मांगों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। बैठक में विकास खंड शमशाबाद के ब्लाक अध्यक्ष अजीत सिंह यादव, कमालगंज ब्लाक अध्यक्ष बृजेश कुमार, कायमगंज ब्लाक अध्यक्ष दीपक कुमार के साथ-साथ सभी वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर में धूमधाम से निकाली गयी क्रिसमस उत्सव झांकी

**पादरी मनोज कुमार, पादरी स्टीफन मसीह ने दिया एकता का पैगाम**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

क्रिसमस के उपलक्ष्य में मसीह समाज के द्वारा क्रिसमस झांकी का आयोजन किया गया। नगर में धूमधाम से झांकी निकालकर क्रिसमस का उत्सव मनाया। पादरी मनोज कुमार, पादरी स्टीफन मसीह ने फतेहगढ़ चौराहा से झांकी को झंडी दिखाकर रवाना किया। चारों चर्चों की कलेसिया के लोगों ने रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सीएनआई चर्च बढ़पुर, सीएनआई चर्च सिटी, सीएनआई चर्च रखा, आल सोल्स फतेहगढ़ ने प्रतिभाग किया। प्रभु यीशु मसीह की शान में गीत गाते हुए फतेहगढ़ चौराहा से मसीह समाज के लोग भोलेपुर, नेकपुर, बढ़पुर, लालगेट, घुमना, चौक आदि मार्गों से गुजरी। क्रिसमस झांकी में प्रभु यीशु मसीह, मरियम, परी, मनूशी आदि स्वरुप रथों पर सवार होकर चल रहे थे। बड़ी संख्या में समाज के लोग नाचते गाते हुए डीजे की धुन पर चल रहे थे। सेंटा क्लाज ने लोगों को टॉफी बांटीं। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मौजूद रही। पादरी मनोज कुमार ने यह कि बड़े उत्सव का दिन है कि परमेश्वर ने अपने इकलौते पुत्र प्रभु यीशु मसीह को हमारे उद्धार के लिए भेजा और उन्होंने चरनी में जन्म लेकर हम सबका उद्धार किया। उन्होंने संदेश दिया कि जो मनुष्य धरती पर आया है उसके पापों का नाश होगा। लोग ईमानदारी से सभी कार्य करें और समय निकालकर प्रभु की आराधना करें। पादरी स्टीफन मसीह ने संबोधित करते हुए संदेश दिया क्रिसमस उत्सव का पर्व है। इसका आनन्द सब लोग मिल जुलकर लें और गरीबों की मदद करें। यही प्रभु यीशु मसीह ने हमें संदेश दिया है। पादरी किशन मसीह ने आगरा से आकर झांकी उत्सव में भाग लिया। क्रिसमस झांकी के दौरान सचिव एलिस दयाल, कोषाध्यक्ष भावना लाल, विनीता सिंह, प्रियंका मैसी, जोर्डन राज, विजय दयाल, राजीव के.लाल, रितेव ओलिव सिंह, भगवान लाल, सुषमा लाल, सुजीत सहाय, ऐस्तर रोज दयाल, अमर साइमन, रवींद्रजी लाल, सोलोमन दयाल, सुनील विक्टर, आदित्य रोहित सहाय ने भाग लिया। वहीं रखा चर्च से राजेश मसीह, डॉ0 नीतू मसीह, जयवंत सनी, आर.फ्लोमर, सुरेंद्र पाल सिंह, स्टेनिली हिल्स, किशनपाल सिंह, मेरिस पीटर, अनीता पीटकर, फराह, सविता आइजक, सुनीता हिल्स, कामिनी सिंह, चैरी मैसी, सोनिया लाल ने भाग लिया। वहीं सिटी चर्च, रंजीत मैसी, सुरेन्द्र सिंह, अभिषेक, मनीषा, सुमेल मसीह, अंकिता मसीह, रंजीता लाल मौजूद रहीं। आल सोल्स चर्च फतेहगढ़ से आर.के. सिंह, विशाल धनी, अमित कुमार, रोजीशन विश्वासी, रोहितानी विश्वासी, सुनील मसीह, अभिषेक मसीह, एकता मसीह, राहुल अबरार, अनुराग मल्ल, अंजू मल्ल, अवधेश प्रभु खोजी, अनुपम मसीह, नेहा मसीह, अनिल सिंह, अमर साइमन, माया मसीह, सुमन, सचिन मसीह आदि लोग मौजूद रहे। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया।



झांकी में मौजूद परी की वेषभूषा में बच्चे

# सांसद मुकेश राजपूत के स्वस्थ्य होने के लिए हुआ हवन पूजन



हवन पूजन में भाग लेते लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पूर्व सभासद श्याम सुंदर लल्ला के आवास पर सांसद मुकेश राजपूत के उत्तम स्वास्थ्य हेतु हवन पूजन का आयोजन किया गया। तलैया फजल इमाम स्थित श्याम सुंदर लल्ला के निवास पर हवन पूजन में प्रभु श्रीराम को याद कर सांसद के स्वास्थ्य की कामना की गयी। हवन पूजन में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर शिवम वर्मा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबित पाठक, किरन सिंह, मीना मिश्रा, अश्नील दिवाकर, धीरज पाण्डेय, अमित राजपूत, दामोदर राजपूत, ज्ञानेंद्र सिंह, नरोत्तम सिंह, धर्मेंद्र राजपूत, दारा सिंह, दीप सिंह, सभासद धर्मेंद्र कनौजिया, संजीव बाजपेई, बाबू अग्निहोत्री, नन्हे पंडित, नवनीत कनौजिया, योगेंद्र चौहान, धीरेंद्र वर्मा, विनोद वर्मा, कौशलेंद्र राजपूत, लज्जाराम वर्मा, धनीराम, ईश्वर दयाल राजपूत, राजू राजपूत, रजनीश राजपूत, अखिलेश राजपूत, रमेश वर्मा, अमूल्य गंगवार, धनंजय, ज्योति प्रकाश, राजन राय जौली राजपूत मौजूद रहे। लोधी महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर लल्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### रोजगार मेले में 243 पुरुष/महिला अभ्यर्थियों का हुआ चयन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला सेवायोजन कार्यालय फतेहगढ़ द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 08 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। टेनाको आटोमोटिव इण्डिया प्रा.लि., मदरसन मेट आटोमोटिव, यजाकी इण्डिया प्रा.लि., ऑटोकॉम्प कॉर्पोरेशन पैन्स प्रा.लि., वीकेटी टायर्स लि., एसके इलैक्ट्रोनिक्स, सन वैक्यूम फॉर्मर इण्डिया लि. एवं आईवीसीसी इण्डस्ट्रीज लि. आदि कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। उक्त रोजगार मेले में 454 बेरोजगार पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 243 पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया। साथ ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फर्रुखाबाद में आज एक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन भी किया गया।

# गैर सनातनी को मेला रामनगरिया में दुकानें न दिये जाने की मांग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि प्रति वर्ष मां गंगा के तट पर अपराकाशी के नाम से विख्यात मेला श्री रामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी मां गंगातट पांचालघाट में कई वर्षो से हिन्दुओं की आस्था के रूप में लगाई जाती है। मां गंगा के तट पर श्री राम नगरिया मेला लगातार कई वर्षो से लगता आ रहा है। जिसमें विभिन्न हिन्दुओं के साथ ही विभिन्न धर्मावलंबी साधु-संत आदि सम्मिलित होते हैं। वर्तमान की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए एवं पिछले वर्ष में मां गंगा के तट पर श्री राम नगरिया मेले में एक भयावह अग्निकांड हो गया था। जिसमें काफी जन हानि हुई थी एवं सैकड़ों हिन्दुओं को एक बढ़ी क्षति का सामना करना पड़ा था। जिसकी श्री राम नगरिया में कल्पवास करने वाले हिन्दुओं ने घोर निंदा भी की थी।

इस भयावह अग्निकांड को साजिश बताया गया था। ऐसी स्थिति में पुनः माँ गंगा के तट पर माघ मेला श्री राम नगरिया का आयोजन होने जा रहा है जिसमें सभी सनातनी, महात्माओं एवं विभिन्न हिन्दु संगठनों ने यह निर्णय लिया है कि पिछले वर्ष की तरह कोई अनहोनी की पुनरावृत्ति न हो इसलिये माँ गंगा के तट पर लगने वाले माघ मेले में हिन्दु धर्म के अलावा अन्य धर्म के लोगों का किसी भी प्रकार की दुकान लगना वर्जित किया जाये। आधार कार्ड से पहचान कर दुकानें दी जाये। जिससे कोई अनहोनी घटना न हो और संत व सनातनियों को कोई आघात न पहुंचे। इस मौके पर सनी गुप्ता, विपिन कुमार, सचिन दुबे, रवि गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

### जेएन मेमोरियल स्कूल में राधा माधव संकीर्तन सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जेएन मेमोरियल स्कूल धारमपुर में राधा माधव संकीर्तन मण्डल के तत्वाधान में हरिनाम संकीर्तन समारोह का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। शुभारम्भ शिवनाथ पाठक ने गणेश वंदना व हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया। भजन गायक अनिल मेहरोत्रा ने नाथ अब भूलो भूल हमारी, आ जाओ नंदलाल तरस गये नैना भजन पर आनंदित किया। युगल सरकार की मनमोहक झांकी का सभी ने दर्शन किये। प्रबंधक अंजुम दुबे ने प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर अपर जिला जज सीतापुर महेन्द्र सिंह, अपर जिला जज रविकांत रस्तोगी, न्यायिक अधिकारी अंकित मित्तल, महेन्द्र सिंह, हरिप्रिया, डा0 अरविन्द कटियार, सुरेन्द्र सफ्फड़, रवीश द्विवेदी, डीएन सिंह, हनुमान प्रसाद, अनुराग, माधव सिंह, दुष्यंत दुबे आदि लोग मौजूद रहे। सभी को गीता की पुस्तके वितरित की गई।

# स्मृति दुबे को श्रद्धारानी एवं डॉ. संतोष को राजेन्द्र अग्रवाल सम्मान से किया गया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

श्रद्धा रानी स्मृति संस्थान के तत्वावधान में संस्था के संरक्षक विनय अग्रवाल के सेनापति स्थित निवास प्रांगण में स्व. श्रद्धा रानी गर्ग की स्मृति में कवि गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवायें देने वाले समाजसेवी व साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस बार का श्रद्धारानी स्मृति सम्मान युवा कवियत्री स्मृति अग्निहोत्री को तथा स्वॅ. राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल स्मृति सम्मान वरिष्ठ कवि डॉ. संतोष पाण्डेय को दिया गया। इसके अलावा समाजसेवी सभासदों और व्यापारी नेताओं का अभिनंदन किया गया। गीतकार डॉ. गरिमा पांडेय ने सरस्वती वंदना की एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज हुआ। स्वागत भाषण विवेक अग्रवाल ने दिया। वैभव सोमवंशी, प्रीति पवन तिवारी, स्मृति अग्निहोत्री, डॉ. गरिमा पांडेय, बरेली से आयीं सिप्ता अग्रवाल, डॉ. संतोष पांडेय, आचार्य कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर आदि ने काव्यपाठ किया। अध्यक्षता डॉ. संतोष पाण्डेय ने की व संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। संस्था अध्यक्ष संजय गर्ग ने भूमिका बनाई। वहीं आये हुए लोगों का धन्यवाद विनय अग्रवाल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, वरिष्ठ कवि बृज किशोर सिंह किशोर, सुधांशु दत्त द्विवेदी, प्रमोद अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, श्वेता दुबे, बबिता पाठक, सोनी शुक्ला, रचना अवस्थी, अखिलेश अग्निहोत्री, पाली दुबे, निमिष टंडन, इंद्रा पाण्डेय, चित्रा अग्निहोत्री, सुमन राठौर, रविंद्र भदोरिया समेत बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी व समाजसेवी सम्मानित हुए।



जवाहर सिंह को सम्मानित करते विनय अग्रवाल व संजय गर्ग

# जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम



प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि पल्लव सोमवंशी आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

दो दिवसीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ राजेपुर के ब्लाक प्रमुख डॉ. पल्लव सोमवंशी एवं जिला एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्रा ने 60मी दौड़ स्पर्धा में हरी झण्डी दिखाकर किया। प्रतियोगिता मे विभिन्न खेलों के अंडर-14 आयु वर्ग एवं अंडर-16 आयु वर्ग में लगभग 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी फरवरी माह में गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर प्रतियोगिता प्रभारी संजीव कटियार, एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला, शैलेश मिश्रा, अवनीन्द्र सक्सेना, लक्ष्मण टंडन, राजीव बाजपेयी, निशीत सक्सेना, शानू शुक्ला जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह व अजय प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे। प्रायोगिता में निर्णायक की भूमिका कुलदीप यादव अरुण कुमार, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, यदुनाथ सिंह, ज्योति कठेरिया, नंदराम राठौर ने निभाई। विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। अंडर-14 बालिका वर्ग 600 मीटर में प्रथम नैन्सी, द्वितीय राजुल, तृतीय सरस्वती रही। बालक वर्ग 600 मीटर में अंकित सिंह प्रथम, प्रिंस कुमार द्वितीय, रुद्र तृतीय रहे। लम्बी कूद बालिका वर्ग में शिवांकी प्रथम, राजुल द्वितीय, नैन्सी तृतीय रही। बालक वर्ग लम्बी कूद में अनुराग यादव प्रथम, अंकित द्वितीय, निकित तृतीय रहे।

बालिका वर्ग 60 मीटर दौड़ में आराध्या प्रथम, कीर्ति द्वितीय, अंशिका यादव तृतीय रही। बालक वर्ग 60 मीटर दौड़ में वर्धमान दीक्षित प्रथम, आकाश थापा द्वितीय, कृष्णनन प्रताप तृतीय रहे। लम्बी कूद बालक वर्ग में हर्ष राजपूत प्रथम, भाष्कर द्वितीय, नवनीत तृतीय रहे। अंडर-14 बालिका वर्ग गोला फेंक प्रतियोगिता में दिव्यांशी प्रथम, सृष्टि द्वितीय, रागिनी तृतीय रही। गोला फेंक बालक वर्ग में अनुराग यादव प्रथम, निशीत द्वितीय, अंकित तृतीय रहे।

# अमित शाह नैतिका के आधार पर दे इस्तीफा: शकुंतला देवी



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नगला दीना भोलेपुर कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी व शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि सोंची समझी रणनीति की तरह संवैधानिक नैतिक मूल्यों का हनन हो रहा है। शकुंतला देवी ने कहा कि लोकसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का गृहमंत्री अमित शाह ने टिप्पणी कर अपमान किया है। कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के सभी लोगों ने मांग की अडानी व मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस को ठुकराया गया और भाजपा ने मनुवादी मानसिकता का उजागकर करते हुए डा0 अम्बेडकर का अमित शाह द्वारा अपमान किया गया है। भाजपा के संविधान बदलने की साजिस को आम जनता ने नाकाम कर दिया है। प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सीख देने की बजाय आरोप-प्रत्यारोप तेज कर रहे है और बाबा साहब का किया गया अपमान मानने को तैयार नहीं और उल्टा भाजपा संसद की कार्यवाही ठप कर रखी है। जबकि प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मलिल्लकार्जुन खरगे को गिरा दिया गया। बीजेपी का षड्यंत्र है कि राहुल गांधी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराकर साजिस की गई है। यह सब लोग संविधान विरोधी है। नैतिकता के आधार पर अमित शाह इस्तीफा दें, कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, वरुण त्रिपाठी, धर्मेन्द्र शाक्य, अर्जुन शर्मा, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### नेकी की दीवार का हुआ शुभारंभ




फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर के एक सभागार में साहस इंडिया ग्रुप द्वारा नेकी की दीवार कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ0 मनोज मेहरोत्रा ने फीता काटकर एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर किया। परहित सरिस धर्म नहीं भाई कुछ चरितार्थ करने वाला है यह कार्यक्रम अत्यंत उत्तम है, इसमें जिले व नगर के लोगों को भयंकर ठिठुरती सर्दी में गर्म कपड़े, कंबल इत्यादि सुगमता से प्राप्त हो सकेंगे। यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बिंदु गुप्ता ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी श्वेता दुबे ने कहा कि इस कार्यक्रम में नगर के सभी सज्जनों को सहयोग करना चाहिए। हम सभी के द्वारा दिए गए वस्त्र जो कि हमारे उपयोग से बाहर है वह वस्त्र किसी के उपयोग में आएंगे उनको इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र पांडेय एवं अरविन्द दीक्षित ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुबोध शुक्ला, सरदार जगदीप सिंह, अमन अवस्थी, आदेश अवस्थी, सोमेश गुप्ता, ज्ञानेश, अरविन्द अवस्थी, संजय गर्ग, सुधेश दुबे, विमलेश मिश्रा, अभिषेक वाजपेई, प्रशांत सिंह, धीरज पांडेय, स्नेहा वाजपेई, मधु तिवारी, अनुराग पांडेय, रिंकू आदि लोग उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री धामी ने स्वामी श्रद्धानन्द के 99वें बलिदान दिवस पर आयोजित राष्ट्रभक्त महायज्ञ में शिरकत की, कहा

# वैदिक शिक्षा का प्रचार कर रहा श्रद्धानंद गुरुकुल

समृद्धि न्यूज

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्राचीन गुरूकुल कांगड़ी में अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द के 99वें बलिदान दिवस पर आयोजित राष्ट्रभक्त महायज्ञ में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने देश की समता के लिए जो प्रयास और संघर्ष किया, वह स्मरण करने का दिन भी है।

स्वामी श्रद्धानंद महाराज ने 20वीं सदी के प्रारंभ में भारत में स्वतंत्रता और वैदिक शिक्षा का एक ऐसा आंदोलन खड़ा किया था, जिसने कट्टरपंथियों की और अंग्रेजों की नींव हिलाने का काम किया था। स्वामी श्रद्धानन्द के विचारों से प्रभावित होकर, दूसरे धर्म के लोगों ने पुनः सनातन को अपनाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धानंद महाराज ने 1902 में हरिद्वार की पवित्र धरती पर गुरुकुल रूपी बीजरोपित किया था, जो आज एक विशाल वट वृक्ष बनकर पूरी दुनिया को वैदिक शिक्षा का प्रकाश एवं शिक्षा देने का काम कर रहा है। यह विवि न केवल शिक्षा का केंद्र है बल्कि राष्ट्र निर्माण और वैदिक संस्कृति के प्रचार प्रसार का भी एक मजबूत स्तंभ है। इस विश्वविद्यालय की शिक्षा प्रणाली में जहां एक ओर गौतम, कपिल, कणाद, जैमिनी आदि ऋषियों के जीवन दर्शन का पूरा समावेश है, दूसरी ओर राष्ट्रवाद की भावना का तत्व भी विद्यमान है। हजारों शिक्षार्थियों ने विश्व बन्धुत्व का भाव लेकर शिक्षा धर्म समाज सेवा के क्षेत्र में एक वैश्विक पहचान स्थापित की है। इस अवसर पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, कुलाधिपति सत्यपाल, विधायक प्रदीप बत्रा, जि. पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, पूर्व विधायक कुंवर प्रणव चैम्पियन, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, विवेक, योगानंद शास्त्री, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल उपस्थित थे।



▶ प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन, सहयोग से राज्य सरकार भी प्रदेश में सनातन संस्कृति के उन्नयन, संरक्षण, संवर्धन के लिए लगातार संकल्पित

### पीएम के नेतृत्व में कुटुंबकम की भावना हो रही साकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश कुटुंबकम की भावना से एक पृथ्वी-एक परिवार और एक भविष्य की अवधारणा को वैश्विक मंचों पर साकार कर रहा है। आज भारत की हर उस बात को जो दुनिया के हित में है, मानवता के हित में है, जो प्रधानमंत्री द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है, उन्हें पूरी दुनिया अपना रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कोरोना काल में 100 से भी अधिक देशों को हमारी सरकार ने कोविड वैक्सीन उपलब्ध कराने का काम किया था। योग एवं आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर ले जाने, मानवता के एक सूत्र में पिरोने का कार्य प्रधानमंत्री ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन, सहयोग से राज्य सरकार भी प्रदेश में सनातन संस्कृति के उन्नयन, संरक्षण, संवर्धन के लिए लगातार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। केदारनाथ के पुनर्निर्माण, बद्रीनाथ धाम का मास्टर प्लान पर तेजी से कार्य हुए हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दून विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज की पढ़ाई प्रारम्भ करने का निर्णय लिया है, जिसमें अनेक प्रकार के शोध और अनुसंधान के कार्य होंगे। इस केंद्र में हिंदू सभ्यता और संस्कृति से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर शिक्षण और शोध के कार्य के साथ अन्य नवाचार के कार्यों को भी आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर सनातन संस्कृति के संवर्धन एवं वैदिक शिक्षा के प्रचार प्रसार के माध्यम से भारत को फिर से पुन:विश्व गुरू बनाने में अवश्य सफल होंगे।

# रोजगार मेला : उत्तराखंड में 285 युवाओं को मिली सरकारी नौकरी, आईटीबीपी में 160 नई भर्तियां

▶ केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने युवाओं को भेंट किए नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल सीमाद्वार में सोमवार को रोजगार मेला 2024 (फेज-2) का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों के 45 केन्द्रों पर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य के साथ रोजगार मेले का आयोजन किया गया है।

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार की ओर से रोजगार मेले के माध्यम से उत्तराखंड सहित पूरे भारत में लगभग 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। इसमें केवल केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीएपीएफ) में लगभग 50,000 खाली पदों को भरा गया है। देहरादून केंद्र में विभिन्न केंद्रीय पुलिस संगठनों भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, डीएफएस एवं पोस्टल विभाग में चयनित 285 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से युवाओं को उनकी नियुक्ति पर शुभकामनाएं दी। टम्टा ने प्रधानमंत्री मोदी का नवनियुक्त युवाओं की तरफ से आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयास से आज हम सबका सपना विकसित भारत के संकल्प को आत्मसात करने के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है। इसके तहत सरकारी नौकरियों में स्वर्णिम अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने 23वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल देहरादून कैंप परिसर में आयोजित रोजगार मेले को सुव्यवस्थित तरीके से कराने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताया।

इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, भारतीय पुलिस सेवा उत्तरी सीमांत के महानिरीक्षक संजय गुंज्याल, भारतीय पुलिस सेवा उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय मनु महाराज आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट जारी, 30 क्षेत्रों में ईवीएम हैक होने का आरोप

▶ भाजपा ने शहरी सीटों वाली मशीनों के साथ अधिक छेड़छाड़ की

एजेंसी




**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने एक बार फिर से विधानसभा चुनाव में धांधली के मुद्दे पर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार व चुनाव आयोग को घेरा। हरियाणा कांग्रेस की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट का पहला पार्ट जारी किया। रिपोर्ट में कहा गया कि विधानसभा चुनाव में 30 से ज्यादा विधानसभा हलकों में ईवीएम हैक किया गया।

कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर हरियाणा कांग्रेस की गठित की गई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कर्ण दलाल ने सोमवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय में अपनी रिपोर्ट का पहला पार्ट जारी किया। इस मौके पर दलाल ने कहा कि 8 अक्टूबर को चुनाव परिणाम घोषित करते समय कई तरह की गड़बड़ियां की गई। आज तक भी चुनाव आयोग की साइट पर यह साफ नहीं है कि किस प्रत्याशी को कितने वोट मिले हैं। आयोग पहले दिन से ही वोट प्रतिशता को केंद्र मानकर आगे बढ़ रहा है।

दलाल ने कहा कि बैलेट वोटों की गिनती के समय कांग्रेस 70 सीटों पर आगे थी, जबकि ईवीएम खुलने के बाद यह आंकड़ा गिरता चला गया। कांग्रेस नेता दलाल ने कहा कि ईसी ने 5 अक्टूबर को शाम पांच बजे 61.19 प्रतिशत वोटिंग दिखाई गई। उसी रात पौने 12 बजे बजे साइट पर 65.65 प्रतिशत वोटिंग दिखाई गई। मतगणना के एक दिन पहले रात पौने नौ बजे ईसी की साइट पर वोट प्रतिशत को बढ़ाकर 67.90 प्रतिशत कर दिया गया। दलाल ने कहा कि आयोग की इस बात को सही माना जाए तो वोटिंग से लेकर मतगणना तक प्रत्येक विधानसभा हलके में 15 हजार 175 वोट बढ़ने का अनुमान है।

दलाल ने दावा कि मतगणना से एक रात पहले रेवाड़ी, पलवल, होडल समेत कई हलकों में बने स्ट्रांग रूम में 38 मिनट के लिए सीसीटीवी बंद किए गए थे। दलाल ने अब तक हुई जांच के बारे में कहा कि भाजपा 44 में से जिन 37 सीटों पर जीत दर्ज करती है, वहां स्ट्राइक रेट 88 प्रतिशत तथा 46 में से जीती 11 सीटों पर भाजपा की वोट का स्ट्राइक रेट 23 प्रतिशत रहा है। दलाल ने दावा किया कि भाजपा ने प्रदेश की शहरी सीटों वाली मशीनों के साथ अधिक छेड़छाड़ की गई है।

### इस्लामाबाद में हुकूमत और पीटीआई के बीच सुलह वार्ता शुरू

**इस्लामाबाद ।** आखिरकार पाकिस्तान की संघीय सरकार और विरोधी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रतिनिधि आज सुलह की मेज पर आ गए। बैठक नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ऐयाज सादिक की मौजूदगी में शुरू हुई है। सादिक ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की यह पहल कामयाबी होगी। सरकार और पीटीआई के बीच टकराव का अंत होगा। जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, यह बैठक संसद भवन में तय समय से कुछ विलंब से शुरू हुई। बैठक में उप प्रधानमंत्री इशाक डार, प्रधानमंत्री के सलाहकार राणा सनाउल्लाह, सीनेटर इरफान सिद्दीकी, पीपीपी नेता राजा परवेज अशरफ, नवीद कमर और एमक्यूएम-पी नेता फारूक सत्तार मौजूद हैं। आज के सत्र में पूर्व स्पीकर असद कैसर, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के अध्यक्ष साहिबजादा हामिद रजा और मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन अल्लामा राजा नासिर अब्बास कर रहे हैं।

# श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम की हुई घोषणा

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने 28 दिसंबर से घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही आगामी व्हाइट बॉल सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में ऑकलैंड एसेस के युवा आक्रामक खिलाड़ी बेवॉन जैकब्स को शामिल किया गया है।

हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस द्वारा खरीदे गए जैकब्स ने सोमवार (23 दिसंबर) को श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए 16 गेंदों पर 39 रन बनाए। रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल और मैट हेनरी की तिकड़ी पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए श्रीलंका की यात्रा से चूकने के बाद टी20आई और वनडे दोनों के लिए वापस आ गई है। यह सीरीज - जिसमें तीन टी20आई और तीन वनडे शामिल हैं - न्यूजीलैंड के पूर्णकालिक व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में मिशेल सेंटनर की पहली सीरीज होगी। जनवरी 2025 में होने वाली वनडे सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम चुनने से पहले टीम की आखिरी सीरीज होगी। जैकब्स ने पिछले साल न्यूजीलैंड के घरेलू टी20 टूर्नामेंट सुपर स्मैश में सबका ध्यान खींचा था, जहां उन्होंने कैंटरबरी किंग्स के लिए फिनिशर के रूप में 188.73 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए (6 पारियों में 134)। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, बेवॉन और उनके परिवार के लिए यह निश्चित रूप से एक रोमांचक समय है। वह बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और हम उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उत्सुक हैं। उसके पास स्पष्ट रूप से बल्ले से बहुत ताकत है, लेकिन उसने लंबे प्रारूपों में भी दिखाया है कि उसके पास एक अच्छी तकनीक और स्वभाव है।

## खबरें एक नजर में

### पुणे में डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे नौ मजदूरों को रौंदा, तीन की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के वाघोली चौक इलाके में रात को एक डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे नौ मजदूरों को रौंद दिया। इस हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में दो बच्चे भी हैं। छह घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनमें से तीन की हालत गंभीर है। पुलिस ने नशे में धुत आरोपित डंपर चालक गजानन टोटे को गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हिम्मत जाधव ने हादसे की पुष्टि की है। पुणे सिटी पुलिस जोन-4 के पुलिस उपायुक्त हिम्मत जाधव ने बताया कि यह हादसा रात करीब एक बजे हुआ। यह मजदूर अमरावती जिले से पुणे में मजदूरी के लिए आए थे। यह लोग वाघोली के केसनंद नाका पुलिस स्टेशन के सामने रविवार रात को सो गए थे। रात करीब एक बजे सभी को डंपर ने रौंद दिया। हादसे में विशाल विनोद पंवार (22 ), वैभव रितेश पवार (01 ) और वैभव रितेश पवार (02) की मौत हो गई। घायलों के नाम जानकी दिनेश पवार ( 21 ), रिनिशा विनोद पवार (01), रोशन शशदु भोसले( 09 ), नागेश निवृत्ति पवार (27), दर्शन संजय वैराल (18) और अलीशा विनोद पवार (47 ) हैं। यह डंपर भार्गव बिल्टवेज इंटरप्राइजेज के नाम पर रजिस्टर्ड है।

### आप ने की अमित शाह को गृह मंत्री पद से हटाने की मांग

**अजमेर।** राजस्थान में आम आदमी पार्टी (आप) की अजमेर इकाई की ओर से जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पर की गयी टिप्पणी पर स्वत्-संज्ञान लेकर उन्हें गृहमंत्री पद से 'बर्खास्त् करने की मांग की है । आप पार्टी अनुसूचित जाति इकाई के प्रदेश अध्यक्ष पंकज जटिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता अजमेर में जयपुर रोड स्थित डाक बंगला पर एकत्रित हुये और यहां से बाबा साहेब के समर्थन और अमित शाह के विरोध में नारेबाजी करते हुये जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में राष्ट्रपति को बताया गया है कि गृहमंत्री की टिप्पणी ने देश को स्तब्ध कर दिया है। उनकी टिप्पणी अम्बेडकर.. अम्बेडकर.. बोलना फैशन बन गया है। इससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई है । गृहमंत्री ने अपने कथन को जायज ठहराया है और प्रधानमंत्री ने इसका समर्थन कर जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। परिणामस्वरूप पूरा देश उद्वेलित है और गृहमंत्री के कथन का विरोध कर उनसे माफी मांगने की मांग कर रहा है । उन्होंने राष्ट्रपति से अमित शाह को गृहमंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की है।

### महाराष्ट्र के धुले जिले में चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के धुले जिले के न्यू शेरे पंजाब लॉज के एक कमरे में पुलिस ने छापा मारकर बिना इजाजत भारत में घुसे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। धुले पुलिस, एटीएस और दामिनी पुलिस की टीम इन चारों से गहन पूछताछ कर रही हैं। अब तक छानबीन में पता चला है कि चारों बांग्लादेश के महिदीपुर जिले के मूल निवासी हैं। पुलिस अधीक्षक श्रीकांत धीवरे को न्यू शेरे पंजाब लॉज में बांग्लादेशी नागरिकों को ठहरने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोर काले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लॉज के कमरा नंबर 122 में छापा मारा और मोहम्मद मेहताब (48), शिल्पी बेगम मोहम्मद बेताब (43), ब्यूटी बेगम पोलुस शेख (45) और रिपा शेख (30) को हिरासत में लेकर आजाद नगर पुलिस स्टेशन आए। इन चारों से पूछताछ में पता चला कि चारों बांग्लादेश के महिदीपुर जिले के मूल निवासी हैं और बिना इजाजत भारत मे घुसखोरी की है। इसके बाद चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। इन चारों के पास से 40 हजार रुपये के मोबाइल बरामद किए गए हैं।


### 38वें राष्ट्रीय खेल : पांच खेलों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया तय

**देहरादून।** उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत पांच खेलों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया तय कर ली गई है। गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (जीटीसीसी) ने इस संबंध में निर्णय ले लिया है। पंजीकरण प्रक्रिया तय करते हुए जीटीसीसी ने राज्य खेल संघों के लिए प्रविष्टि की अंतिम तिथि भी तय कर दी है। जीटीसीसी चेयरपर्सन सुनैना कुमारी ने इस संबंध में एनएसएफ, एसओए, यूटीओए, एसएससीबी के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्षों को पत्र भेजा है। जिन खेलों के लिए पंजीकरण प्रणाली तय की गई है, उसमें हैंडबॉल, बीच हैंडबॉल, ताइक्वांडो, वॉलीबॉल और बीच वॉलीबॉल शामिल है। राज्य खेल संघों को तीन चरणों में 3 से 13 जनवरी तक प्रविष्टि सुनिश्चित करनी होगी। उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. डीके सिंह के अनुसार इन खेलों के संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर सहमति बनाने की आवश्यकता थी। मुख्यंमत्री धामीइस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों पर राज्य सरकार की पैनी निगाह है। तैयारियों ने गति पकड़ ली है।

### बीएन ग्रुप ने असली नायकों 'रखो इरादे फ्रेश' किया लॉन्च

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीएन ग्रुप के प्रमुख ब्राण्ड सिम्पली फ्रेश ने अपना नया कैम्पेन, रखो इरादे फ्रेश लॉन्च किया है। वे एक ऐसा विज्ञापन लेकर आए हैं जोकि लोगों के दिलों के तार जोड़ता है और वास्तविक जीवन के उन असली नायकों की बात करता है जिन्होंने अपनी अलग सोच और प्रभावी तरीकों का परिचय दिया है। इस कैम्पेन का प्रेरणादायक टीवी विज्ञापन ग्रामीण भारत में संवहनीय खेती के लिए अपना बेहतरीन कॅरियर छोड़ देने वाली एक आईटी प्रोफेशनल नीरजा कुद्रीमोती और पांच-सितारा शेफ से सोशल वर्कर बनकर गरीबों के नाम अपना जीवन समर्पित करने वाले नारायणन कृष्णन जैसे लोगों को एक सम्?मान है। बदलाव और निस्वार्थ भावना का उनका असाधारण सफर बेहतर भारत के लिए नए-नए विचारों और साहसी विकल्पों को बढ़ावा देने के सिम्प्ली फ्रेश के मिशन से मेल खाता है। इस कैम्पेन को थोड़ी और धार देते हुए बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद और अनूप सोनी को इस संदेश को मजबूती से आगे ले जाने के लिए शामिल किया गया है। इस कैम्पेन के बारे में , किरण गिराडकर, सीएमओ, बीएन ग्रुप, का कहना है, रखो इरादे फ्रेश' कैम्पेन में उस नई सोच और नए तरीकों की ताकत के बारे में बात की गई है जोकि सही मायने में विकास लेकर आते हैं। नीरजा और नारायणन की कहानियां हमें पुरानी धारणाओं को चुनौती देने और एक सार्थक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती हैं। सिम्पली फ्रेश इन नायकों और उज्जवल भविष्य के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करता है।

### रोहित श्रीवास्तव अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिए चयनित



**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** 69वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार में रोहित श्रीवास्तव, वरिष्ठ मण्डल अभियंता को उनके विशेष कार्य के लिए रेल मंत्री द्वारा Ati Vishisht Rail Seva Puraskar 2024 के लिए चयनित किया गया है। रोहित श्रीवास्तव ने रेलवे बोर्ड के पुनरुद्धार और रेलवे बोर्ड के प्रवेश द्वार पर वंदे भारत की प्रदर्शनी की स्थापना की अवधारणा और क्रियान्वयन में पूर्ण प्रतिबद्धता, समर्पण और तकनीकी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। इन्होंने रेलवे बोर्ड में गति शक्ति इकाई और वॉर रूम के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन्होंने दिल्ली किशनगंज रेलवे कॉलोनी में ?2.5 लाख के न्यूनतम आउटपुट के साथ जीर्ण स्थिति वाले 72 टाइप- I घरों का विलय करके 36 टाइप- II घर तैयार किए।

# दिल्ली के विकास के लिए ठप नीतियों को लागू करने की मांग

▶ यह लड़ाई किसानों की नहीं, बल्कि दिल्ली व देश के भविष्य को सुरक्षित करने की : भूपेंद्र बजाद

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर पर दिल्ली देहात विकास मंच (डीडीवीएम) के बैनर तले हजारों किसान, मजदूर और नागरिक एकत्र हुए। उनका मुख्य उद्देश्य मास्टर प्लान दिल्ली 2041 (एमपीडी-2041) के तहत लैंड पूलिंग पॉलिसी (एलपीपी) और ग्रीन डेवलपमेंट एरिया (जीडीए) पॉलिसी को तुरंत लागू करने की मांग करना था। यह प्रदर्शन दौलतपुर में 120 दिनों और कंझावला में सौ दिनों से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल का विस्तार है।

प्रदर्शनकारियों ने इन नीतियों में हो रही देरी के कारण हो रही आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों को उजागर किया। डीडीवीएम के नेतृत्व में कई प्रमुख नेता इस आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। इनमें दिल्ली मास्टरप्लान समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र बजाद व पालम के प्रधान राम कुमार सोलंकी प्रमुख है । एमपीडी-2041, एलपीपी और जीडीए पॉलिसी दिल्ली को एक समावेशी और टिकाऊ शहर में बदलने का ऐतिहासिक अवसर प्रदान करती हैं। इनके माध्यम से सत्रह लाख नए घर, बीस लाख नौकरियां, और दो हजार से अधिक स्कूल, अस्पताल और कॉलेज स्थापित किए जा सकते हैं। साथ ही, ग्रीन डेवलपमेंट पॉलिसी के तहत हरित क्षेत्र और जैव विविधता को बढ़ावा दिया जाएगा।

### लोगों तक संपर्क को व्यापक बनाने के लिए ट्राई ने लॉन्च की नई वेबसाइट

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी पहुंच और लोगों तक संपर्क को व्यापक बनाने के लिए सोमवार को नई वेबसाइट लॉन्च की है। ट्राई की यह वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके साथ ही यह वेबसाइट एनआईसी क्लाउड में भी उपलब्ध है। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि ट्राई ने एक नई वेबसाइट की शुरुआत की है। सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व को देखते हुए इस वेबसाइट की नई साझाकरण सुविधाएं सभी हितधारकों तक विनियामक जानकारी के प्रसार को सुगम बनाती हैं। ट्राई की नई वेबसाइट देश में दूरसंचार और प्रसारण विनियमों, नीतियों, कानूनों, सांख्यिकी और रुझानों पर व्यापक जानकारी प्रदान करती है। ये जनसाधारण, हितधारकों, शोधकर्ताओं और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने कहा कि नई वेबसाइट उपयोग में आने के बाद पुरानी वेबसाइट के साथ 3 महीने तक काम करेगी।

# उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र व राज्यमंत्री राही ने झारखंड को रोड शो के जरिए दिया महाकुंभ का निमंत्रण

समृद्धि न्यूज




**रांची/लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही ने रांची में भव्य रोड शो एवं प्रेस वार्ता का आयोजन कर झारखंडवासियों को महाकुंभ 2025 में भाग लेने का आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम तट पर होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे दिव्य, भव्य और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और सुरेश राही ने झारखंडवासियों से आग्रह किया कि वे महाकुंभ 2025 में भाग लेकर न केवल आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करें, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं को करीब से जानने का अवसर भी प्राप्त करें।

महाकुंभ 2025 को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक शौचालय बनाए गए हैं, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है, और पर्यावरण संरक्षण के लिए तीन लाख पौधे लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सात स्तरीय सुरक्षा चक्र, 2,750 सीसीटीवी कैमरे और अत्याधुनिक एआई आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत 100 बेड का अस्पताल और आईसीयू की व्यवस्था की गई है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज को सजाने के लिए पेंट माई सिटी अभियान चलाया गया है, जिसमें 35 लाख वर्गफुट क्षेत्र में वॉल पेंटिंग की गई है। तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए 101 स्मार्ट पार्किंग स्थल और 1,249 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है। डिजिटल खोया-पाया केंद्र और गूगल मैप इंटीग्रेशन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# मनरेगा योजनाओं के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता व पारदर्शिता पर सरकार का फोकस

▶ सरकार ने एरिया ऑफिसर ऐप की शुरुआत की

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन के लिए चल रही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजनाओं की सटीक निगरानी सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर रही है। सरकार के इस प्रयास के तहत एरिया ऑफिसर ऐप की शुरुआत की गई है। इस ऐप के माध्यम से मनरेगा योजनाओं के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता व पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश न केवल मनरेगा के तहत रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास में आगे है, बल्कि एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से कार्यों के निरीक्षण में यह देश भर में अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल बन रहा है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से मनरेगा योजनाओं की निगरानी को सशक्त बनाया जा रहा है। ऐप के माध्यम से निरीक्षण के दौरान अधिकारी कार्यस्थलों की तस्वीरें और अन्य आवश्यक विवरण तुरंत अपलोड करते हैं। इसके माध्यम से यह सुनिश्चित होता है कि योजनाओं के तहत हो रहे कार्य सही समय पर और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे हो रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस ऐप का उपयोग प्रभावी तरीके से किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता और कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि हो रही है। मनरेगा के अंतर्गत प्रदेश में लाखों मजदूर कार्यरत हैं। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत है। विभिन्न प्रकार के विकास कार्य जैसे तालाब निर्माण, सड़क निर्माण और वृक्षारोपण आदि चल रहे हैं। इन कार्यों की नियमित निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश ने मनरेगा योजनाओं के निरीक्षण के मामले में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश ने 1.50 लाख से अधिक निरीक्षण कर अपने निर्धारित लक्ष्य को पार किया। इस वर्ष अब तक 1.25 लाख निरीक्षण किए जा चुके हैं।

### यूपी मनरेगा निरीक्षण में अग्रणी

देशभर में उत्तर प्रदेश मनरेगा निरीक्षण में अग्रणी है। आंध्र प्रदेश दूसरे और बिहार तीसरे स्थान पर हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 99,504 निरीक्षण किये गये थे। वर्ष 2023-24 में 1.50 लाख से ज्यादा निरीक्षण किये गये थे। यह उपलब्धि सरकार के उच्च मानकों और विकास कार्यों की सटीक निगरानी की दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में मनरेगा के तहत सभी कार्य निर्धारित समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों। इसके लिए जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी नियमित रूप से बकायदा कार्यस्थलों का दौरा कर योजनाओं की प्रगति का जायजा ले रहे हैं।

### भीमराव आंबेडकर के साथ किए गए व्यवहार के लिए देश से माफी मांगे कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पार्टी को झूठा नाटक बंद कर डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ किए गए व्यवहार के लिए बिना शर्त देश से माफी मांगनी चाहिए। गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में दिए बयान के खिलाफ कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की योजना बनाई है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने इसको लेकर आज भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर हमला बोला है और कहा कि हम देश की जनता को कांग्रेस की सच्चाई भी बताएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया है। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें कानून मंत्री के पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया था और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। भाजपा के समर्थन वाली वीपी सिंह सरकार ने आखिरकार उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। वही कांग्रेस पार्टी अब उनके नाम पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रही है। कांग्रेस पार्टी को अपना पाखंड बंद करना होगा।

# मलिकराम को कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी से मिली डॉक्टरेट की उपाधि

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** देश के शीर्ष राजनीतिक रणनीतिकारों में से एक अतुल मलिकराम को उनके उल्लेखनीय योगदान और विशेषज्ञता के लिए कैलिफोर्निया पब्लिक यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा डॉक्टर ऑफ पॉलिटिकल साइंस-स्पेशलाइजेशन इन पॉलिटिकल स्ट्रैटेजी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

मलिकराम को यह उपाधि उनके विशेष शोध गइवोल्यूशन ऑफ पॉलिटिकल पार्टीज मैनिफेस्टेशन इन हिंदी हार्टलैंड आफ्टर इमरजेंसी के आधार पर दी गई। इस शोध में उन्होंने आपातकाल (1975-77) के बाद हिंदी भाषी क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के बदलते स्वरुप, उनकी विचारधारा और चुनावी रणनीतियों के बदलावों का विश्लेषण किया है। यह सम्मान नई दिल्ली के पांच सितारा जेपी सिद्धार्थ होटल में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। इस मौके पर खुशी ज़ाहिर करते हुए अतुल मलिकराम ने कहा, यह सम्मान मेरे लिए न केवल गर्व का विषय है, बल्कि यह मुझे राजनीतिक रणनीति के क्षेत्र में और अधिक समर्पण व नए विचारों के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। मेरी यह उपलब्धि उन सभी सहयोगियों को समर्पित है, जिन्होंने मेरे साथ मिलकर इस यात्रा को संभव बनाया। मलिकराम को भारतीय राजनीति में एक कुशल रणनीतिकार के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने विगत लोकसभा चुनाव में एनडीए के 294 सीटें जीतने के विश्लेषण से लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीजेपी में शामिल होने, भूपेश बघेल के छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनने और हरियाणा के हालिया विधानसभा चुनाव में बीजेपी की वापसी तक जैसी कई सटीक गणनाओं के जरिये अपनी दूरदृष्टि और गहन विश्लेषणात्मक क्षमता का परिचय दिया है।